YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-58 | बुधवार, 27 मार्च 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

घमंडिया गठबंधन के तीन लक्ष्य हैं, पहला - प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को गाली देना, दूसरा - नारी शक्ति का अपमान करना और तीसरा - देश की संस्कृति का अपमान करना।

विनोद तावड़े

कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल 11

उत्तराखंड : हर रंग में रंगी युवाओं की टोली, जमकर खेली होली 12

संक्षेप

बसपा ने उत्तराखंड की पांच सीटों के लिए घोषित किए उम्मीदवार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड राज्य की पांच सीटों के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा की है। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम की ओर से मंगलवार को यह सूची जारी की गई। टिहरी गढ़वाल से नीम चंद्र छुरियाल, पौड़ी गढ़वाल से धीर सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से नरायण राम, नौनीताल उधमसिंह नगर से अख्तर अली माहीगिर और हरिद्वार से जमील अहम को उम्मीदवार बनाया है।

आजम खां ने किया रामपुर चुनाव के बहिष्कार का निर्णय

लखनऊ। सपा नेता आजम खान ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि रामपुर के मौजूदा चुनाव के बारे में सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव फैसला लें और खुद ही चुनाव लड़ें। आजम खान की ओर से एक पत्र सपा के रामपुर जिलाध्यक्ष अजय सागर ने जारी किया है। इसमें आजम खां ने कहा, पहले चरण में ही रामपुर का चुनाव है। पिछले दो उपचुनावों में जो कुछ हुआ उसे पूरी दुनिया अच्छी तरह जानती है। रामपुर की ऐसी विशेष परिस्थितियों के कारण लोकसभा के वर्तमान चुनाव में हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रामपुर से चुनाव लडने का आग्रह किया था। हमारा विचार था कि इन हालात में राष्ट्रीय अध्यक्ष का रामपुर से चुनाव लडना आवश्यक है। हम समझते है कि कन्नौज, आजमगढ़, बदायू, मेनपुरी, ऐटा, फिरोजाबाद महत्वपूर्ण सीटे है जिनका जीतना जरूरी है । इस सबके बाद रामपुर आता है रामपुर कौन जीतेगा?'

कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली। पंजाब में लुधियाना से कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए और उन्होंने पंजाब के किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, नौजवानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के मिशन से जोड़ने का संकल्प लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पार्टी में चुनाव समिति के प्रमुख ओम पाठक और राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने श्री बिट्टू को सदस्यता पर्ची सौंपी तथा गुलदस्ते के साथ अंगवस्त्र पहना कर भाजपा में उनका स्वागत किया। ऐसा अनुमान है कि श्री बिट्टू लुधियाना से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। श्री तावड़े ने कहा कि श्री बिट्टू के दादाजी सरदार बेअंत सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। अब वह श्री मोदी की विकसित भारत की यात्रा को पंजाब में आगे ले जाने के लिए आए हैं। विश्वास है कि पंजाब में भाजपा को मज़बूत करने में वह अपना दायित्व मजबूती से निभाएंगे।

सख्त कानून-व्यवस्था के साथ विकास को रफ्तार

योगी सरकार के सात साल पूरे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करने वाली योगी सरकार सोमवार को अपना सातवां साल पूरा कर रही है। सत्ता संभालते ही कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का ऐलान कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो एक नई राह पकड़ी उससे उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान मिली। 'वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहे इस प्रदेश को आज देश के 'ग्रोथ इंजन के रूप में देखा जाने लगा है।

बीते सात वर्षों में प्रदेश में हुए कार्यों की बदौलत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आज न सिर्फ पूरे देश में चर्चा हो रही है, बल्कि कई मामलों में उनकी मिसाल दी जाने लगी है। अपराधियों और उनके आर्थिक साम्राज्य के खिलाफ सख्त कार्रवाइयों ने 'बुलडोजर को पूरी दुनिया में चर्चा में ला दिया। इन सात वर्षों में 194 कुख्यात अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए तो उनकी 14 हजार करोड़ से अधिक की संपत्तियों को अकेले पुलिस ने या तो जब्त किया या ध्वस्त कर दिया। प्रदेश स्तर पर चिह्नित 68 माफिया अपराधी और उनके गैंग के सदस्य तो पूरी तरह तबाह हो

- संगठित अपराध का खात्मा कर ढहाया अपराधियों का साम्राज्य
- सरकार की कार्यशैली से प्रदेश को दिलाई नई पहचान

गए। इन चिह्नित अपराधियों और उनके गैंग की ही 3800 करोड़ की संपत्तियां जब्त हो चुकी हैं। योगी सरकार ने शिक्षा से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और बेहतर कनेक्टिविटी के जरिए भी विकास का नया आयाम गढ़ा। सात वर्षों में तीन नए राज्य विश्वविद्यालय ● शेष पेज 11 पर

जनता के हर सपने को साकार करने में जुटी है सरकार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 7 वर्ष का कार्यकाल सोमवार को पूरा कर लिया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेश की जनता का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को आज 7 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन 7 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता प्राप्त हुई है। यह 7 वर्ष 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के सृजन को समर्पित रहे हैं। लोक-कल्याण के पथ पर चलते हुए डबल इंजन सरकार प्रदेश वासियों के हर सपने को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता-जनार्दन और सभी सहयोगियों का सहयोग-समर्थन के लिए आभार।

मुख्यमंत्री आज मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से शुरू करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन

लखनऊ। लोकसभा आम चुनावों की घोषणा के बाद अब बुधवार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह सक्रिय नजर आएंगे। चुनावी रैलियों से पहले सीएम योगी प्रदेश में प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिए अलग-अलग जनपदों में प्रबुद्ध लोगों से वार्तालाप करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से होने जा रही है, जहां पहले कुछ चरणों में चुनाव भी होने वाला है। 31 मार्च तक प्रस्तावित इन सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोगों से संवाद कर चुनावों से पूर्व भाजपा के लिए चुनावी जमीन तैयार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 से 31 मार्च तक यानी 5 दिनों में 15 जनपदों को कवर करेंगे। उनके प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत बुद्धवार 27 मार्च को मथुरा, मेरठ और गाजियाबाद से होगी, जहां वह गणमान्य लोगों के साथ ही आम लोगों से भी संवाद स्थापित करेंगे। इसके अगले दिन यानी गुरुवार 28 मार्च को मुख्यमंत्री का ● शेष पेज 11 पर

वरुण, संघमित्रा, संतोष, वीके सिंह को नहीं मिला टिकट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को लोकसभा प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी। इस सूची में यूपी के 13 प्रत्याशी शामिल है। भाजपा ने बड़ा बदलाव करते हुए मौजूदा नौ सांसदों के टिकट काट दिए हैं। इसमें वरुण गांधी, संतोष गंगवार, संघमित्रा मौर्य और जनरल वीके सिंह जैसे दिग्गज शामिल हैं। प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों, एक विधायक और एक क्षेत्रीय अध्यक्ष को टिकट दिया गया है। वहीं बहराइच से मौजूदा सांसद अक्षयवर लाल गोंड के बेटे पर पार्टी ने दांव लगाया है। वहीं हारी हुई सहारनपुर और मुरादाबाद सीट पर पार्टी ने पुराने चेहरों पर ही फिर दांव लगाया है।

भाजपा ने अपनी पहली सूची में 51 प्रत्याशी घोषित किए थे। इनमें 44 जीती हुई सीटों पर सभी मौजूदा सांसदों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया था। जबकि हारी हुई सात सीटों में से भी तीन चेहरे रिपीट किए गए थे। फिर जारी तीन सूचियों में यूपी की कोई सीट शामिल नहीं थी। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में दिल्ली में हुई केंद्रीय चुनाव समिति में प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए थे। रविवार रात जारी सूची में यूपी की 13 सीटें शामिल थीं। अभी दर्जनभर सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है।

केंद्रीय नेतृत्व की नापसंद कई सीटों पर साफ दिखाई दी। पीलीभीत से पार्टी ने वरुण गांधी का टिकट काट दिया है। जबकि सुल्तानपुर से उनकी मां मेनका गांधी को उम्मीदवार बनाया गया है। वरुण की जगह प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन

- भाजपा ने घोषित किए 13 प्रत्याशी, नौ सांसदों के टिकट कटे
- प्रदेश सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद व अनूप वाल्मीकि और दो पूर्व मंत्रियों पर दांव, टिकट वितरण में संगठन को भी तरजीह, ब्रज के क्षेत्रीय अध्यक्ष को उतारा

बाराबंकी में प्रत्याशी बदला



भाजपा ने पहली सूची में बाराबंकी से मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत को दोबारा प्रत्याशी घोषित किया था। मगर उनके नाम की घोषणा होते ही एक अश्लील वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद से इस सीट पर टिकट बदले जाने की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। अब पार्टी ने इस सीट से पूर्व विधायक राजरानी रावत को प्रत्याशी बनाया है। वहीं हारी हुई सहारनपुर सीट से पुराने चेहरे राघव लखनपाल और मुरादाबाद से सर्वेश सिंह को फिर उम्मीदवार घोषित किया गया है।

प्रसाद को उतारा गया है। बरेली सीट से आठ बार के सांसद संतोष गंगवार भी इस बार टिकट नहीं पा सके। उनकी जगह योगी-1.0 में राज्यमंत्री रहे छत्रपाल गंगवार को टिकट दिया ● शेष पेज 11 पर

बीआरएस नेता कविता नौ तक न्यायिक हिरासत में

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (जो बात में रद्द कर दी गई) में कथित घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता को मंगलवार को नौ अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद रिश्वतखोरी के इस मामले में कथित रूप से शामिल सुश्री कविता को राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया गया। इससे पहले इसी अदालत ने उन्हें 16 मार्च को दो सप्ताह की ईडी की हिरासत में पूछताछ के लिए भेज दिया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 46 वर्षीया विधान पार्षद कविता को 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। विधान पार्षद कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 के लिए उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीती) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथितअनियमिताओं का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को मुकदमा दर्ज किया था। ईडी ने दावा किया था कि सुश्री कविता और कुछ अन्य लोगों ने शराब नीति में लाभ पाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं के साथ 'साजिश' रची थी।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होंगे आईपीएल के सात मैच

लखनऊ। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आईपीएल का शेड्यूल जारी कर दिया है। यहां आईपीएल के मैचों का आगाज 30 मार्च से होगा। गोमतीनगर शहीद पथ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इकाना अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सात मैच खेले जाएंगे। यहां पहला मैच 30 मार्च को लखनऊ और पंजाब के बीच होगा। 7 अप्रैल को गुजरात, 12 अप्रैल को दिल्ली, 19 अप्रैल को चेन्नई, 27 अप्रैल को राजस्थान, 30 अप्रैल को मुंबई और 5 मई को कोलकाता के साथ लखनऊ का मैच होगा। हैदराबाद और बेंगलुरु के साथ इस बार लखनऊ में मैच नहीं होगा। इससे आरसीबी व कोहली के फैंस में निराशा है। अधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद पूरा शेड्यूल जारी किया गया है। इकाना में मैच संबंधी तैयारियां आखिरी दौर में हैं। खिलाड़ियों के ठहरने से लेकर यातायात की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का खाका भी तैयार किया जा रहा है।

मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित रेखा पात्रा से की बात

तुम शक्ति स्वरूपा हो...

एजेंसी

कोलकाता। 2024 लोकसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल की बशीरहाट सीट से चुनाव लड़ रही रेखा पात्रा को पीएम नरेंद्र मोदी ने 'शक्ति स्वरूपा' कहा है। संदेशखाली की पीड़ितों में शामिल रेखा पात्रा को बीजेपी ने पांचवी सूची में बशीरहाट से टिकट दिया है। रेखा पात्रा को टिकट मिलने के बाद बशीरहाट में गुमनाम पोस्टरों के साथ कुछ महिलाओं ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया था। पीएम मोदी ने इस बीच रेखा पात्रा से बात की और 'शक्ति स्वरूपा' बताया। रेखा पात्रा संदेशखाली की उन महिलाओं में शामिल हैं। जो टीएमसी ने शाहजहां शेख के आतंक से प्रभावित थी। रेखा पात्रा शाहजहां शेख के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली महिलाओं में शामिल हैं। उन्होंने पीएम की बारासात रैली में उनसे मुलाकात भी की थी। पार्टी ने अब रेखा पात्रा को बशीरहाट से उम्मीदवार बनाया है। संदेशखाली का इलाका बशीरहाट में ही आता है। पीएम मोदी ने रेखा पात्रा से बातचीत में चुनाव को लेकर तैयारियों पर बात की। रेखा पात्रा ने पीएम मोदी को डिटेल में जानकारी दी। पीएम मोदी ने बातचीत के दौरान रेखा पात्रा के हौसले को बढ़ाते हुए उन्हें शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया। 2019 में बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र से टीएमसी की जीत मिली थी। तब पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर बंगाली फिल्म अभिनेत्री नुसरत जहां से जीत हासिल की थी। पार्टी ने इस बार नुसरत जहां को टिकट नहीं दिया है। उनके स्थान पर हाजी नुरुल इस्लाम को टिकट दिया है।

भाजपा-रालोद के प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी बुधवार को नामांकन करेंगे। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बिजनौर लोकसभा से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान, नगीना (सुरक्षित) सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार, सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, रामपुर से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी बुधवार को नामांकन करेंगे। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, दोनों उपमुख्यमंत्री सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के नामांकन में शामिल होंगे। वहां वे नामांकन सभा को संबोधित करेंगे जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी बिजनौर लोकसभा ● शेष पेज 11 पर

महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इस महाआयोजन के लिए करोड़ों भक्तों के प्रयागराज पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 2022 में दोबारा सत्ता संभालते ही प्रयागराज में पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में सरकार महाकुंभ और महाकुंभ से इतर यहां 384 विकास परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इसके तहत सरकार अब तक शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 2228 करोड़ रुपए जारी भी कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ से संबंधित 284 प्रोजेक्ट्स के लिए 4462 रुपए से ज्यादा का फंड स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष शुरू हो चुके 170 प्रोजेक्ट्स के लिए करीब 1540 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं तो वहीं,महाकुंभ से इतर चल रहे 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स के लिए योगी सरकार ने 3057 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की थी, जिसमें शुरू हो चुके 80 प्रोजेक्ट्स के लिए 688 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी हो चुकी है।

- महाकुंभ क्षेत्र के साथ-साथ क्षेत्र के बाहर भी बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट की शुरुआत
- टूरिज्म और यात्री सुविधाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट कार्य प्रगति पर
- कुल 384 प्रोजेक्ट्स के लिए 7500 करोड़ रुपए की धनराशि हो चुकी है स्वीकृत
- शुरू हो चुके 250 प्रोजेक्ट्स के लिए 1540 करोड़ रुपए की धनराशि की जा चुकी है जारी

कुंभ को लेकर कुल 14 विभागों के प्रोजेक्ट कार्य चल रहे हैं। इसमें पर्यटन



विभाग के 5 प्रोजेक्ट भी हैं। इनमें 3 की शुरुआत हो चुकी है, जिसके लिए प्रस्तावित 28 करोड़ के बजट के एवज में 8.64 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। इसी तरह इरीगेशन डिपार्टमेंट के सभी 8 प्रोजेक्ट्स के लिए प्रस्तावित 250 करोड़ में से करीब 90 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा चुके हैं। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत 42 प्रोजेक्ट्स के लिए 175 करोड़ रुपए,यूपी ब्रिज के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 255 करोड़ रुपए, पीडब्ल्यूडी के 41 प्रोजेक्ट के लिए 320 करोड़ रुपए, हेल्थ एंड वेलफ़ेयर डिपार्टमेंट के 17 प्रोजेक्ट्स के लिए 29 करोड़ रुपए, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के 4 प्रोजेक्ट्स के लिए 13.33 करोड़ रुपए,मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 11 प्रोजेक्ट्स के लिए 31.20 करोड़ रुपए, यूपीपीसीएल के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 196 करोड़ रुपए, प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 29 प्रोजेक्ट्स हेतु 103 करोड़, यूपी जल निगम के 15 प्रोजेक्ट्स के लिए 86 करोड़, यूपीएसआरटीसी के 7 प्रोजेक्ट्स हेतु करीब 8 करोड़ रुपए और प्रयागराज मेला अथॉरिटी के तहत 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 223.53 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। वहीं गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से संबंधित 5 प्रोजेक्ट्स के लिए 107 करोड़ से ज्यादा का फंड स्वीकृत है। अभी डीपीआर की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद धनराशि जारी की जाएगी। महाकुंभ के अतिरिक्त भी प्रयागराज को पर्यटन और यात्रियों की ● शेष पेज 11 पर

सभी क्षेत्र वासियों को रंगों के पावन पर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई

पंकज सिंह

प्रधान प्रतिनिधि

ग्रामसभा ब्राह्मणी बहादुरपुर

जिला अमेठी

मो.न. 9918131111

प्रेम रस में सराबोर उत्तर प्रदेश, गले मिल कर दी होली की बधाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। रंगो का त्योहाल होली सोमवार को समूचे उत्तर प्रदेश में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

लोगों ने गले मिल कर अबीर गुलाल और मीठी गुझियों के साथ एक दूसरे को होली की बधाई दी और फिल्मी गानो की धुन पर जमकर डांस कर रंगोत्सव का भरपूर लुफ्त उठाया। बुंदेलखंड के हमीरपुर,महोबा,झांसी,बांदा और चित्रकूट के ग्रामीण क्षेत्रों में फाग गाती हुयी टोलियां निकली जिनका स्वागत लोगों ने रंग भरी पिचकारी और अबीर गुलाल से किया।

कान्हानगरी मथुरा में ब्रज का कोना कोना अबीर गुलाल की बारिश से इंद्रधनुषी नजर आया वहीं रामनगरी अयोध्या में लोगों ने अबीर गुलाल से ऋतु परिवर्तन का स्वागत किया। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, देवरिया, गोरखपुर समेत समूचे राज्य में जम कर होली खेली गयी। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम रहे। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रंगोत्सव के अवसर पर आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। इससे पहले वह रविवार शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा में शामिल हुए जबकि मंगलवार को वह घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। होली के मौके पर सैफई में यादव परिवार एक साथ नजर आया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव,राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव और प्रो रामगोपाल यादव ने लोगों से मुलाकात कर उन्हे होली की शुभकामनायें दी और साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवाद को जिताने की संकल्प लिया। चुनावी मौसम में होली के बहाने विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा घोषित प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं से नजदीकियां बढाते दिखे और लोकसभा चुनाव में समर्थन की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,मुख्य विपक्षी दल सपा के नेता अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने प्रदेश की जनता को रंगोत्सव की बधाई प्रेषित की है।

नशे और रफ्तार से होली हुयी बदरंग, 24 मरे

लखनऊ। रंगों के त्योहार होली में सोमवार को अलग अलग सड़क हादसों में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी वहीं नशेबाजी के चलते हुये विवाद में एक महिला समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सड़क हादसों में मिर्ज़ापुर में चार,संभल और मथुरा में तीन तीन , रायबरेली,बलिया,कौशांबी ,बाराबंकी और जौनपुर में दो दो और भदोही मे एक व्यक्ति की मौत हो गयी वहीं नशेबाजी में हुये विवाद में आगरा में एक युवक की पत्थर लगने से मौत हो गयी जबकि जौनपुर में डीजे पर डांस करने को लेकर हुयी मारपीट में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी और नौ घायल हो गये। प्रतापगढ में दो भाइयों के विवाद में एक महिला की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी। रायबरेली से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ऊंचाहार क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार चाचा धीरज (36) और भतीजे राजकुमार (20) की मौत हो गई। दोनो रिश्तेदारी में होली मिलने ऊंचाहार जा रहे थे कि सवैया तिराहे के पास तेज़ रफ़्तार ट्रक की चपेट में आकर हादसे का शिकार बन गये। संभल जिले के रजपुरा क्षेत्र में सोमवार को दो कारों में आमने सामने की टक्कर में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गये। बलिया जिले के सुखपुरा क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार राहुल बासफोर (18) और सुशील गुप्ता (19) की मौके पर ही मौत हो गई । पुलिस के अनुसार दोनों ही युवक अत्यधिक नशे में थे जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में पोस्ट आफिस मोहल्ला निवासी सनोज यादव उर्फ नाटे(38) और इसी मोहल्ला के दिलीप यादव (30) आज दोपहर बाद क्षेत्र के सफीपुर रिश्तेदारी मे होली मिलने गए थे। वापस लौटते समय गुरैनी बाजार में सामने से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को सीधे टक्कर मार कर फ़रार हो गया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। बाराबंकी के रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को दो मोटसाइकिलों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग पर दयारामपुरवा गाँव के निकट दो मोटरसाइकिलो की आमने सामने की टक्कर हो गयी। इस हादसे में गोविंद विश्वकर्मा (30) और रंजीत (32) की मौत हो गयी जबकि शिवमगन (28), सोनू (32) व धर्मेंद्र (18) गम्भीर रूप से घायल हो गए। कौशांबी जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम अनियंत्रित बाइक के विद्युत पोल से टकराने से उसमे सवार दो लोगो की मृत्यु हो गई। महेवा घाट क्षेत्र के सरसावागांव निवासी विजय कुमर अपने रिश्तेदार दीपक के साथ बाइक से सरसवां गांव से सैयद सरावां जा रहा था कि कादीपुर गांव में ससुर खदेरी नदी के पास बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। इस दुर्घटनामें विजय कुमर (36) की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दीपक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई जहां उसकी भी मृत्यु हो गई। मिर्ज़ापुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में सोमवार रात एक ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक मंजरी के अनुसार रीवां-चुनार राजमार्ग पर स्थित समोगरा गांव के पास एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार चार युवक गलत दिशा से जा रहे थे कि इस बीच एक ट्रक ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल राकेश कुमार सिंह (24),सोनू प्रजापति (20),पवन प्रजापति (20) और विकास प्रजापति (22) को अस्पताल भिजवाया , जहां चारों की मृत्यु हो गई। भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रामबाग रेलखंड के अहिमनपुर (नटवा) रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

शोक-संताप नहीं, उत्साह और उमंग में विश्वास करता है सनातन धर्म :योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सनातन धर्म शोक.संताप में नहीं बल्कि उमंग और उत्साह में विश्वास करता है और होली का पर्व इसी का संदेश देता है।

योगी ने मंगलवार को होली के पवित्र पर्व पर गोरखपुर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पर्व में समरस समाज की स्थापना का भाव निहित है तो साथ ही यह संदेश भी है कि सनातन धर्म सह अस्तित्व में वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे संतु निरामया में विश्वास करता है। उन्होंने सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व उत्साह और उमंग का है। उत्साह और उमंग सुरक्षित, सुखी और समृद्ध समाज में होता है। हमारा समाज सुरक्षित और समृद्ध है इसीलिए हम सभी उत्साह और उमंग से होली की हजारों वर्षों पुरानी परम्परा को मनाने के साथ अपनी इस विरासत के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पर जब भी कोई संकट आया, समाज में दुष्प्रवृत्तियां बढ़ीं तो कोई ना कोई ईश्वरीय अवतार भी हुआ है और दुष्प्रवृत्तियों को दूर कर समाज आगे बढ़ता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्यौहार समतामूलक और समरस समाज की स्थापना का भी संदेश है। आपसी बैरभाव को समाप्त कर, सत्य.न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम समाज को शक्तिशाली बना सकते हैं। जहां विभाजन होगा वहां समाज शक्तिशाली नहीं हो सकता। योगी ने कहा कि इस बार की होली पर उत्साह और उमंग एक नई ऊंचाई पर है। अयोध्या में 495 वर्ष बाद रामलला ने भी होली खेली और आशीर्वाद व कृपा लोगों पर बरसाई। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि बीमार व्यक्तियों को और जो मना करे उसे रंग न लगाएं और साथ ही नब्बे वर्ष से अधिक समय से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की। लोगों को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान

नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ फूल, रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर फूल की पंखुड़ियां, अबीर, गुलाल पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक रमेश जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा तथा कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म, गुलाल लगाकर गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर में स्थित भीम सरोवर के पास बतखों को भी दाना खिलाया।

मुख्यमंत्री योगी के होलिकोत्सव की शुरुआत मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म ,सम्मत की राख की पूजा की और आरती उतारी। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने भी उन्हें तिलक लगाकर होली की मंगलकामना की। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित किया। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया और सबको होली की बधायी दी। होली के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदिर की गोशाला पहुंचे और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाकर उनके लिए भी मंगलकामना की। उन्होंने गोवंश को गुड़ और दूध रोटी खिलाकर उनकी सेवा की। गोशाला में मुख्यमंत्री की आवाज सुनकर गोवंश उनके पास दौड़ते हुए चले आए। मुख्यमंत्री ने माथा व गर्दन सहलाकर सभी गोवंश को खूब दुलार भी किया। मंगलवार सुबह अपनी दिनचर्या के दौरान मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर परिसर के भीम सरोवर के पास पहुंचे। यहां उन्होंने सरोवर किनारे टहल रहे बतखों को दाना खिलाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रंगोत्सव के खास और विरासतपूर्ण आयोजनों में शामिल होने के सिलसिले में योगी पिछले रविवार से गोरखपुर प्रवास पर हैं ।

अरुण पाठक ने डेरापुर में मनाया होली मिलन समारोह

कानपुर देहात। 41 इटावा लोकसभा क्षेत्र के सिकंदरा विधानसभा के अंतर्गत नगर पंचायत डेरापुर में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मुनेश शुक्ला जी , मुख्य अतिथि एम एल सी विधायक माननीय श्री अरूण पाठक जी ने चुनाव पर चर्चा की और कार्यकताओं को गुलाल लगा कर रंगोत्सव के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी? जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह चौहान जी, महेश सिंह भदौरिया जी, सांसद प्रतिनिधि अरविंद कठेरिया जी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बाल जी शुक्ला,जिला कार्यासमि,राम किशोर पांडेय ,ब्लाक प्रमुख मीनू तिवारी , सिठमरा मंडल अध्यक्ष अवधेश कमल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवनारायण बाजपेई , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राज अगिनहोत्री , अभिषेक तिवारी , गिरीश मिश्रा , कपिल शुक्ला , प्रेमनारायण मिश्रा , अखिलेश सिंह राजावत, कुलदीप कमल, राघव सिंह गौर,रविन्द्रनाथ मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, दौलतराम कटियार, मंडल महामंत्री विनीत त्रिवेदी, गोविंद सिंह, सुधांशु चतुर्वेदी,आदि लोग उपस्थित रहे।

बनारसी, बिजली, पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन

वाराणसी। हर घर सोलर योजना में उत्तर प्रदेश में वाराणसी अव्वल चल रहा है। काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए सरकार महाभियान चला रही है। जिससे आपके पैसे और बिजली दोनों की बचत हो ,साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके। सरकार के इस अभियान में जनता का जबर्दस्त रुझान दिख रहा है। हर घर सोलर योजना के अंतर्गत 25000 कनेक्शन के सरकार के लक्ष्य को पार करते हुए ढाई महीने में ही 28 हज़ार से ज्यादा लोगो ने सोलर रूफटाप आनग्रिड सिस्टम के लिए रजिस्ट्रेटशन करा लिया है। जिससे उपभोक्ताओं को 31 लाख रूपये से ज्यादा की बचत हो रही है। बनारसी बिजली,पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर चल रहे हैं। सरकार की हर घर सोलर योजना काशी में परवान चढ़ रही है। बिजली की बचत के साथ-साथ सरकार आपके पैसे बचने की योजना पर काम कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम योजना में वाराणसी उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर है। वाराणसी में हर घर सोलर योजना में 25000 घरों में सोलर रूफटाप ऑन ग्रिड सिस्टम का लक्ष्य था ,जिसके सापेक्ष 28,423 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 1045 लोगों के घरों में सौर ऊर्जा से बिजली जलने लगी है। सोलर योजना का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं को 4,7,0250 यूनिट की बचत हुई है। जिससे अब तक 31 लाख 35 हज़ार रुपयों की बचत हुई है।

बम की सूचना पर जंघई में रोकी गई कामायनी एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के अंतर्गत जंघई रेलवे स्टेशन पर बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई जा रही कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की अफवाह पर सनसनी फैल गई। सराय ममरेज पुलिस स्टेशन सूत्रों ने बताया कि 11072 कामायनी एक्स्प्रेस में किसी बोगी में एक बैग के अंदर विस्फोटक होने की सूचना आरपीएफ कन्ट्रोल रूम को मिली थी। ट्रेन जैसे ही लगभग छह बजे वाराणसी-प्रयागराज रूट पर जंघई स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस पहुंची रोक कर आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने ट्रेन को घेर लिया।उसके एक एक कोच तलाशी ली गयी। उन्होंने बताया कि मीरगंज और सराय ममरेज थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन में यात्रियों को नही चढने दिया गया और न ही किसी को ट्रेन से उतरने दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने पूरी ट्रेन की तलाशी ली गयी। संदिग्ध अवस्था में कोई बैग नही मिला है । तलाशी के बाद करीब रात नौ बजे जंघई स्टेशन से रवाना किया गया।

सात साल की बालिका के साथ दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में सदर क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को शौचक्रिया के लिए खेत पर गई सात वर्षीय बालिका के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। इस दौरान मां के खेत पर पहुंचने और शोर मचाने से ग्रामीणों ने दौड़कर आरोपी राजेश को पकड़ लिया। घटना की सूचना पर सीओ सिटी एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बालिका को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहा यह जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बालिका शौचक्रिया के लिए खेतों पर गई हुई थी। उसी समय ईंट भट्ठा पर काम करने वाले लगभग 26 वर्षीय राजेश ने बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी को घटना को कारित करते बालिका की मां ने देख लिया?। उसके चिल्लाने पर काफी लोग आ गये और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने गांव जाकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। वादी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर सी-विजिल ऐप की रहेगी पैनी नजर : रविंद्र कुमार

एजेंसी

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में यदि कोई राजनीतिक दल व प्रत्याशी वोटरों को रिझाने के लिए पोस्टर बैनर, होर्डिंग, वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आचार संहिता का उल्लंघन करेगा तो वह आसानी से पकड़ में आ जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे मामलों में सी-विजिल एप के माध्यम से 100 मिनट के अंदर त्वरित एवं तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मांदड़ ने आज यह जानकारी देते हुए यूनीवार्ता को बताया कि जौनपुर या मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के किसी शहरी अथवा ग्रामीण व्यक्ति को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग अथवा वॉल पेंटिंग या अन्य किसी माध्यम से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हैं, तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए सी-विजिल एप (सिटीजन ऐप) को अपने एंड्रायड मोबाइल में प्ले स्टोर में जाकर अपलोड कर शिकायत कर सकता है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर व्यक्ति सी-विजिल एप ओपेन कर एक फोटो या वीडियो रिकॉर्ड करेगा। यह फोटो जीपीएस के ऑटोमैटिक लोकेशन मैपिंग के साथ एप पर अपलोड करेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक यूनिक आईडी आएगी, इसकी मदद से वह आगे की प्रक्रिया को अपडेट कर सकेगा। ऑनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहां पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है। उन्होंने कहा कि नजदीकी फ्लाइंग स्क्वायड दल मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

बसपा के लिये जनाधार बढ़ाने का भी इम्तिहान होगा लोकसभा चुनाव

एजेंसी

सहारनपुर। दलित राजनीति की बदौलत चार बार उत्तर प्रदेश में सरकार बना चुकी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिये मौजूदा लोकसभा चुनाव जनाधार बढ़ाने के लिहाज से भी कड़ा इम्तिहान साबित होगा।

बसपा ने अभी तक अपने 25 उम्मीदवारों की घोषणा की है, उन्होंने जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं उसमें उनकी चिंता अपने गिरते वोट बैंक को रोकने और अपने जनाधार में वृद्धि करने की झलक साफ दिखाई देती है।

बसपा प्रमुख मायावती ने अपने कई मौजूदा सांसदों के टिकट काट दिए हैं, जिनमें सहारनपुर के लोकसभा सदस्य फजर्लुरहमान कुरैशी का नाम मुख्य रूप से शामिल है। पिछले तीन चुनावों में उनका मत प्रतिशत लगातार गिर रहा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने 10 सीटों के साथ 19.43 फीसद वोट पाया था। तब उनका सपा से गठबंधन था लेकिन 2022 के विधान सभा चुनावों में उन्होंने 12.9 फीसद वोट पाए। उत्तर प्रदेश के करीब तीन करोड़ दलित मतदाताओं में से तब उन्हें एक करोड़ 73 हजार 137 वोट मिले थे और उनका एक विधायक ही चुनाव जीत पाया था। 2017 के विधान सभा चुनावों में बसपा को 22.23 फीसद यानि एक करोड़ 92 लाख 81 हजार 340 मत प्राप्त हुए थे और 19 सीटें मिली थीं। पार्टी का मुख्य जनाधार दलित वोट बैंक है और दलितों में भी जाटव वर्ग बसपा का काडर वोटर है। 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामाजिक समीकरणों का ठीक से ध्यान रखा है और जैसे कि आशंका थी कि मायावती के उम्मीदवार भाजपा या एनडीए को लाभ पहुंचाने वाले हो सकते हैं उसके उलट उम्मीदवारों का चयन कर मायावती ने भाजपा हिमायती होने की छवि को ध्वस्त कर दिया है। मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पहले चरण में 19 अप्रैल को होने वाली आठ सीटों में से केवल तीन सीटों सहारनपुर से माजिद अली, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी और रामपुर से जीशान खान समेत तीन ही उम्मीदवार मुस्लिम उतारे हैं। जबकि कैराना लोकसभा सीट पर उन्होंने राजपूत बिरादरी के श्रीपाल सिंह राणा को उम्मीदवार उतारकर राजपूतों की नाराजगी को भुनाने का काम किया है। बसपा ने बिजनौर लोकसभा सीट पर जाट बिरादरी के उम्मीदवार चौधरी बीरेंद्र सिंह को टिकट दिया है और मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर अति पिछड़ा समाज के दारा सिंह प्रजापति को उम्मीदवार बनाया है। मुस्लिम बहुल कैराना और मुजफ्फरनगर दोनों सीटों पर बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार ना होने का फायदा कैराना में सपा की इकरा हसन और मुजफ्फरनगर में सपा के हरेंद्र मलिक को मिल सकता है।

12 किलो 630 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। थाना सिकन्दरा पुलिस, स्पेशल टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही से एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से 12 किलो 630 ग्राम गांजा बरामद किया है बताते चलें कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेन्ज कानपुर, कानपुर, जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना सिकन्दरा पुलिस, स्पेशल टीम व सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर दिनांक 25.03.2024 को समय 11.30 बजे अभियुक्त ऊधव राजपूत पुत्र स्व0 सोबरन निवासी ग्राम महाबलीपुर थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज उम्र करीब 29 वर्ष को सूर्या ओवर ब्रिज के नीचे हाइवे से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से 12 किलो 630 ग्राम गांजा बरामद किया है पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 064/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायलाय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है.... उपरोक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी करने में

प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात, निरीक्षक अपराध देवेन्द्र कुमार सिंह थाना सिकन्दरा,निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह प्रभारी स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, उ0नि0 भारत सिंह प्रभारी स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, उ0नि0 चरण सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात, हे0का0 124 ध्यानेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात, हे0का0 760 अजीत सिंह सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात, हे0का0 685 चन्द्रप्रकाश स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, का0 1059 अकरम सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात, का0 896 कपिल कुमार सर्विलांस सेल जनपद कानपुर देहात, का0 18 मुकेश कुमार स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, का0 1206 प्रहलाद सिंह स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, का0 172 रविन्द्र रावत स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, का0 761 अलोक सिंह स्पेशल टीम जनपद कानपुर देहात, का0 645 धीरज सिंह थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात, का0 1124 अनिल कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात, का0 611 नीरज कुमार थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात, अनुचर रवि कुमार जनपद कानपुर देहात का सराहनीय योगदान रहा।

समान अनुपात में परिषदीय शिक्षकों की लगे चुनाव ड्यूटी

कानपुर देहात। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन (पीएसपीएसए) ने लोकसभा चुनाव में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी सभी विभागों के समान अनुपात में लगाने की मांग की है। संगठन की ओर से केंद्रीय निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर मतदान सामग्री जमा करने के समय होने वाली अव्यवस्था पर भी रोक लगाने के लिए व्यवस्था करने को कहा है। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि पिछले कई चुनाव में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी अधिक संख्या में लगाई गई है। एक महीने से परिषदीय शिक्षक बोर्ड परीक्षा करा रहे थे। अब उनकी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाएगी जिससे विद्यालयों में पठन-पाठन और प्रभावित होगा इसलिए चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी सभी विभागों से समान अनुपात में लगाई जाए।

चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। थाना मूसानगर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की गयी 04 अदद मोटर साइकिल व सफ़ेद कपडे में 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया है।

बताते चलें कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेन्ज कानपुर, कानपुर जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, चेकिंग के दौरान थाना मूसानगर पुलिस ने 01 नफर अभियुक्त रंजीत दिवाकर उम्र 26 वर्ष पुत्र राजकुमार दिवाकर निवासी ग्राम तुर्कीमऊ थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को मय चोरी की गयी 01 अदद मोटरसाइकिल 1.मोटर साइकिल नं0 ठघ 78 क्ड 9480 हीरो पैशन प्रो काली रंग की व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ बिबियापुर मोड घाटमपुर बॉर्डर मुगल रोड थाना मूसानगर से गिरफ्तार कर लिया तथा अभियुक्त से पूछताछ के दौरान अभियुक्त की निशानदेही सनाया सालवान के जंगल थाना मूसानगर से 03 अदद मोटरसाइकिल (1.मोटरसाइकिल नं0 ठघ78 क्ङ 9660 .मोटरसाइकिल नं0 ठघ78 एङ 9881 बजाज डिस्कवर 100 काली/लाल एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर की हीरो पैशन प्रो काली/नीली बरामद कर ली है पुलिस ने बताया है कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त रंजीत उपरोक्त के विरुद्ध थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 41/2024 धारा 411/414 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है... एवं गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा.... अभियुक्त ने पुलिस हिरासत में पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान बताया है कि वह मोटरसाइकिले कानपुर नगर से चोरी करता है और इधर-उधर करके लोगों को बेच देता है इससे जो पैसा मिलता है उससे वह अपने ऐस-ओ-आराम के लिए खर्च करता है उसने कानपुर नगर से कई मोटरसाइकिले चुराई हैं... उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी करने में.उ0नि0 प्रभाकर यादव थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात, उ0नि0 मोहित वर्मा थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात।

अखिलेश यादव ने जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में विजयी छात्रों को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली छात्रसंघ चुनाव में जीत पर छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पीडीए की एकजुटता ने समेकित रूप से सभी महत्वपूर्ण पदों पर जीत हासिल की।

पार्टी की ओर से जारी मंगलवार को एक पत्र के माध्यम से अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा समर्थित एबीवीपी को भारी अंतर से हराया है। दलित अध्यक्ष सहित सभी विजयी पदाधिकारियों और उन्हें चुनने वाले सजग, सतर्क मतदाता विद्यार्थियों को भी बहुत बधाई। जेएनयू की नकारात्मक छवि बनाने वालों को आगे भी यूं ही हराते रहने व देशहित में सकारात्मक राजनीति का झंडा फहराते रहने के लिए शुभकामनाएं।

अखिलेश यादव ने आशा की है कि जेएनयू के छात्रों की तरह देशभर के युवा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा राज में फैली 'अभूतपूर्व बेरोजगारी', पेपर लीक होने की वजह से कहीं 'नौकरी न मिलने की हताशा' और 'इलेक्टोरल बॉण्ड' के रूप में फैले भाजपा के 'अथाह भ्रष्टाचार' को हमेशा के लिए दूर करने के लिए, महंगी पढ़ाई और चतुर्दिक महंगाई से त्रस्त अपने परिवारों और आसपास के लोगों को भी भाजपा के खिलाफ मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही इस बार लोकसभा व अन्य चुनावों में युवा मतदान स्थल पर आखिरी क्षण तक फर्जी मतदान पर सजग निगाह रखें।इसके साथ सपा अध्यक्ष ने कहा कि ईवीएम के सीलबंद होने तक ईवीएम मशीन रखने के स्थान तक मशीनों के सुरक्षित पहुंचने तक ईवीएम के गोदामों पर 24 घंटे हर तरफ से चतुर्दिक चौकीदारी करने, किसी को ईवीएम गोदामों के आसपास फटकने नहीं देने के लिए लामबंद रहने और मतगणना के दिन सक्रिय रहकर हर तरह से नजर रखने व चुनाव परिणाम आने व जीत का सर्टिफिकेट न मिल जाने तक डटे रहने का काम करें। इस सजगता से ही लोकतंत्र की रक्षा की जा सकती है और जनता के हित में सकारात्मक परिणाम आ सकते हैं।

उप्र : प्रथम चरण के लिए अब तक 46 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के लिए अब तक विभिन्न राजनैतिक दलों के कुल 46 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। मंगलवार को कुल 42 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 22 मार्च को 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए जिन राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से इमरान मसूद, बहुजन समाज पार्टी से माजिद अली, स्वतंत्र प्रत्याशियों में राशिद खान एवं शबनम हैं।

इसी प्रकार कैराना लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से इकरा चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से श्रीपाल, समाजवादी पार्टी से वैकल्पिक प्रत्याशी नाहिद हसन, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी से प्रीती कश्यप, अखण्ड भारत स्वतंत्र पार्टी से विक्रम सैनी, आजाद अधिकार सेना से ओमवीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशी मनोज राना हैं।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट में आज मंगलवार को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से संजीव कुमार बालियान, समाजवादी पार्टी से हरेन्द्र सिंह मलिक, बहुजन समाज पार्टी से दारा सिंह प्रजापति, जयसमता पार्टी से नील कुमार, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी से ओमपाल सिंह, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से कविता, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी से नन्द किशोर पुण्डीर तथा स्वतंत्र प्रत्याशियों में गौतम आनन्द, प्रदीप कुमार, चरन सिंह, राजकिशोर गर्ग हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बिजनौर लोकसभा सीट में 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से विजेन्द्र सिंह, मजदूर किसान यूनियन पार्टी से रामधन सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया(डेमोक्रटिक) राजपाल, मजलूम समाज पार्टी से फरमान हैं। नगीना (अ0जा0) लोकसभा सीट में अब तक कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें बहुजन समाज पार्टी से सुरेन्द्र पाल सिंह, समाजवादी आंदोलन पार्टी से धरमवीर सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रटिक) से रवीन्द्र भारती हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट में अब तक कुल 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें से 05 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी से सर्वेश कुमार सिंह, बहुजन समाज पार्टी से मो इरफान, समाजवादी पार्टी से डॉ एसटी हसन, भारतीय बहुजन समता पार्टी से ओंकार सिंह तथा स्वतंत्र प्रत्याशी में साधना सिंह हैं।

रामपुर लोकसभा सीट में 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें परचम पार्टी ऑफ इण्डिया से सैफत अली खान, जनसेवा सहायक पार्टी से जगत सिंह, लेबर पार्टी ऑफ इण्डिया से अब्दुल कादर, स्वतंत्र प्रत्याशियों में अशोक कुमार, शिवप्रसाद हैं। पीलीभीत लोकसभा सीट में अब तक कुल 04 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें 03 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें बहुजन समाज पार्टी से अनीस अहमद खान (फूल बाबू), समाजवादी पार्टी से भगवत सरण गंगवार, स्वतंत्र प्रत्याशी में आदर्श पाण्डेय हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य निर्धारित है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2024 (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च, 2024 (वृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, 2024 (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को मतदान होगा।

27 मार्च को मेरठ में प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेंगे मुख्यमंत्री योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पहले और दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होना है। इसके लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों के चुनावी दौरे शुरू हो गए हैं। 27 से 31 मार्च तक भाजपा द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। 27 मार्च को मेरठ के प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग लेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चुनावी रैली मेरठ में होगी।

भाजपा ने 400 पार के नारे को साकार करने के लिए चुनावी दौरों की शुरूआत कर दी है। 27 से 31 मार्च तक उत्तर प्रदेश में प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 27 मार्च को मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग लेंगे। इस प्रबुद्ध सम्मेलन में समाज के शिक्षक, अधिवक्ता, डॉक्टर, व्यापारी, सीए आदि विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली चुनावी रैली पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ में होगी। इसके लिए सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय के मैदान का चयन किया गया है। प्रधानमंत्री की रैली की तिथि अभी फाइनल की जा रही है। इसके लिए 30 या 31 मार्च का दिन तय किया जा रहा है। मंगलवार को प्रधानमंत्री की रैली की तैयारी के लिए सांसद राजेंद्र अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, कमलदत्त शर्मा, मनोज पोसवाल, सरोजिनी अग्रवाल, हर्ष गोयल आदि शामिल रहे।

अरुण गोविल पहुंचेंगे मेरठ

भाजपा के मेरठ से उम्मीदवार अरुण गोविल मंगलवार की देर रात तक मेरठ पहुंचेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि अरुण गोविल का बागपत रोड स्थित पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय पर स्वागत किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में राघव लखनपाल बुधवार करेंगे नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सहारनपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राघव लखनपाल होली के अवसर पर जनता के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि सहारनपुर मेरा सब कुछ है। यहां की मिट्टी मेरी पहचान है।शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मेरी मां सामान है। यह टिकट मेरा नहीं बल्कि सहारनपुर के एक-एक कार्यकर्ता का है और यह चुनाव हम सबका है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सन- 2000 में पिता की आकस्मिक मृत्यु ने मुझे और मेरे परिवार को अन्दर तक झंकझोर दिया था, लेकिन आपके प्यार और आशीर्वाद ने विपरीत परिस्थितियों में मुझे सदैव हौसला दिया। सहारनपुर की जनता ने मुझे तीन बार विधायक व 2014 में सांसद चुना और दिन-रात सेवा कर सहारनपुर के बहुत से अधूरे सपनों को साकार करने में मैं हमेशा जुटा रहा। मेरठ तक रेल लाइन के दोहरीकरण से लेकर माँ शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय, हाईवे व बाईपास निर्माण, स्मार्ट सिटी आदि बड़ी उपलब्धियों को सहारनपुर की झोली में लाया।भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मेरी पूजनीय दादी माँ का सपना था कि मैं फिर से सांसद बनू व सहारनपुर की सेवा और तरक्की में एक नया आयाम लिखूं। पिछले चुनाव में आप सबने बहुत मेहनत की और कुछ फ़ासले से हम 2019 का चुनाव नहीं जीत पाये। दादी का सपना भी टूटा और इस बीच हमारी प्यारी दादी माँ भी हमें छोड़ कर प्रभु चरणों में चली गयीं। वह जाने से पहले हमेशा कहा करती थी कि 'राघव मेहनत करते रहना बेटा, जनता की सेवा कर और जीवन में चार चीज, अच्छा व्यवहार, साफ नीयत, नेक दिल और ईमानदारी का सदैव ध्यान रखना। बस यही है मेरी संपत्ति और यही लेकर मैं आपके बीच इस चुनाव में आया हूँ। उन्होंने कहा कि आपका साथ और सहयोग इस चुनाव में माँग रहा हूँ। हमारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का 400 पार का सपना समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं के विश्वास व सहयोग से अवश्य पूरा होगा। हम सब मिलकर लड़ेंगे और विजय प्राप्त कर जनसेवा करेंगे।

उन्होंने बताया कि कल बुधवार को वह अपना नामांकन कराएंगे। नामांकन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचेंगे और खेमका सदन मिशन कम्पाउंड में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसलिए समस्त कार्यकर्ता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर मेरा हौंसला बढ़ायें।

राम मंदिर सुरक्षा में तैनात जवान को लगी एके-47 से चली गोली, लखनऊ रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्रीराम मंदिर परिसर में तैनात प्लाटून कमांडर खुद की एके-47 से गोली चलने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें श्रीराम अस्पताल लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद गंभीरावस्था में उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे परिसर में स्थित चौकी में हुआ है।मूलरूप से अमेठी जिले के रहने वाले रामप्रसाद (53) पीएसी की 32वीं बटालियन के प्लाटून कमांडर के पद पर इन दिनों श्रीराम मंदिर परिसर की सुरक्षा में तैनात हैं। मंगलवार की शाम लगभग 05:45 बजे वह अन्य जवानों के साथ परिसर में स्थापित चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाले थे कि इस बीच अचानक असलहा साफ करते समय उनके ही एके-47 से अचानक गोली चल गई। गोली सीधे उनके बायीं तरफ सीने में लगी और आरपार हो गई। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होकर वह वहीं गिर पड़े।साथ में तैनात अन्य जवानों ने उच्चाधिकारियों को सूचित करके उन्हें राजकीय श्रीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लगभग 06:46 बजे उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां जनरल सर्जन डॉ. एसपी बंसल ने ऑपरेशन करके उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। अभी भी कमांडो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

छावनी में तब्दील रहा मेडिकल कॉलेज

प्लाटून कमांडर के ऑपरेशन के दौरान मेडिकल कॉलेज परिसर छावनी में तब्दील रहा। आईजी प्रवीण कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट छोटेलाल, एसएसपी राजकरन नय्यर समेत पुलिस के अन्य अधिकारी स्वयं मौजूद रहे।

एलडीए उपाध्यक्ष ने बड़े अधिकारियों को जोन निरीक्षण की सौंपी जिम्मेदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने एलडीए के बड़े अधिकारियों को जोन निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी है। एलडीए के सचिव, संयुक्त सचिव, अपर सचिव, मुख्य नगर नियोजक जोन के अनुसार अवैध निर्माण कार्यो की जांच करेंगे और इसकी रिपोर्ट एक अप्रैल तक उपाध्यक्ष को सौंप देंगे।

एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को एक निर्देश जारी करते हुए कहा कि शहर में अवैध निर्माण या प्लाटिंग के खिलाफ एलडीए के अभियान में प्रवर्तन जोन द्वारा कार्यवाही का भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन-एक, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन-चार एवं जोन-पांच, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन-दो एवं जोन-तीन और मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन छह एवं जोन-सात के निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।एलडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि फील्ड में अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग का निरीक्षण करने सभी अधिकारी उतरेंगे। अधिकारियों को प्लाटिंग, रो-हाउस, व्यावसायिक निर्माण, अवैध बेसमेंट तथा आवासीय भू-उपयोग के निर्माणों का मुआयना करना होगा। अभी तक सीलिंग की कार्यवाही की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट तैयार करेंगे। निरीक्षण के दौरान स्थलीय छायाचित्र भी देनी होगी।

सपा ने हिसामुद्दीन को प्रदेश सचिव और फरहत अली को बदायूं नगर अध्यक्ष नामित किया

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने मंगलवार को राज्य कार्यकारिणी में एक प्रदेश सचिव और बदायूं नगर अध्यक्ष को नामित किया है। यह जानकारी मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।उन्होंने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हिसामुद्दीन पार्टी की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया है जबकि फरहत अली पुत्र सरफराज अली जनपद बदायूं का नगर अध्यक्ष नामित किया गया है। प्रदेश सचिव और बदायूं नगर अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने और गतिविधियों को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

केजरीवाल के आगे घुटने टेक देता है राहुल गांधी के न्याय का सिद्धांत : केशव

लखनऊ। लोकसभा चुनावों में सियासी दलों के नेताओं के कमान से तीर निकल रहे हैं। विरोधियों को चुभते इनके तीरों के सियासी मायने होते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक ही तीर से कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर हमला बोला है। उन्होंने लिखा है कि राहुल गांधी के न्याय का सिद्धान्त अरविंद केजरीवाल के सामने घुटने टेक देता है। शराब घोटाला में मनीष सिसोदिया से इस्तीफ़ा ले लिया जाता है और केजरीवाल से नहीं। इसके साथ ही केशव प्रसाद मौर्य ने अबकी बार चार सौ पार। फिर एकबार मोदी सरकार नारा को बुलंद किया।

सीस्टोन सिरप एवं लिव-52 है बिक्री योग्य : निदेशक आयुर्वेद विभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ पीसी सक्सेना ने बताया कि सीस्टोन सिरप एवं लिव-52 को बिक्री योग्य पाया गया है। आयुर्वेद निदेशालय ने इसी वर्ष 2024 के 12 मार्च को कर्नाटक के बैंग्लोर की फर्म हिमालया वेल्सनेस कम्पनी द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधि सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को प्रतिबिन्धित किया था।निदेशक डॉ पीसी सक्सेना ने बताया कि उक्त सीरप को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की ड्रग पॉलिसी सेक्शन के तह जांच पड़ताल के लिए रखा गया। 19 मार्च 2024 को प्राप्त निर्देश एवं फर्म के स्पष्टीकरण पर सम्यक विचार के बाद फर्म हिमालया वेलनेस कम्पनी के सीस्टोन सीरप एवं लिव-52 को बिक्री योग्य पाया गया।डॉ सक्सेना ने बताया कि सीस्टोन सिरप एवं लिव-52 को संबंधित बीमारी होने पर चिकित्सकों द्वारा लिखा जा सकेगा। आयुर्वेद विभाग की ओर से लीवर संबंधित बीमारियों के लिए लिव 52 का सर्वाधिक इस्तेमाल किया जाता है। वहीं दूसरी दवा सीस्टोन सीरप का इस्तेमाल पथरी के उपचार के लिए होता रहा है।

लोकसभा चुनाव : बसपा ने उत्तराखंड में की पांच उम्मीदवारों की घोषणा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के ने लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड राज्य में पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर पार्टी महासचिव मेवालाल ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल लोकसभा सीट से नीम चन्द्र छुरियाल, पौड़ी गढ़वाल सीट से धीर सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से नरायण राम, नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से अख्तर अली माहीगिर और हरिद्वार लोकसभा सीट से जमील अहमद को उम्मीदवार बनाया गय है।

अमौसी एयरपोर्ट पर विदेशी मूल की दो सोने की छड़ें मिली

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मंगलवार को कस्टम विभाग ने दो सोने की छड़े बरामद की है। इसकी कीमत 66.93 लाख रुपये आंकी गई है।सीसीएसआई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बैंकॉक से आई फ्लाइट संख्या (एफडी-146) के उड़ान के दौरान कूड़े से 999 ग्राम वजन वाली विदेशी मूल की दो सोने की छड़ें जब्त की है।

अटल जी ने लखनऊ को बनाया भाजपा का अभेद्य दुर्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी का पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि कहा जाता है। लखनऊ ने उन्हें तमाम खट्टे-मीठे अनुभव कराए तो सांसद चुन प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाकर गौरव भी दिलाया। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि जो लखनऊ अटल जी के दूसरे घर जैसा रहा, उसी ने उन्हें ठुकराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन जब एक बार लखनऊ ने अटल जी को स्वीकार किया तो उन्हें भरपूर समर्थन और स्नेह दिया। वे यहां से पांच बार सांसद रहे।

पहला चुनाव 1955 में लड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी का लखनऊ से सासंद बनने का सपना शुरुआती दिनों में पूरा नहीं हो पाया। 1955 में पहली बार अटल जी लखनऊ सीट पर हुए उपचुनाव में जनसंघ उम्मीदवार के तौर पर उतरे। इस चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार स्वराजवती नेहरू की जीत हुई। प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के प्रत्याशी त्रिलोकी सिंह दूसरे और जनसंघ प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी तीसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद 1957 में हुए लोकसभा चुनाव में एक बार फिर जनसंघ ने अटल बिहारी वाजपेयी को मैदान में उतारा। इस बार कांग्रेस प्रत्याशी पुलिन बिहारी बनर्जी के माथे जीत का सेहरा बंधा। 1962 के आम चुनाव में लखनऊ से कांग्रेस के प्रत्याशी वीके धवन को विजय मिली। इस चुनाव में भी अटल बिहारी वाजपेयी जनसंघ के प्रत्याशी थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। नतीजतन उन्होंने लखनऊ से चुनाव न लड़ने में ही भलाई समझी। पर, लखनऊ आना-जाना बना रहा।

1991 में फिर से लखनऊ से चुनाव लड़ने का निर्णय किया

1991 के लोकसभा चुनाव में फिर यहां से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया। इस चुनाव में वे कहते भी थे, 'लखनऊ वालों ने अगर सोच लिया था कि मुझसे पीछा छूट जाएगा तो यह नहीं होने वाला। इतनी आसानी से लखनऊ के लोग मुझसे रिश्ता नहीं तोड़ सकते। मेरा नाम भी अटल है। देखता हूं कब तक मुझे यहां के लोग सांसद नहीं बनाएंगे।' आखिरकार वे चुनाव जीते और लखनऊ से सांसद बनने का उनका सपना पूरा हुआ। इस चुनाव में अटल जी को 194,886 (50.90 फीसदी) वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे कांग्रेस प्रत्याशी रणजीत सिंह। उन्हें 77,583 (20.26 फीसदी) वोट प्राप्त हुए।

1991 के बाद फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा

1991 के आम चुनाव में लखनऊ से जीत के बाद अटल जी दोबारा कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2004 में अपने अंतिम संसदीय चुनाव तक वो लगातार लखनऊ के सांसद रहे। 1996 में अटल जी को 394,865 (52.25 फीसदी) वोट मिले। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रत्याशी सिने अभिनेता राज बब्बर को हराया। राज बब्बर को 2,76,194 (36.55 फीसदी) वोट हासिल हुए। इस चुनाव में लखनऊ से 58 प्रत्याशी मैदान में थे। इस चुनाव के बाद पहली बार अटल बिहारी 13 दिन के लिए प्रधानमंत्री बने।

1998 के आम चुनाव में अटल जी 431,738 (57.82 फीसदी) वोट पाकर विजयी हुए। उन्होंने सपा प्रत्याशी मुजफ्फर अली का हराया। 1998 के चुनाव के बाद बीजेपी ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, अद्रमुक और बीजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे। यह सरकार 13 महीने चली और अद्रमुक के समर्थन वापस लेने के बाद गिर गई।

1999 में अटल जी ने कांग्रेस प्रत्याशी कश्मीर राजघराने के वारिस डॉ. कर्ण सिंह को हराया। इस चुनाव में अटल जी को 362,709 (48.11 फीसदी) वोट मिले। तो वहीं डॉ. कर्ण सिंह के खाते में 2,39,085 (31.71 फीसदी) वोट आए।

इस चुनाव में जीत हासिल करके अटल बिहारी फिर संसद में पहुंचे और सरकार बनाई।

2004 में अंतिम चुनाव लखनऊ से लड़ा

2004 के आम चुनाव में लखनऊवासियों ने फिर से अटल जी को अपना सांसद चुना। इस चुनाव में अटल जी को 324,714 (56.12 फीसदी) वोट मिले। उन्होंने सपा प्रत्याशी डॉ. मधु गुप्ता को हराया। मधु गुप्ता को 1,06,339 (18.38 फीसदी) वोट मिले। इस चुनाव के बाद खराब स्वास्थ्य के कारण वे सक्रिय राजनीति से दूर होते चले गए।

भाजपा का अभेद्य दुर्ग है लखनऊ सीट

अटल जी ने लखनऊवासियों से ऐसा अटूट रिशता बनाया कि लखनऊ संसदीय सीट उत्तर प्रदेश में भाजपा का अभेद्य दुर्ग बन गई है। इस दुर्ग को विपक्ष पिछले तीन दशकों में जीत नहीं पाया है। आज अटल जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन लखनऊवासी उन्हीं के नाम से भाजपा प्रत्याशियों का खुले दिल से समर्थन करते हैं।

लखनऊ में भाजपा का मतलब सिर्फ अटल जी

राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि अटल जी के सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने के बाद 2009 में उनके उत्तराधिकारी के रूप में लालजी टंडन लड़े हों या 2014 और 2019 के चुनाव में राजनाथ सिंह। सभी अटल के नाम पर ही लड़े और जीते। अटल जी आज हमारे बीच इस दुनिया में नहीं हैं। पर लखनऊ और अटल को कोई कभी अलग नहीं कर पाएगा। इस शहर के लिए आज भी वे अजेय ही हैं।

होली पर मामूली विवाद में युवक की गोली मारकर कर दी हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर में सोमवार होली के त्यौहार के दिन उज्जवल बाजपेई (24) पुत्र प्रेम प्रकाश बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने वाला मुख्य आरोपी अभिषेक शुक्ला ने सोमवार की देर रात पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। मृतक के शव का मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया है। घटना के बाद राजनैतिक दलों के पदाधिकारीयों का जमावड़ा पोस्टमार्टम हाउस पंहुचा। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार होली के दिन रंग खेलने के दौरान इलाके के दो युवकों का विवाद हो रहा था। विवाद के दौरान उज्जवल बाजपेई ने विवाद कर रहे युवकों के बीच सुलाह समझौता करा दिया। अभिषेक शुक्ला नाम का युवक इस बात को बर्दाश्त न कर सका। उज्जवल वाजपेई रंग खेलने के बाद अपने घर चला गया। सोमवार शाम करीब छः बजे उज्जवल बाजपेई होली का रंग छुड़ाने के बाद खाना खाने के लिए बैठ गया। खाने की थाली लगी ही थी कि उज्जवल बाजपेई के मोबाइल पर एक अज्ञात दोस्त का फोन आया और होली मिलने के लिए उसे घर से बाहर बुलाया। खाने की थाली छोड़कर उज्जवल बाजपेई घर से बाहर चला गया। आरोप है कि इस दौरान अभिषेक शुक्ला ने उज्जवल बाजपेई के सीने में तमंचा सटाकर गोली मार दी। जिसके बाद उज्जवल बाजपेई की मौत हो गई। आरोपी अभिषेक शुक्ला ने सोमवार देर रात पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। मृतक के शव का मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पोस्टमार्ट हाउस में मृतक के परिजनों, मोहल्लावासियों के साथ राजनैतिक दलों के पदाधिकारीयों का जमावड़ा लगा रहा। मृतक उज्जवल बाजपेई अपने पिता प्रेम प्रकाश बाजपेई का इकलौता बेटा था। उज्जवल बाजपेई की शादी 28 फरवरी 2023 को फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के दुधवा मदनिया गांव से हुई थी। उज्जवल बाजपेई का करीब 3 महीने का बेटा भी है।

बजाज चीनी मिल बंदी की द्वितीय सूचना हुई जारी

पलियाकलां-खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा द्वितीय मिल बंदी सूचना दिनांक 28 मार्च 2024 को संबंधित समितियों को भेज दी है।

इस संबंध में यूनिट हेड ओपी चौहान ने बताया कि हमारे क्षेत्र के कृषकों के पास चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना प्रायरू समाप्त हो गया है ,जिस कारण हमारी चीनी मिल को मांग के अनुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इससे मिल का पेराई कार्य बाधित हो रहा है । अतः क्षेत्र के समस्त किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 28 मार्च2024 तक चीनी मिल को अपना आपूर्ति योग्य गन्ना अनिवार्य रूप से आपूर्ति कर देवें ।इसके पश्चात चीनी मिल पेराई सत्र 2023-24 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी।

महेशपुर वन रेज के देवीपुर बीट में गेंहू के खेत से बाघ का शव हुआ बरामद

लखीमपुर-खीरी। इंडो-नेपाल सीमा से जुड़ा दुधवा टाइगर रिजर्व बाघों के संरक्षण के लिए जाना जाता है। यह टाइगर रिजर्व बंगाल टाइगर की पहचान के लिए खास माना जाता है। जिसको लेकर दूर-दूर से पर्यटक दुधवा टाइगर रिजर्व में पहुंचते हैं। विलुप्त हो रही प्रजातियों का एक-एक जानवर इस धरती की अमूल्य धरोहर है और उनकी सुरक्षा में करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन दुधवा टाइगर रिजर्व इस वक्त वन्यजीवों की कब्रगाह बनता नज़र आ रहा है। जहां आए दिन वन्य जीवों के शव संदिग्ध अवस्था में मिलते हैं ।

इसी क्रम में एक बार फिर दुधवा टाइगर रिजर्व की मोहम्मदी महेशपुर वन रेंज के अंतर्गत देवीपुर बीट में गांव निवासी हीरालाल के गेहूं के खेत में एक बाघ का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया और आनंन फानन में मौके पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर बाघ के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार ने जानकारी दी है कि बाघ का शव

स्कूल के बाहर होली खेल रहे छात्र की ट्रैक्टर ट्राली से हुई मौत

घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई क़ैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलां-खीरी। नगर के सम्पूर्णानगर रोड़ पर स्थित गोल्डन फ्लावर स्कूल के एक छात्र की होली खेलते समय ट्रैक्टर ट्राली चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई।

आपको बता दें पलिया कोतवाली क्षेत्र के गोल्डन फ्लावर स्कूल में पढ़ने वाला एक छात्र शिवम यादव स्कूल में अन्य छात्रों के साथ स्कूल के बाहर होली खेल रहा था। रंग खेलने के दौरान सड़क से गुजर रही एक ट्रैक्टर ट्राली से उसकी टक्कर लग गई। जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरें में क़ैद हो गई। काफ़ी देर बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से डॉक्टरों द्वारा रेफर करने के बाद रास्ते में छात्र की मौत हो गई। छात्र की मौत की खबर सुनते ही

परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। छात्र के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर घोर लापरवाही किये जाने का आरोप लगाया हैं व पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के ख़िलाफ़ कार्यवाही किए जाने की माँग की हैं।फ़िलहाल पुलिस मुक़द्दमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुटी हुई हैं।

ग्राम पंचायत कुरतहिया में हुए विकास कार्यों में अनियमतायें बनी जांच का विषय

बेहटा/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक बेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरतहिया में विभिन्न विकास कार्यों सहित स्वच्छ भारत मिशन में अनदेखी व हेराफ़ेरी चर्चा का विषय बना हुआ है शपथी राजेंद्र पुत्र मुल्ला जो स्वच्छ भारत मिशन सूची में नाम होने के बावजूद भी शौचालय का लाभ नही दिया गया आई0 जी0 आर0 एस के माध्यम से की गई शिकायत संख्या40015230445 68 के निस्तारण में सहायक विकास अधिकारी बेहटा द्वारा शौचालय पूर्ण दिखाया गया लाभार्थी ने माननीय जिलाधिकारी महोदय को शपथ पत्र के साथ दिनांक 19,8,2023 को न्याय की गुहार लगाई थीं जिस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नही हो पाई है शपथ कर्ता के अनुसार शौचालय सूची 487 के सापेक्ष 25 से 26 शौचालय ही बनवाए गए है ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुरतहिया में हुई अनदेखी जाँच का विषय बना हुआ है।

ग्रामीण ने पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की

मछरेहटा / सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलरिहा निवासी श्याम सुंदर पुत्र स्वर्गीय इंद्रजीत सिंह उम्र लगभग पचास वर्ष अज्ञात कारणों के चलते गांव के पश्चिम एक चिलवल के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करली।बताते चलें सूत्रों से प्राप्त जानकारी कि मृतक श्याम सुंदर उम्र लगभग पचास वर्ष सोमवार होली का त्योहार मनाया शाम ढलते ढलते पिता पुत्र में कुछ आपसी विवाद हुआ तो मृतक श्याम सुंदर ने परिवार में कहा कि सुबहा मुंह नहीं दिखाएंगे वहीं गांव के पश्चिम आधा किलो मीटर दूर घर से जाकर एक बाग में चिलवल के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह होते ही ग्रामीणों ने देखा तब पुलिस को सूचना दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस।थाने मछरेहटा एस आई मनोज कुमार ने बताया कि म्रतक के शव का पंचनामा भरकर शव विच्छेदन ग्रह सीतापुर भेजा गया है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद बिधिक कार्यवाही की जाएगी।

चुनाव को लेकर एफएसटी टीम हाई अलर्ट पर

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। महमूदाबाद में चुनाव को लेकर मुख्य चौराहे पे गाड़ियों की चेकिंग करती एफएसटी टीम ! आपको बता दें की आचार संहिता लागू होने के बाद से सभी तरह की गतिविधियों पर चुनाव आयोग की नजर गढ़ी हुई है ! चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए चुनाव आयोग के द्वारा अलग-अलग विभागों से अधिकारियों को चिन्हित करके उन्हें नई-नई टीमों में काम करने की जिम्मेदारी को सौपा गया है ! रात के अंधेरों में भी चुनाव आयोग की नजरे गढ़ी हुई है ! चुनाव आयोग ने एफएसटी टीम को इस लिए बनाया है की रात के अंधेरों में निकलने वाले वाहनों में ऐसी कोई भी सामग्री न निकलने पाए जो चुनाव में बाधा उत्पन्न करें ! इसीलिए एफएसटी टीम को गठित किया गया है ! इस लिए एफएसटी टीम के अधिकारी रात में भी वाहनों को चेक करते हैं ! राहुल कुमार सिंह ने बताया कि इसी लिए हम रात के अंधेरों में भी वाहनों को चेक करते हैं ! जिससे किसी भी प्रकार की कोइ गलत सामग्री चुनाव में बाधा न उत्पन कर पाए ! इस मौके पर एफएसटी टीम के अधिकारी राहुल कुमार सिंह (आबकारी निरीक्षक) सीतापुर तथा उनके सहयोगी उपनिरीक्षक राम समोज और हेड कांस्टेबल अंकुर कुसेरा उपस्थित रहे !

पुलिस गस्त की खुली पोल चोरों ने कई घरों में किया नकदी और जेवर पर हाथ साफ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव नारायनपुर और मोहल्ला पंकज कॉलोनी गली नंबर-7- निवासी अरविंद मिश्रा और गली नंबर -9 निवासी लालाराम ने बताया कि उनके घरों में देरात चोरी हो गई जानकारी लगने पर परिजनों हड़कंप मच गया। अरविंद मिश्रा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कमरे में सोया हुआ था।अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर किचन में रखा मोबाइल 30 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। वहीं गली नंबर 9 निवासी लालाराम ने बताया कि उनके घर से सोने के टप्स, सोने का टीका, सोने का पैंडिल,सोने का ऊम, गुलशन पट्टी, जेवरी और 20 हजार रुपए की नगदी चोरी हो गई। दोनों लोगों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है।

परिषदीय विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के पावन पर्व पर चारों तरफ हर्षोल्लास दिखाई दिया है। कंपोजिट विद्यालय मंगदपुर में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल ने होली के पौराणिक महत्व के बारे में जानकारी दी।और सभी बच्चो के संग रंग गुलाल की होली खेली।त्यौहार को लेकर छात्रों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया। छात्रों ने होली पर अपने अंदर बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया।इसके बाद सारे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ जमकर होली खेली।पर्व को लेकर छात्रों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया। होली का त्यौहार मैत्री पूर्वक मनाने का संदेश दिया है। इसके साथ ही सभी को शुभकामनाएं भी दी।सभी छात्रों शिक्षकों को मिल जुलकर होली का त्यौहार मनाने को कहा है। होली पर्व की जानकारी देते हुए बधाई दी उन्होंने सभी से प्राकृतिक रंगों से होली खेलने को कहा उन्होंने बताया कि प्रकृति के रंग हमारी त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचते हैं।इस मौके पर स्टाफ और छात्र मौजूद रहे।

महिला दरोगा के कार्रवाई की मांग को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला अशोक कॉलोनी की रहने वाली कारगिल शहीद की बेटी पलविंदर कौर का ससुरालयों से अनबन होने के बाद 11 जनवरी को पहला और 27 जनवरी को कोर्ट के आदेश पर दूसरा मुकदमा दर्ज कराया था। 5 जनवरी को विवाहित का ससुरालियों से पंचायत में समझौता हो गया था। इस मामले में उसने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर दोनों मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने की मांग की थी।विवाहित एफआर की कॉपी लेने कोतवाली पहुंची इस पर महिला दरोगा अनुराधा वर्मा से विवाद हो गया। कहासुनी होने के बाद दोनों में हेल्प डेस्क में जमकर हाथापाई हुई। घटना को लेकर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव कर दिया। महिला दरोगा की ओर से सरकारी कार्य में बाधा डालना, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

होली मिलन समारोह में सांसद हेमा मालिनी सहित कैबिनेट मंत्री पहुंचे, दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा। होली के अवसर पर नववर्ष मेला समिति द्वारा भगतसिंह पार्क में मंगलवार को आयोजित सार्वजनिक होली मिलन समारोह में स्टॉल लगाए गए।

समिति पदाधिकारियों ने सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश, एमएलसी ठा. ओमप्रकाश सिंह, देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष राज्य बाल व अधिकार संरक्षण आयोग उत्तर प्रदेश, विनोद अग्रवाल महापौर, मथुरा-वृंदावन नगर निगम, लकी कमल सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, रविकांत गर्ग, घनश्याम लोधी अध्यक्ष भाजपा मथुरा महानगर आदि सहित सभी आगुंतक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों को पटका पहनाकर, चंदन तिलक लगाया और सौंफ मिश्री भेंट कर स्वागत करते हुए होली

की शुभकामनाएं दीं।होली मिलन के इस शुभ अवसर पर समिति पदाधिकारियों द्वारा विशाल नववर्ष मेला के निमंत्रण पत्रक का विमोचन किया गया। सभी आगंतुकों को नववर्ष मेला का निमंत्रण पत्रक देकर मेला में सपरिवार सहभागिता कर सफल बनाने का आग्रह किया गया।इस अवसर पर समिति महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव, राजीव कृष्ण अग्रवाल, आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, प्रदीप अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, सुभाष सैनी, अजय शर्मा, गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, रामदास चतुर्वेदी, हरवीर सिंह, समीर बंसल, वृषभान गोस्वामी, अंशुल गोस्वामी, नयन शर्मा, रूपेश चौधरी, राजेंद्र सिंह होरा आदि समिति पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सीतापुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अवैध असलहों का कारोबार करने वालों को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

थानगांव सीतापुर। गत दिवस सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस अधीक्षक सीतापुर के आदेसानुसार क्षेत्राधिकार महमूदाबाद के दिशा निर्देशन में थानगांव थाना प्रभारी की संयुक्त टीम के द्वारा असलहा बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। वहीं पकड़े गए अभियुक्तों के द्वारा बैंको में चोरी करने के भी प्रयास पूर्व में किए गए थे। ज्ञात हो कि पकड़े गए अभियुक्तों पर थाना थानगांव क्षेत्र व थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र में बैंक में चोरी करने सहित कई आपराधिक मामले पंजीकृत किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस 23/24-3-2024 की मध्यरात्रि लगभग 22.50 पर थानगांव थाना क्षेत्र के चकदहा बाजार से प्रमोद कुमार (32) पुत्र सुखराम विनोद (22) पुत्र सत्रोहन , शिवनाथ (25) पुत्र मत्ते को 312 एवं 15 बोर के आधा दर्जन असलहा व लगभग आधा दर्जन जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल, प्लास व लोहा काटने का कटर बरामद करते हुए गिरफ्तार किया। थानगांव पुलिस के अनुसार थानगांव थाना क्षेत्र की इंडियन बैंक व रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र की आर्यावर्त बैंक में गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया था। जहां एक तरफ थानगांव पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है। वहीं गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी, वरिष्ठ उप. जितेंद्र कुमार सिंह उप. नि.उमराव सिंह, यशवीर सिंह, हे. का.शैलेश पाण्डेय, का. हेमंत कुमार, कौशल कुमार, निखिल कुमार, पंकज कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

दिल्ली से अयोध्या पैदल यात्रा करते दिल्ली पुलिस के अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। महमूदाबाद श्री राम प्रभु के दर्शन करने के लिए दिल्ली पुलिस के कुछ अधिकारी और कर्मचारियों तथा पब्लिक के लोग दर्शन करने के लिए दिल्ली से पैदल यात्रा की शुरुआत की ! कैनविज टाइम्स के महमूदाबाद संवादाता मुकेश रस्तोगी ने उनको जलपान कराकर भव्य स्वागत किया ! उन्होंने बताया कि दिल्ली से अयोध्या तक पैदल यात्रा करते हुए आज उन्हें ग्यारूवा दिन है ! 1 दिन में लगभग 45 से 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं ! उनके साथ लगभग 10 लोग हैं वह कहीं-कहीं कुछ स्थानों पर रुक कर रात में विश्राम करते हैं ! और फिर वही सुबह होते ही पैदल यात्रा के लिए निकल पड़ते हैं ! महमूदाबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रात में रुक कर उन्होंने विश्राम किया ! उन्होंने बताया कि भगवान राम के दर्शन करने के लिए उन्होंने पैदल यात्रा करने की सौगंध ली है ! उनके पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी है जिसमें वह अपने खाने-पीने की सामग्री को लेकर चलते हैं ! श्याम सुंदर तोमर (उप निरीक्षक दिल्ली पुलिस) ने बताया की उनके साथ दिल्ली पुलिस के कुछ अधिकारी और कर्मचारी हैं जो इस पैदल यात्रा में सम्मिलित है ! वहीं उप निरीक्षक संतोष त्यागी (दिल्ली पुलिस) ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए महमूदाबाद से अपनी यात्रा को फिर से शुरूआत किया ! वह सभी लोग महमूदाबाद में कल रात्रि में विश्राम करके फिर से अयोध्या के लिए पैदल निकल पड़े ! इस शुभ अवसर पर प्रमोद राणा प्रधान सिपाही एवं उनके साथी मनोज गुर्जर और विक्की नागर उपस्थित रहे !

42 वां महामुर्खाधिराज हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिसवां सीतापुर 42 वां महामुर्खाधिराज हास्य कवि सम्मेलन पत्थर शिवाला बडा चौराहा पर आयोजित किया गया । अभय वीर सिंह को महामुर्खाधिराज के आसन पर विराजमान किया गया ।

महामुर्खाधिराज को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल वर्मा ने पगडी संरक्षक डा के जी मिश्र ने मुकुट ,आयोजक विवेक गुप्ता ने माला, आर्यसमाज बिसवां के मंत्री अजीत आर्य द्वारा मंत्रोच्चार के साथजलाभिषेक किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यभूषण आशुकवि कमलेश मौर्य मृदु मंचासीन रहे। कार्यक्रम संयोजक कवि आनन्दखत्री द्वारा अतिथियो का स्वागत तथा सफल संचालन अशोक पुष्प द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की वंदना के साथ हुआ।तत्पश्चात कवि आनन्द खत्री के द्वारा मुर्खाधिराज की वंदना प्रस्तुत की गयी।

मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि रंगो का पर्व हमारे मन में सहजता को बढाने वाला तथा अहंकार को नष्ट करने वाला है।

कार्यक्रम संरक्षक डॉक्टर के जी मिश्र ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नयी पीढी को अपनी स्वस्थ परंपराओ से जोडना तथा आपस में सौहार्द और प्रेम को बढावा देने से है।

कार्यक्रम आयोजक विवेक गुप्ता ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढते हुए एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है ये मन को प्रसन्न रखने से ही संभव है।हास्य कवि सम्मेलन में साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु, अरुण गंवार,घनश्याम शर्मा,कृष्ण मुरारी खरोंच, विजय रस्तोगी,हरिशंकर मौर्य,शिवानंद दीक्षित,शिवेन्द्र नाथ मिश्र ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में वृन्दारक नाथ मिश्र ,कुलदीप सिंह,आर एन सिंह, रमापति रस्तोगी ,डॉक्टर राकेश वर्मा,अरुण नाथ सिंह, कैलाश पति रस्तोगी,विजय शंकर बाजपेयी ,रामकुमार जलोटा,शंकर भल्ला आदि सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अंत मे कार्यक्रम संयोजक आनन्द खत्री ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

बिजली, पैसा और पर्यावरण बचाने में बनारसी उत्तर प्रदेश में नंबर वन

वाराणसी। हर घर सोलर योजना में उत्तर प्रदेश में वाराणसी अव्वल चल रहा है। काशी को सोलर सिटी बनाने के लिए सरकार महा-अभियान चला रही है। जिससे नागरिकों के पैसे और बिजली दोनों की बचत हो, साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हो सके। सरकार के इस अभियान में जनता का जबर्दस्त रुझान दिख रहा है। हर घर सोलर योजना के अंतर्गत 25000 कनेक्शन के सरकार के लक्ष्य को पार करते हुए ढाई महीने में ही 28 हजार से ज्यादा लोगों ने सोलर रूफटॉप ऑनग्रिड सिस्टम के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। जिससे उपभोक्ताओं को 31 लाख रुपये से ज्यादा की बचत हो रही है।बनारसी बिजली, पैसा और पर्यावरण बचाने में उत्तर प्रदेश में नंबर एक पर चल रहे हैं। सरकार की हर घर सोलर योजना काशी में परवान चढ़ रही है। बिजली की बचत के साथ-साथ सरकार आपके पैसे बचने की योजना पर काम कर रही है।मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि सोलर रूफटॉप ऑनग्रिड सिस्टम योजना में वाराणसी उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर है। वाराणसी में हर घर सोलर योजना में 25000 घरों में सोलर रूफटॉप ऑन ग्रिड सिस्टम का लक्ष्य था, जिसके सापेक्ष 28,423 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सम्मावित भीषण गर्मी/लू के दृष्टिगत ''क्या करें''/''क्या न करें''

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी/लू/हीट वेव के कारण मतदाताओं को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जिसके दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश ने इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं हेतु सावधानियों के बारे में सुझाव दिए गए हैं क्या करें'' / ''क्या न करें(1) मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से प्रारम्भ होकर 1 जून, 2024 तक तय किए गए हैं। इन दिवसों पर भीषण गर्मी की सम्भावना है। पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ तेज धूप से बचाव हेतु छाता एवं सर को ढकने के लिए सफ़ेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें।

(2) अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ग्टट्ट का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा

रखें।(3) तेज धूप से बचने हेतु अन्य जैसे टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें।

(4) अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है।(5) बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें।(6) प्रत्येक मतदान दल को क्व्व्न्प्प्-थ्व्व्द किट प्रदान की जाएगी, आवश्यकतानुसार उसमें उपलब्ध ग्टट्ट मतदान दल के कर्मियों अथवा जरूरतमंद मतदाताओं को मानक के अनुसार जल में घोलकर पिला दें।(7) प्रत्येक मतदेय स्थल पर न्यूनतम 5द्व ब 5द्व क्षेत्रफल के छाया की व्यवस्था करा दें तथा वहां पर्याप्त सं0 में कुर्सी, दरी आदि रखवा दें ताकि तेज धूप से बचने के लिए मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। छाया की व्यवस्था इस प्रकार करें कि मतदेय स्थलों के ठीक सामने लगने वाली कतार छाया में ही स्थित हो।(8) बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों तथा निःशक्त व्यक्तियों के लिए मतदान में प्राथमिकता दी जाए ताकि उन्हें भीषण गर्मी में अधिक देर तक अपने घर के बाहर न रहना पड़े। ऐसे मतदाताओं के लिए प्रत्येक 4-5 मतदाताओं के उपरान्त कुर्सी की व्यवस्था भी कतार के बगल में रखी जाए ताकि उन्हें अधिक असुविधा का सामना न करना पड़े।

(9) मतदान केन्द्र पर हर हाल में पेयजल की उपलब्धता रहे, यथासंभव कतारबद्ध वरिष्ठ नागरिकों, निःशक्तजनों आदि के लिए स्वयंसेवियों के माध्यम से लगातार पानी पिलाने की व्यवस्था भी की जाए। स्वयंसेवी के रूप में किसी राजनैतिक व्यक्ति / कार्यकर्ता / उम्मीदवार से संबद्ध व्यक्ति को कदापि अनुमन्य न किया जाए।

(10) मतदाताओं से अपेक्षा है कि मतदान दिवस को सुबह तेज धूप निकलने से पहले अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध होकर मतदान करें।

(11) यदि किसी कारण से धूप के समय मतदान करना पड़ता है तो अपनी सुरक्षा के लिए सर को ढकने हेतु सूती गमछा /वस्त्र तथा छाते का प्रयोग करें। पीने का पानी आवश्यकतानुसार साथ रख सकते हैं।(12) जरूरत होने पर मतदान दल के पास उपलब्ध ग्टट्ट का घोल बनाकर पीने से तुरन्त राहत प्राप्त कर सकते हैं।

(13) हीट स्ट्रोक के सम्बन्ध में डूज एण्ड डोन्ट का हैण्ड बिल तैयार कराकर सभी मतदान कार्मिकों को उपलब्ध करा दिया जाए।(14) सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक पैरा मेडिकल स्टाफ भी रखने का प्रयास किया जाए जो आवश्यक दवायें साथ रखे।(15) मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

राजापुर, चित्रकूट। राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर कस्बे के तुलसी चैक निवासी प्रेमचन्द्र केशरवानी (26) पुत्र दरबारी लाल केशरवानी होली खेलने के लिए अपने भाई की ससुराल जा रहा था। इस दौरान रास्ते में मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरौध के पास एक जानवर को बचाने के चक्कर मे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने के बाद एक पेड़ में जा धंसी जिससे घटनास्थल पर ही युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने कटर के माध्यम से गाड़ी कटवाकर शव को बाहर निकाला और मृतक के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता दरबारीलाल केशरवानी ने बताया कि उसके मझले पुत्र गुलाब केशरवानी की शादी पिछले नवम्बर माह में मऊ थाना क्षेत्र के पिपरौंध गाँव मे हुई थी। अपनी भाभी से होली खेलने के लिए सोमवार की शाम मेरे सबसे छोटे पुत्र प्रेमचन्द्र केशरवानी अपने मित्र की चार पहिया वाहन लेकर जा रहा था कि पिपरौध के समीप एक जानवर को बचाने के चक्कर मे गाड़ी अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराते हुए एक पेड़ से टकरा गई और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही माँ सुषन्ता, भाई फूलचन्द्र, गुलाब व बहन चाँदनी सहित अन्य परिजनों का रों रों कर बुरा हाल है।

भारी मात्रा में शस्त्रों के साथ दो अरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए शस्त्र निर्माण करने वाले दो आरोपियों को भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया।

पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली के दिन प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी अपनी थाना टीम के साथ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भ्रमणशील थे। इस दौरान अवैध शस्त्र निर्माण की सूचना प्राप्त होने पर वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां से अवैध शस्त्र निर्माण कर रहे आरोपी उमादत्त विश्वकर्मा पुत्र स्व मोहनलाल विश्वकर्मा निवासी फुलवारी मजरा सरधुवा व दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र स्व रामहित विश्वकर्मा निवासी ग्राम लोहदा थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में तमंचे, अर्द्धनिर्मित तमंचे, कारतूस एवं शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण बरामद हुये। अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मुन्नीलाल, चन्द्रमणि पाण्डेय, शिवमणि मिश्रा, अरविन्द पाण्डेय, आरक्षी ललित सोनी, आरक्षी चालक राहुल पुरी, अतुल मिश्रा, दिनेश कुमार, शक्ति सिंह व महिला आरक्षी रचना प्रजापति शामिल रहे।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, पुलिस के न पहुंचने से एक घंटे तक हाईवे पर पड़े रहे शव

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स ब्यूरो। पुवायां क्षेत्र में होली के दिन खुटार हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को खुटार पुलिस ने अस्पताल भिजवाया, वहीं मृतकों के शव एक घंटे तक हाईवे पर पड़े। एक घंटे बाद पुवायां थाना पुलिस मौके पर पहुंची।शाहजहांपुर के पुवायां थाना क्षेत्र में खुटार हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना खुटार की पुलिस कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गई और 108 सेवा की एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भिजवाया, लेकिन एक घंटा बीतने के बाद भी पुवायां पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे दोनों शव एक घंटे तक हाईवे पर पड़े रहे। सीओ की फटकार के बाद पुवायां पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर निवासी राजेश कुमार अपने ससुर पुवायां गांव नत्थापुर के राजेंद्र प्रसाद को बाइक से लेकर पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया में होली पर गए थे। वापस आते समय पुवायां थाना क्षेत्र में गुटैया पर गोमती पुल के पास सामने से आ रहे खुटार के गांव कुंभिया माफी निवासी सुरजीत की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई।

खुटार पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स ब्यूरो। सुरजीत की बाइक पर गांव कुभियां माफी के ही अवनीश और पंकज भी सवार थे। हादसे में सुरजीत कुमार और राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। राहगीरों ने खुटार और पुवायां पुलिस को सूचना दी। खुटार थानाध्यक्ष संजय कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और 108 सेवा की एंबुलेंस से घायल अवनीश और पंकज को सीएचसी भिजवाया, लेकिन घटनास्थल होने के बाद भी पुवायां पुलिस एक घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची। जानकारी पाकर सीओ पंकज पंत ने पुवायां पुलिस को फटकार लगाई, तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। राजेश के पिता रामकिशोर ने बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ बाइक को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उनके पुत्र की बाइक में टक्कर मार देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। होली पर राजेश और सुरजीत की मौत से दोनों घरों में होली बदरंग हो गई है। दोनों के ही परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

राजापुर, चित्रकूट कैनविज टाइम्स ब्यूरो। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव एवं होली त्यैहार के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 111 क्वार्टर देशी कच्ची शराब के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
जिसमें कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक श्यामदेव सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी मतगंजन साहू पुत्र लसकू निवासी गल्ला मंडी गेट थाना कोतवाली कर्वी को 24 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना बहिलपुरवा के उपनिरीक्षक नन्दराम एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी राजेश पुत्र चुनबाद निवासी सेहरिन थाना बहिलपुरवा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकी नाथ मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी तेजपाल पुत्र जियालाल निवासी बाबूपुर थाना पहाड़ी को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ व थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक मुकेश सिंह परिहार एवं उनकी टीम द्वारा आरोपी अक्षयलाल यादव पुत्र राजकरन निवासी रानीपुर कल्याणगढ़ थाना मानिकपुर को 45 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

छुटपुट घटनाओं के बीच संपन्न हुआ होली का त्योहार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

राजापुर, चित्रकूट। राजापुर तहसील क्षेत्र के दोनों थानों के कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छुटपुट घटनाओं के साथ शान्तिपूर्ण ढंग से रंगों का त्योहार होली सम्पन्न हुई। जिसमें राजापुर थाना क्षेत्र के कुसेली, मलवारा व सिकरी में मारपीट की घटनाएं होने के कारण इन तीनों गांवों में रंगोत्सव फीका नजर आया।

उधर होली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी तथा दोनों थानों के प्रभारी निरीक्षक के अलावा पुलिस की मोबाइल टीमें बराबर भ्रमणशील रहीं। जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी है तथा कस्बा सहित क्षेत्र के गाँवों में ढोल नगाड़ों की फाग के साथ पुरानी लोकगीत परम्परा फाग की ग्रामीण क्षेत्रों में धूम रही। वहीं कस्बे के समाजसेवी सुनील मिश्रा ने अपनी टीम के साथ पुरानी परंपरा का निर्वाह करते हुए लोकगीत फाग का आयोजन होली मिलन समारोह के अंतर्गत कराया और ग्राम पंचायत भभेंट के भाजपा नेता शुभम उपाध्याय ने भी अनेकता को एकता में जोड़ते हुए पूरे गाँव के लोगो के साथ होली मिलन समारोह कराया और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ लोगों ने सद्भावनापूर्वक भाईचारे के साथ होली त्योहार मनाया गया व इस त्योहार में बच्चों का खासा उत्साह रहा। लोगों ने एक-दूसरे के साथ गुलाल व अबीर लगाते हुए गले मिले।

वहीं पूरे तहसील क्षेत्र के होलिका दहन उत्सव को शान्तिपूर्ण ढंग से भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार झा, उपजिलाधिकारी न्यायिक फूलचन्द्र यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव दुबे की चारों टीमें पूरे क्षेत्र में भ्रमणशील रहीं तथा क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने बताया कि राजापुर थाना को चार जोनों में बाँट दिया गया था। जिसमें उपनिरीक्षक अनिल कुमार, इमरान खान के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में उपनिरीक्षकों के साथ साथ बीट सिपाही व महिला कॉन्स्टेबल भ्रमणशील रहीं।

होलियारों की धूम से गूंज उठा चित्रकूट, पर्यटकों एवं श्रृद्धालुओं की पसंद आरोग्य धाम का मंदाकिनी तट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

चित्रकूट। होली का पर्व हम सब के लिए विशेष उत्साह लेकर आता है। इसी उत्साह और जोश के साथ भक्ति रस में डूबने के लिए प्रतिवर्ष देश के कोने-कोने से पर्यटक एवं श्रृद्धालुओं कि पसंद भगवान राम की कर्मस्थली चित्रकूट है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष रूप से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही देश के अन्य हिस्सों से भी पर्यटकों का जत्था चित्रकूट होली मनाने पहुंचा। कामतानाथ की परिक्रमा लगाकर चित्रकूट के विभिन्न पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया। होली पर भगवान कामतानाथ को भी अबीर गुलाल से सजाया गया। चित्रकूट में संतों ने भी फूलों की होली खेली। धर्म क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों मठ मंदिरों में पूजन करने के साथ ही विशेष महाआरती का आयोजन किया गया। होली के दिन चित्रकूट की गलियां बाजार बंदी के चलते तो सूनी नजर आई पर आरोग्यधाम मंदाकिनी तट किनारे पर्यटकों का सैलाब नजर आया। विभिन्न

स्थानों से चित्रकूट आए श्रद्धालुओं ने सा परिवार होली का आनंद उठाया। जहां पर्यटकों ने आपस में एक दूसरे को खूब रंगा और मंदाकिनी में डुबकी लगाई। आरोग्यधाम घाट जाने के लिए बाहरी यात्रियों को जेब ढीली करनी पड़ी। यहां पार्किंग ठेकेदारों द्वारा शुल्क वसूला गया। अवैध पार्किंग का ठेका चित्रकूट में कोई नया नहीं है, जहां एक और चित्रकूट उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कहीं भी श्रद्धालुओं को पार्किंग शुल्क नहीं लिया जाता वहीं चित्रकूट में पग पग में लूट हो रही है और बाहरी यात्री भी अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। जहां पर्यटकों से निर्धारित शुल्क के अलावा भी मनमाना किराया वसूला जाता है। यात्रियों की जानकारी के लिए नगर पंचायत को पार्किंग रेट लिस्ट की सूची पार्किंग स्थल पर लगवानी चाहिए जिससे ठेकेदारों की मनमानी रख सके। पर्यटक की भारी भीड़ को देखते हुए चित्रकूट थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। घाट पर किसी प्रकार की अपनी घटना ना घटित हो इसके लिए पुलिस के जवान मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में ही मोटरसाइकिल में तीन सवारी कंपल्सरी और तेज रफ्तार में स्टंट, हुड़दंग करते नजर आए नौजवान। अपने निजी वाहनों से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी है बावजूद इसके जो लोग निजी साधन से नहीं थे, उन्हें आज पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए परेशान होना पड़ा। होली में बाजार बंद के चलते ऑटो रिक्शा सीमित थी। रामघाट, भरत घाट, जानकी कुंड अस्पताल गेट, स्फटिक शिला आदि जगह-जगह कई स्थानों पर छुटपुट यात्री साधनों का इंतजार करते नजर आए।

जनप्रतिनिधियों ने रंग खेलकर दी होली की शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

चित्रकूट। जनपद में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सांसद और विधायक ने लोगों के साथ रंग खेलकर त्योहार की शुभाकामनाएं दी।

मऊ कस्बा स्थित मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के आवास में मंगलवार के दिन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग होली मिलन समारोह में शामिल हुए मंगलवार की सुबह से ही विधायक आवास में लोगो के आने-जानेवालो का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। आवास में ग्रामीण अंचलों से आये होली हारों ने होली के गीत गाए विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा की होली का त्योहार आपसी भाई चारे और प्रेम का संदेश देता है हम सब को रंगो की तरह सभी गिले शिकवे भूलाकर आपसी

प्रेम और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल, गंगाधर मिश्रा ब्लाक प्रमुख रामनगर,अरविन्द मिश्रा ब्लाक प्रमुख मानिकपुर, राजभूषण द्विवेदी, गमल द्विवेदी, अमित द्विवेदी चेयरमैन मऊ, अर्जुन शुक्ला जिला पंचायत सदस्य आदि सैकड़ों ग्रामीण इक्ट्ठा रहे। उपस्थिति लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल रंग लगा कर होली की बधाई दी

श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली खेल कर भक्त झूम उठे

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

चित्रकूट। चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र की प्रसिद्ध फूलों की होली के अवसर पर चित्रकूट कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली का आयोजन किया गया।

मंदिर के प्रधान पुजारी एवं व्यवस्थापक पंडित भारतेंदु दुबे ने बताया कि श्री बांके बिहारी मंदिर में फूलों की होली का विशेष महत्व है मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है जहां वर्षों से भगवान और भक्त के बीच गहरा नाता है। होली के दिन यहां तीर्थ क्षेत्र की प्रसिद्ध फूलों की होली प्रभु के साथ खेली जाती है। प्रतिवर्ष भक्ति दूर-दूर से भक्त विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होने के लिए आते हैं। भगवान से यही प्रार्थना है कि भगवान की कृपा देश एवं हम सभी पर बनी रहे। इंद्रधनुष के सात रंगों कि तरह जीवन में भी खुशियों के सभी रंग भगवान की कृपा से भर जाएं। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक सजावट कर सजाया गया था। श्री राधा रानी सरकार की अलौकिक दर्शन कर मंत्रमुग्ध हो गए श्रृद्धालु गण। फूलों की होली के लिए विशेष रूप से कानपुर से 11 कुंतल फूल मंगाए गए थे।

मनाया गया होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। वसुंधरा एन्क्लेव फ़ेज -1 रेजिडेंट वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया, वसुंधरा एन्क्लेव फ़ेज 1 इंदिरा नगर सेक्टर 11 निवासियों द्वारा होली मिलन समारोह बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया म वसुंधरा एन्क्लेव के कॉलोनी वासियो ने विगत वर्षो की भांति होलिका दहन एवं होली धूम धाम से मानाने के उपरांत होली मिलन समारोह आयोजित किया। कॉलोनी वासियो का मनना है की इससे भाई चारे की भवना के साथ ही रिस्तो में मजबूती बढ़ेगी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राम कुमार वर्मा, संजीव कुमार सिंह (अध्यक्ष), राजेश राय, संरक्षक जनार्दन सिंह, वी.बी.एस. श्रीवास्तव,(महासचिव), बंश बहादुर यादव (उपाध्यक्ष), ओम हर्ष यादव, कोषाध्यक्ष, डॉ. पी.सी. गुप्ता, मीडिया प्रभारी, अंकुर सेठ, अंकित सेठ,विजय सिंह, नवीन मालवीय, नन्दलाल गुप्ता,अनिल बाजपेयी, राजेश द्विवेदी, सुधांशु सैनी, विवेक श्रीवास्तव, पी. एस. लाल श्रीवास्तव, सतीश कुमार तिवारी ,आर. के. सैनी , आदिनाथ राय भारद्वाज, प्रवेश राय इत्यादि पदाधिकारी मौजूद रहे।

पत्नी के मायके जाने के विवाद में पति ने खुद को मारी गोली

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ कस्बे में मंगलवार देर शाम पत्नी को मायके भेजने को लेकर हुये पारिवारिक विवाद में एक व्यक्ति ने गोली मार कर आत्महत्या कर ली वहीं छर्रे लगने से पुत्र बुरी तरह घायल हो गया, उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक राठ कस्बे में आज जालौन के चुर्खी गांव निवासी सोनू अपनी बहन आशारानी को लिवाने आये थे मगर रामहेत (48) ने पत्नी को भेजने से साफ इंकार कर दिया। इस बात को लेकर रामहेत के बड़े लड़के शिवम व रामहेत में बहस होने लगी। विवाद इतना बढ़ा कि रामहेत ने भाग कर घर में रखे अवैध तमंचे से अपने कनपटी में गोली मार ली हालाकि बड़े लड़के शिवम ने तमंचे को पकड़कर छीनने का प्रयास किया मगर तब तक रामहेत ने अपने ऊपर गोली चला ली। जिससे मौके पर ही रामहेत सोनी की मृत्यु हो गयी। बीच वचाव करने में शिवम को काफी छर्रे लग गये और वह बुरी तरह जख्मी हो गया। शिवम को सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टरों ने गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया है।

पुलिस ने अभियान अपराधी सत्याप चैंकिग के दौरान जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

बंडा(शाहजहांपुर)। मंगलवार को उ0नि0 बहादुर बख्श मय हमराह मु0आ0 336 वेदप्रकाश सिंह, का0 1788 प्रिन्स चौधरी के थाना से रवाना होकर देखरेख क्षेत्र शान्ति कानून व्यवस्था व चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम आदि में मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि ग्राम भांभी का जिला बदर अपराधी अवधेश सक्सेना जनपद की सीमा में आया हुआ है और वह अपने गांव में नहर विभाग कोठी की तरफ आ रहा है । यदि जल्दी करो तो पकडे जा सकता है। इस सूचना पर उ0नि0 बहादुर बख्श मय हमराही उपरोक्त के मुखबिर की निशादेही पर नहर कोठी के पास से पकड लिया, पकडे जाने पर नाम पता पूछा तो इसने अपना नाम अवधेश सक्सेना पुत्र ब्रजेश सक्सेना नि0ग्रा0 भांभी थाना बण्डा जिला शाहजहाँपुर

बताया। चूंकि अभियुक्त अवधेश सक्सेना उपरोक्त थाना बण्डा से जिला बदर चल रहा था। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0-215/24 धारा 10 उ0प्र0 गुण्डा निवारण अधि0 1970 पंजीकृत किया गया एवं विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

योगी सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी फेल

उमरी थाने में महिला कांस्टेबल आठ वर्षों से एक ही पटल पर तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। गोंडा जिले के पुलिस विभाग में ट्रांसफर नीति का पालन नहीं हो रहा है।चाहे एसपी ऑफिस हो या फिर जिले के थाने हो अधिकतर जगहों पर कई वर्षों से तैनात पुलिस कर्मियों का तबादला नहीं हुआ है।वही जिले के पुलिस के उमरी बेगमगंज थाने में तैनात 2016 बैच की महिला कांस्टेबल तैनाती से लेकर आज तक एक ही पटल पर एक ही थाने में तैनात है।सूत्र बता रहे हैं कि महिला कांस्टेबल से चौकीदार से लेकर सिपाही तक प्रताड़ित हो रहे हैं।क्योंकि महिला कांस्टेबल की थाने में तूती बोलती है।वही ऐसे ही एसपी ऑफिस में कई ऐसे मठाधीश कर्मचारी बैठे हैं जो कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है और एसपी ऑफिस में आने वाले मामलों में अच्छा खासा दखल रखते है।चाहे जिले के सीओ ऑफिस में हो या एसपी ऑफिस में कई ऐसी जगह पर पुलिसकर्मी लंबे समय से कार्यालय में एक ही पटल पर तैनात हैं।इन पुलिस कर्मियों का ऑफिस के मामलों में अच्छा खासा दखल रहता है वहीं अधिकतर मामलों में हाथो हाथ निपटारा भी हो जाता है।ऐसे लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कब होगा यह एक बड़ा प्रश्न है।शासन के स्पष्ट निर्देश है कि तीन साल से अधिक समय तक एक ही थाने या ऑफिस पर जमे पुलिस कर्मियों दूसरे थानों में स्थानांतरण हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है।पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को होने के बावजूद अभी तक उनका ट्रांसफर अन्यत्र थाने या दूसरे कार्यालय में नहीं होना एक बड़ा सवाल है।हालांकि 20 मई को लोकसभा चुनाव है और ऐसे पुलिसकर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है जो कि शासन के स्पष्ट निर्देश लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों को दूसरे थाने या ऑफिस में ना भेजा जाना कहीं ना कहीं शंका को सवालों को जन्म देता है।जानकारी के मुताबिक सीओ कार्यालय से लेकर सर्विलांस ऑफिस और एसपी के कार्यालय तक कई वर्षों से तैनात एक ही पटल पर पुलिसकर्मियों से भरा पड़ा है।देखना होगा कि ऐसे पुलिस कर्मियों का कब दूसरे थानों या फिर ऑफिस में तबादला होता है।सूत्रों की माने तो वही कई ऐसे पुलिसकर्मी हैं जो पूर्व में जिले में तैनात थे और स्थानांतरण कराकर दूसरे जिले में चले गए थे लेकिन लोकसभा चुनाव आते-आते फिर जिले में दोबारा रीपोस्टिंग करवा कर जिले में दोबारा तैनाती करवा लिया है।वही सूत्र बता रहे है कि कई ऐसे स्थानीय पुलिसकर्मियों कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है।और उन पर आज तक कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं हुई।सूत्रों के हवाले से खबर है कि विभागीय लोगों का कहना है जो वर्षों से तैनात हैं इन्हें दूसरे जगह पर तैनाती मिलनी चाहिए की जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम ला सके और पीड़ित को न्याय मिल जाए।

जिले में कई ऐसे पुलिसकर्मी है जो री पोस्टिंग कराकर दोबारा जिले में करवा लिए तैनाती।

गोंडा जिले के पुलिस विभाग में स्थानांतरण नीति फ़ेल.

पुलिस ऑफिस में कई ऐसे कर्मचारी बैठे हैं.जो कई वर्षों से एक ही पटल पर तैनात है इन पुलिस कर्मियों का ऑफिस के मामलों में अच्छा खासा दखल रहता है,वहीं अधिकतर मामलों में हाथो हाथ निपटारा भी हो जाता है।लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण कब होगा यह एक बड़ा प्रश्न है।शासन से स्पष्ट निर्देश है कि तीन साल से अधिक समय तक एक ही थाने या ऑफिस पर जमे पुलिस कर्मियों दूसरे थानों में स्थानांतरण हो जाना चाहिए लेकिन ऐसा अभी तक देखने को नहीं मिल रहा है।पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में लंबे समय से जमे पुलिस कर्मियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को होने के बावजूद अभी तक उनका ट्रांसफर अन्यत्र थाने या दूसरे कार्यालय में नहीं होना एक बड़ा सवाल है।हालांकि लोकसभा चुनाव नजदीक है और ऐसे पुलिसकर्मियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा जो कि शासन के स्पष्ट निर्देश लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों को दूसरे थाने या ऑफिस में ना भेजा जाना कहीं ना कहीं शंका को सवालों को जन्म देता है।जानकारी के मुताबिक सीओ कार्यालय से लेकर सर्विलांस ऑफिस और एसपी के कार्यालय तक कई वर्षों से तैनात एक ही पटल पर पुलिसकर्मियों से भरा पड़ा है।देखना होगा कि ऐसे पुलिस कर्मियों का कब दूसरे थानों या फिर ऑफिस में तबादला होता है।वही सूत्रों के हवाले से खबर है कि विभागीय लोगों का कहना है कि जो वर्षों से तैनात हैं इन्हें दूसरे जगह पर तैनाती मिलनी चाहिए की जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम ला सके और पीड़ित को न्याय मिल जाए।

होली के रंग में रंगे एसपी, पुलिस कर्मियों के साथ जमकर थिरके

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस लाइन में दूसरे दिन मनाई गई होली पानी की बौछारों के बीच जमकर थिरके पुलिसकर्मी होली के दूसरे दिन पुलिस लाइन में जमकर होली खेली गई।एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ जमकर डांस किया।होली त्योहार के दूसरे दिन गोंडा पुलिस विभाग द्वारा रंगोत्सव और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।इस समारोह का आयोजन गोंडा पुलिस लाइन में किया गया था जहां पर पुलिसकर्मियों द्वारा जमकर एक-दूसरे को अबीर गुलाल और रंग लगाते हुए होली खेली गई।वहीं फिल्मी गानों पर पुलिस अधीक्षक समेत सभी पुलिसकर्मी नाचते हुए नजर आए।पुलिसकर्मियों का डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कल होली त्योहार के दिन पूरे जिले में गोंडा पुलिस प्रशासन द्वारा सकुशल होली का त्योहार संपन्न कराया गया और आज होली त्योहार के दूसरे दिन पुलिस कर्मियों द्वारा होली खेली गई है।जिले के पुलिस लाइन में आज गोंडा पुलिस

अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा रंग उत्सव फाग और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।यहां पर पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी और जिले के 17 थानों के थाना अध्यक्षों और जिले में तैनात हजारों पुलिसकर्मियों द्वारा

एक साथ मिलकर के एक दूसरे को

अबीर-गुलाल और रंग लगाकर होली की बधाई दी गई।वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने टिप-टिप बरसा पानी सहित फिल्मी भोजपुरी और होली के गानों पर सभी पुलिसकर्मियों के साथ डांस करके झूमते हुए नजर आए पुलिस अधीक्षक का टिप-टिप बरसा पानी गाने पर पुलिस कर्मियों के साथ फिल्मी भोजपुरी और होली के गानों पर डांस करते हुए वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।डीएम सहित सभी पुलिस कर्मी थे आमंत्रित वायरल वीडियो में गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल पुलिस कर्मियों के साथ जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं।वही गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि आज होली त्योहार के दूसरे दिन पुलिस प्रशासन ने होली खेलकर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं क्योंकि जिले में कल होली का त्योहार था और पूरे जिले में सकुशल ढंग से होली का त्योहार संपन्न कराया गया है।इस रंग उत्सव में जिला अधिकारी नेहा शर्मा सहित जिले के सभी पुलिस कर्मियों को भी आमंत्रित किया गया था।

आग में झुलसने से चार बच्चों के बाद एम्स में भर्ती मां की भी मौत

मेरठ। पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में आग में झुलसने से चार बच्चों की मौत के बाद दिल्ली एम्स में भर्ती मां बबीता ने भी दम तोड़ दिया। जबकि बच्चों के पिता की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में किराए पर रहने वाले जॉनी के घर में शुक्रवार की देर रात मोबाइल चार्जर से शॉर्ट सर्किट के कारण गद्दे में आग लग गई थी। आग की चपेट में चार बच्चे बुरी तरह से झुलस गए थे। दो बच्चों की तो मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो बच्चों ने शनिवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया।बच्चों को बचाने के चक्कर में जॉनी और उसकी पत्नी बबीता भी बुरी तरह से झुलस गए थे। जॉनी का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है तो बबीता की गंभीर हालत के कारण दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। सोमवार की देर रात दिल्ली एम्स में उपचार के दौरान बबीता की भी मौत हो गई है।

खाकी की दमन से अवैध हथियार बेचने वालों के हौंसले बुलंद अवैध असलहों की बरामदगी तक ही सीमित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडाः अधिकतर घटनाओं में अवैध तमंचे का प्रयोग हो रहा है लेकिन पुलिस आज तक किसी बड़े गिरोह को नहीं पकड़ सकी।साथ ही लंबे समय से असलहे बनाने की फैक्ट्री का भी खुलासा नहीं हो सका।जबकि आए दिन अपराधियों से तमंचे बरामद होने की घटनाएं सामने आ रही हैं।जिले में अवैध असलहे तो वरामद के बाद भी उनकी फैक्ट्री या सप्लायर्स तक नहीं पहुंचने के पीछे पुलिस की अजीबो गरीब कार्यशैली है।जब भी कोई वारदात होती है तो पुलिस बदमाश को जल्द गिरफ्तार कर लिए जाने के दावे करती है।फिर तलाशी अभियान चलाया जाता है।इस दौरान यदि कोई बदमाश हाथ आ गया तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज देती है।वहीं यदि उसके पास से कोई अवैध

हथियार,कारतूस बरामद हो गया तो इसी से खुश हो जाती है।उसके जरिए पुलिस असलहे के सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश नहीं करती।

वही कौड़िया थाना क्षेत्र के जमथरा गांव में एक व्यक्ति अवैध असलहा बना रहा है जिसकी एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और कौड़िया पुलिस अनजान बनी हुई है। यही नहीं कौड़िया में आए दिन अपराधी घटनाएं घट भी रही हैं।वही पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के संबंध में गहन जांच नहीं किए जाने के कारण सप्लायर्स की चांदी है।सूत्र बताते हैं कि जिले में ही ढाई से तीन हजार तक में अवैध तमंचे मिल जाते हैं।दस से बीस हजार रुपये खर्च करने पर तो पिस्टल और रिवाल्वर की खरीद हो जाती है।यही नहीं, इसके लिए कहीं जाने की भी जरूरत नहीं होती। बाहरी जिलों से असलहा तस्कर तमंचों की सप्लाई कर रहे हैं। वहीं, यदि जांच की जाए तो जिले में भी अवैध हथियारों की खेप मिल सकती है।यदि यह मान लिया जाए कि यहां असलहों की कोई अवैध फैक्ट्री या गोदाम नहीं तो सवाल उठता है कि इतनी आसानी से बाहर से तमंचे कैसे आ जाते हैं और इसके सप्लायर क्यों नहीं पकड़े जाते।अधिकतर मामले में पुलिस असलहे तो बरामद करती है।लेकिन अभियुक्त के पास असलहे कहां से आए। इसकी पड़ताल करने की कोशिश नहीं होती।आखिर शहर से लेकर देहात तक असलहों की खेप कौन सप्लाई कर रहा।कौन है जो सबको असलहे बेच रहा है।उनका सुराग लगाने की कोशिश नहीं होती।असलहे देने के साथ- साथ खोखे कहां से आ रही है।इन सब बातों की जांच पड़ताल के बजाय पुलिस फाइल बांधकर आलमारी में रख देती है।वहीं इसकी जानकारी क्षेत्राधिकारी करनैलगंज चंद्रपाल शर्मा से दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई तो उन्होंने अपना मोबाइल फोन उठाना उचित नहीं समझा और मोबाइल की घंटी बजती रही।

टिकट बदलने की अफवाह के बीच सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन ने मुरादाबाद लोकसभा से कराया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। टिकट बदलने की अफवाह के बीच समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के नेता डॉ. एसटी हसन ने मंगलवार को दोपहर 2 बजे के बाद मुरादाबाद लोकसभा से सपा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। डॉ. हसन के साथ मुरादाबाद देहात से विधायक नासिर कुरेशी, सपा जिला अध्यक्ष डीपी यादव, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद आदि साथ रहे।

मुरादाबाद लोकसभा से सपा प्रत्याशी डॉ एसटी हसन को आज सुबह 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करना था और वह दोपहर 2 बजे तक नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचे। इसी बीच जिले में सपा प्रत्याशी बदलने की अफवाह का बाजार गर्म हो गया। सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से मैसेज वायरल होने लगा समाजवादी पार्टी मुरादाबाद लोकसभा में प्रत्याशी बदलाव करने जा रही हैं। बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा मुरादाबाद लोकसभा से समाजवादी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। मुरादाबाद मंडल की मुरादाबाद और रामपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी को लेकर सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सीतापुर जेल में बंद पूर्व कद्दावर नेता आज़म खान से मिले थे और दोनों सीटों पर प्रत्याशी को लेकर चर्चा हुई थी। इसके बाद रविवार को सपा ने मौजूदा सांसद डॉ एसटी हसन को मुरादाबाद लोकसभा से घोषित कर दिया था।

कांग्रेस की सोच को गंदी, मुगलों और इस्लामिक कलचर वाली: सुब्रत पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी। झांसी पहुंचे कन्नौज के भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा की जीत का दावा किया। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कांग्रेस की सोच को गंदी, मुगलों वाली और इस्लामिक कलचर वाली बताया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी कैदी है और जेल में उनके साथ कैदी जैसा ही सलूक होगा। फाइव स्टार होटल की सुविधा अब नहीं मिल रही इसलिए तबियत बिगड़ रही है।

उज्जैन से लौटते समय झांसी पहुंचे कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के विवादित पोस्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा हिंदुस्तान में नारी को देवी माना जाता है। मगर, कांग्रेस जिस तरह बोलती है, उसमें बाहर से आई वह सोच झलकती है, जिसमें नारी को उपभोग की वस्तु माना जाता है। कांग्रेस की सोच गंदी, मुगलों वाली और इस्लामिक कलचर की सोच है।

यूपी के कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के विवादित पोस्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा हिंदुस्तान में नारी को देवी माना जाता है, लेकिन कांग्रेस जिस तरह बोलती है उसमें बाहर से आई वह सोच झलकती है, जिसमें नारी को उपभोग की वस्तु माना जाता है। कांग्रेस की सोच गंदी,मुगलों वाली और इस्लामिक कलचर की सोच है।

सुब्रत पाठक ने कहा पूरे देश में मोदी लहर है और यूपी में मोदी की आंधी है। मोदी और योगी का मतलब है यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा की जीत होंगी। अखिलेश को समाजवादी पार्टी का स्वयंभू नेता बताते हुए कहा कि वह निर्णय नहीं ले पा रहे हैं कि कहाँ से लड़ें, सेनापति को आगे खड़ा होना चाहिए, लेकिन ज़ब वह खुद पीछे भाग रहा है तो सेना में खलबली मचेगी ही।

वहीं माफिया डॉन मुख़्तार अंसारी की जेल में तबियत बिगड़ने पर कहा कि पूर्व की सरकारों में जेल में उन्हें फाइव स्टार की सुविधाएं मिलती थीं, जो अब नहीं मिल रहीं।

होली के दूसरे दिन एनडीआरएफ ने पुष्कर तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी। रंगों के पर्व होली के दूसरे दिन मंगलवार को 11 एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में जवानों ने अस्सी स्थित पुष्कर तालाब में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एनडीआरएफ बचाव कर्मियों, नगर निगम, सृजन संस्था के सदस्यों तथा ब्रह्मावेद विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने अभियान में श्रमदान किया। अभियान में तालाब से कचरा, गंदगी, शैवाल और जलकुंभी हटाकर तालाब तथा तालाब की सीढ़ियों को स्वच्छ बनाया गया।इस अवसर पर उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि एनडीआरएफ आपदाओं के दौरान राहत बचाव कार्यों के साथ ही स्वच्छता अभियान के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने में एक जिम्मेदार नागरिक की तरह कार्य करना चाहिए। स्वच्छ भारत से ही हम सशक्त भारत बना सकते हैं। उन्होंने लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का भी आग्रह किया।इस कार्यक्रम में सृजन संस्था से अनिल सिंह, नगर निगम से निरीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, सरिता, पार्षद रविंद्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा आदि ने भी भागीदारी की।

जानलेवा हमले का आरोपित शिक्षक गिरफ्तार

जौनपुर। खुटहन थाना अंतर्गत थाना परिसर में बीते 19 जनवरी को दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट के मामले में दर्ज हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के मुकदमे में आरोपित बनाए गए शिक्षक को सोमवार की रात पुलिस ने उसे पोटरियां मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। इसके पूर्व इसी मामले में जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह को भी पुलिस जेल भेज चुकी है।सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के बस्ती बंदगांन गांव निवासी अधिवक्ता पद्माकर उपाध्याय का आरोप था कि उसके और पड़ोसी दिनेश सिंह के बीच तालाब की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा था। 19 जनवरी की शाम वह अपने तीन भाइयों के साथ कार में बैठ जौनपुर शहर से वापस घर आ रहा था। मल्हनी बाजार के पास रास्ते में पहले से घात लगाए स्कॉर्पियो वाहन में बैठे जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह, विशाल सिंह, दिनेश, अरविंद और सत्यप्रकाश सिंह ने उसका पीछा कर लिया। बचाव के लिए वह अपना वाहन तेज भगाते हुए खुटहन थाने में गाड़ी सहित भीतर प्रवेश कर गये। तभी पीछे से स्कार्पियो सवार भी गाड़ी थाने के अंदर ले जाकर हाकी और डंडा से हम चारों को पीटकर घायल कर दिये। वहीं जिला पंचायत सदस्य के पक्ष ने आरोप लगाया था कि हम लोग खुद के बचाव के लिए थाने में भागे थे। जहां अगला पक्ष मारपीट करने लगा। मामले में घायल अधिवक्ता पद्माकर उपाध्याय की तहरीर पर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य सहित पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

घटना के दूसरे दिन सूबेदार सिंह और विशाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को इस मामले में प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोमवार को आरोपित सत्यप्रकाश सिंह को पोटरियां मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद चालान न्यायालय भेज दिया गया।

एलजी के सर्विस सेंटर में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान

मेरठ। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर एच ब्लॉक में एलजी के सर्विस सेंटर में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों रुपए का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर एच ब्लॉक में मकान नंबर 167 में वैभव गुप्ता का श्री कान्हा एंटरप्राइजेज के नाम से एलजी का सर्विस सेंटर है। सर्विस सेंटर की छत पर पुराने फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन आदि रखे हुए हैं। मंगलवार को अचानक छत पर तेज धमाका हुआ तो स्टाफ ने सर्विस सेंटर से बाहर निकल कर देखा तो भयंकर आग लगी हुई थी। तत्काल ही स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को फोन कर आग लगने की जानकारी दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के अनुसार, आग का कारण शॉर्ट सर्किट है। इसकी जांच कराई जा रही है।

दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर बहू की हत्या

बिजनौर। थाना नहटौर में एक विवाहिता के भाई ने दहेज में नकदी मांगे जाने तथा मांग पूरी नहीं होने पर बहन की हत्या किए जाने का आरोप लगाया तथा तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है ।गांव बिलाई निवासी मकबूल अहमद पुत्र अंसार अहमद ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि मेरी बहन नाज़नीन की सरफराज निवासी ग्राम बैरमनगर थाना नहटौर के साथ शादी हुई थी। कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने रुपए मांगने शुरू कर दिए, तथा मेरी बहन के साथ मारपीट करने लगे तब हमने उन्हें?1लाख दे दिए थे म्उसके बाद भी 2 लाख मांगने लगे तथा मेरी बहन से मारपीट भी करने लगे।म्हमारे पास इतने रुपए न होने पर उन्हें समझाने का प्रयास किया गया। 25 मार्च की रात्रि 11:00 बजे हमें किसी ने फोन पर बहन के गांव से सूचना दी।

भारत में अवैध रूप से घुस रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जनपद के मोहाना थाना तथा सीमा सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा बभनी तिराहे के पास से भारत में अवैध रूप से प्रवेश करते समय दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि जनपद में अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल तथा मोहाना थाना की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भ्रमण के दौरान बभनी तिराहे से दो चीनी नागरिक एक महिला व एक पुरुष को भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करते समय गिरफ्तार किया गया है ।

खाकी के गुमान में सोती रही पुलिस,शटर तोड़कर नगदी समेत मोबाइल ले उड़े चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। होली की रात खोरहंसा चौकी पुलिस सोती रही और बेखौफ चोर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का शटर इत्मीनान से तोड़कर अंदर रखी नगदी समेत मोबाइल व अन्य सामान पार कर दिए। सबसे बड़ी बात यह है कि यह दुस्साहसिक वारदात पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर सुहेल मार्केट में स्थित उस दुकान में अंजाम दी गयी, जिसके ऊपर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक है और इसकी सुरक्षा के लिए ड्यूटी का दावा किया जाता है।कोतवाली देहात की खोरहंसा चौकी पुलिस की नाक के नीचे हुई चोरी की घटना ने रात्रि गश्त के दावे की पोल खोलकर रख दी है। बताते हैं कि खोरहंसा चौकी से महज कुछ कदम दूरी पर गोण्डा-अयोध्या हाईवे पर स्थित सुहेल मार्केट में मेराज मोबाइल शॉप है, जिसमें लगा शटर तोड़कर 25/26 मार्च की रात में चोर नगदी समेत मोबाइल व अन्य सामान चोरी करके चंपत हो गये और बगल में ही चौकी पुलिस

सोती रही। यहां सबसे बड़ी बात यह है कि सुहेल मार्केट में ऊपरी मंजिल पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक भी है, जहां रात में सुरक्षा के लिए गार्ड की ड्यूटी लगाए जाने का दावा किया जाता है। बताया जाता है कि दुकान का शटर काटकर अलग करने में कम से कम दो घंटा लगा होगा लेकिन इस बीच पास में ही स्थित चौकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी और डायल 112 भी नदारद रही। सुबह दुकान का शटर टूटा देखकर हड़कंप मच गया।मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस भी पहुंची और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती में जुट गई।सूत्र बताते हैं कि पीड़ित दुकानदार पर भी पुलिस द्वारा दबाव बनाया गया। कुछ दलालों के जरिए चोरी की इस घटना को पुलिस द्वारा दबाने की असफल कोशिश भी की गयी लेकिन तब तक घटना की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।कस्बे के लोगों का कहना है कि जब पुलिस चौकी की नाक के नीचे चोरी की घटना हो जाती है और पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के बजाय अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का प्रयास करती है। ऐसे में वह क्षेत्र में कैसे सुरक्षा व्यवस्था को संभाल पाएगी।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही: इन्द्र विक्रम सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने चेतावनी दी है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय पर निर्वाचन के प्रभारी/सह प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक कर रहे।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न प्रभारों जैसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण, स्वीप, टेन्टेज व्यवस्था, मतदाता सूची सम्बंधी समस्त कार्य, स्ट्रांग रूम, मानचित्रों की तैयारी, लेखन सामग्री/लाजिस्टिक व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, पोस्टल बैलेट एवं ईटीपीबीएमएस व्यवस्था, ईवीएम व्यवस्था, प्राप्ति एवं प्रेषण निर्वाचन सामग्री, आदर्श आचार संहिता/कानून एवं शान्ति व्यवस्था/सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, प्रेषक व्यवस्था, वीडियोग्राफी/वेबकास्टिंग/सीसीटीवी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, कन्ट्रोल रूम/कॉल सेन्टर/निर्वाचन संबंधी शिकायत प्रकोष्ठ/सी-विजिल, सूचना सेल/मीडिया/एससीएमसी, कम्यूनिकेशन प्लान एवं रूट चार्ट, मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थल का निर्माण एवं मतदान सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं, साफ सफाई एवं पेय जल व्यवस्था, पोल डे मॉनिटरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सिक्योरिटी एवं आई0टी0 सेल सम्बंधी व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, यात्रा भत्ता/मानदेय वितरण, खानपान व्यवस्था, अग्निशमन, कार्मिक कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण व्यवस्था, विधि प्रकोष्ठ की तैयारियों के बारे में प्रभारी/सह प्रभारियों से विस्तृत जानकारी लीजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समय से पूर्व ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए और प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रतिदिन समक्ष अधिकारी को प्रस्तुत की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों को दिशा–निर्देशों के अनुसार नोटिस भेजते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। बैठक में अनुपस्थित रहने वालों को स्पष्टीकरण के नोटिस दिये।

चेयरमैन ने भाजपा प्रत्याशी के पूरनपुर प्रथम आगमन पर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।लोकसभा पीलीभीत-बहेड़ी क्षेत्र से जितिन प्रसाद के भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के पश्चात पूरनपुर प्रथम आगमन पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने जितिन प्रसाद से भेंट-वार्ता कर उनका स्वागत किया।होली के दिन राम होटल पूरनपुर में होली मिलन समारोह में आये लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उनको पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनों से संवाद करते हुए होली की बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने मोदी जी के 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से पूर्ण सहयोग करने की और युद्ध स्तर पर चुनाव लड़ाने की अपील की।इस कार्यक्रम में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,लोकसभा चुनाव प्रभारी व एम एल सी डॉ सुधीर गुप्ता, लोकसभा चुनाव जिला संयोजक दीपक अग्रवाल, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री एवं भारतेन्दु सिंह,मण्डल अध्यक्ष हर्ष प्रधान, विवेक तिवारी,नितिन दीक्षित,संजीव त्रिवेदी, सुभाष श्रीवास्तव, शिवम जायसवाल, हर्ष गुप्ता, डॉ दिनेश गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता,संजय सक्सेना एड., संजय पाण्डेय एड., संजय विश्वास एड व अन्य कई पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने किया नामांकन

पीलीभीत।सपा प्रत्याशी भगवत सरन गगवार ने किया नामांकन पीलीभीत में प्रथम चरण के नामांकन के तीसरे दिन मंगलवार को पीलीभीत लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। लोकसभा 2024 आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले की लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा जिसके प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ,जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष नरेश मिश्रा कट्टर,छात्र नेता नोमान अली वारसी,यूसुफ कादरी,महिला मोर्चा की पदाधिकारी, अधिवक्ता सभा के पदाधिकारी,कांग्रेस जिला अध्यक्ष,युवा कांग्रेसी नेता ऋषभ पांडे,सहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

बेनूर आंखों में रोशनी का नूर भरने का हुनर मेडिकल कॉलेज में नि:शुल्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अपनी हिकमतों से मरीजों को मुतमईन करने का फन अगर देखना है तो स्वशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज में मृदुभाषी और सबसे ज़्यादा सरल वरिष्ठ.नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल से मिलकर देखें। हांथो में जादूई हुनर और आप्रेशन में सफलता के हरबार प्रतिशत बढ़ाने में कामयाबी हासिल करने वाले आज भी कम से कम दो दर्जन सफल आंखों की सर्जरी से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को राज्य सर्कार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का पूरा लाभ देने का काम कर रहे है। देश का नामचीन आंखों का अस्पताल मदुरै से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात जिले के मेडिकल कॉलेज में बतौर वरिष्ठ नेत्र सर्जन के पद पर रहते हुए हजारों सफल आप्रेशन करने का रिकॉर्ड डाक्टर सुनील पटेल के नाम दर्ज है। पिछले लंबे समय से नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल जिले में तैनात रहते हुए बेदाग रहे है। आज तक डां.पटेल पर एक भी इल्जाम नही है, जिससे उनकी साफ-सुथरी छवि पर ग्रहण लगा हो, उनके काम से उनके उच्चाधिकारी भी काफी खुश और प्रभावित रहते है,डां.सुनील पटेल का कहना है की सरकार इतना हमें वेतन के रूप में देती है जिससे मेरा परिवार बहुत अच्छे से चलता है। जहां तक मरीजों का मामला है तो पैसे वाले तो चाहे जहां जाकर ईलाज करवा सकते है, लेकिन जो आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके लिए यही एक सहारा है, ऐसे में उनके साथ बहुत बेहतर करने का प्रयास मैं करता हूं।

पारिवारिक कलह से तंग आकर तीन बच्चों के पिता ने लगाई फांसी

सुलतानपुर। पारिवारिक कलह से तंग आकर तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वही युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव की है। गांव निवासी सूरज मोची (40वर्ष) पुत्र सुंदर ने मंगलवार सुबह कमरे के अंदर पंखे के हुक में फंदा लगाया और उस पर झूल गया। काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आया तो पत्नी कमरे में गई। वहां पति को लटकता देख उसकी चीख निकल पड़ी। मां की चीख सुनकर बच्चे भी वहां पहुंच गए और पिता की हालत पर वे सभी भी जोर जोर से रोने पीटने लगे।

अमेठी में घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला पर आवारा सांड़ ने किया हमला, मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अमेठी में आवारा जानवरों के आतंक से लोग डरे हुए हैं। जहां आवारा सांडों के हमले से लोगों की मौत हो रही है। एक सप्ताह पहले एक किसान खेत से घर जा रहा था तभी रास्ते में सांड ने उस पर हमला कर दिया और किसान की मौत हो गई, वहीं शनिवार देर शाम घर के बाहर खड़ी बुजुर्ग महिला पर एक सांड ने हमला कर दिया और बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी दरअसल, पूरी घटना जामो थाना क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव के जवाहरलाल का पुरवा गांव की है, जहां शनिवार देर शाम बुजुर्ग महिला शिवकली अपने घर के बाहर खड़ी थी तभी एक सांड ने महिला पर पीछे से हमला कर दिया। सांड़ के हमले से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। विधिक कार्रवाई में जुटी पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई। बुजुर्ग महिला की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों में आवारा जानवरों के प्रति आक्रोश भरा हुआ है।

पुलिस ने स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो और मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत दो अलग अलग स्थानों से तिरसठ ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है।थाना जामो के उप निरीक्षक संजीव कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सूरज मिश्रा पुत्र स्वर्गीय बृजेश मिश्रा निवासी ग्राम टिकरा थाना जामो उम्र करीब बाइस वर्ष को नहर पटरी से आगे बरमबाबा के पास से सैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थाना मोहनगंज के उप निरीक्षक राम नरेश सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त संजय सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह निवासी लोनारा महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब चालीस वर्ष को ओनडीह तिराहे के पास से सोलह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद आज करेंगे नामांकन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोकसभा क्षेत्र 26 पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जितिन प्रसाद कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार आज अपने समर्थकों के साथ करेंगे नामांकन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,यूपी सरकार के जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

बरखेड़ा में भाजपा प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के प्रथम बार आगमन पर बरखेड़ा में स्थित अनुराग बैंकट हॉल में बड़े ही जोरदार तरीके से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानो के साथ पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत करके भारी बहुमत से जीताने की अपील की है। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद,बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

चेयरमैन ने पूर्णागिरि पदयात्रा पर निकले भक्तों का किया स्वागत

पुरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद के मोहल्ला गणेशगंज में प्रेम प्रकाश गुप्ता के निवास से माँ पूर्णागिरि मंदिर को लगभग 40 भक्तों का जत्था पदयात्रा पर रवाना हुआ।इस अवसर पर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने सभी भक्तों का स्वागत किया व जल व अन्य जरुरी सामान सेवा के रूप में प्रदान किया।

होली के त्यौहार पर राज्यमंत्री ने गले मिलकर दी बधाई

तिलोई क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया होली का त्यौहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।होली के त्यौहार में जमकर अबीर गुलाल उड़ा और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एव क्षेत्रीय विधायक के साथ ही ब्लाक प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने गले मिलकर होली की बधाई दी है।क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन वैदिक रीति रिवाज के अनुसार किया गया।होली के त्यौहार पर स्थानीय पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा।होलिका दहन से लेकर जुलूस निकालने तक क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित कराने के लिये पुलिस प्रशासन का सहयोग करते रहे।क्षेत्र के कस्बा सेमरौता, इन्हौना,अहोरवा भवानी,सातनपुरवा, राजाफत्तेपुर, तिलोई, शंकरगंज, शाहमऊ,मोहनगंज सहित अन्य गांवों में होली का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।होली के त्यौहार पर राजभवन तिलोई में खूब अबीर गुलाल उड़ाया गया।समर्थकों के उल्लास के चलते राजभवन तिलोई में होली भगवामय रही। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एव क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने अपने आवास पर आम जनमानस से गले मिलकर होली की बधाई दी है इसके अलावा ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, बहादुरपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश कुमार सिंह, समाज सेवी अमर जीत सिंह ने भी अपने आवास पर समस्त क्षेत्र वासियों से गले मिलकर होली की बधाई दी है।

पंचायती राज विभाग कार्यालय में इस अंदाज़ में मनाई गई होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिला पंचायती राज विभाग कार्यालय में नए अंदाज़ में मनाई गई होली।होली की छुट्टी से पहले जिला पंचायती राज विभाग कार्यालय में कर्मचारियों ने एक दूसरे को रंग लगा होली की शुभकामनाएं दीं। विकास भवन स्थित जिला पंचायती राज विभाग कार्यालय में कमचारियों ने जिला पंचायती राज अधिकारी डीपीआरओ सतीश कुमार संग मिलकर होली का त्योहार सेलिब्रेट किया है।गौरतलब है कि होली की छुट्टियां शुरू हो रहीं हैं।इसके चलते कर्मचारियों ने सारे ज़रूरी सरकारी कार्य खत्म करने के बाद,कार्यालय में एक दूसरे को रंग,अबीर लगा होली की शुभकामनाएं दीं।सबसे पहले कर्मचारियों ने डीपीआरओ सतीश कुमार को रंग लगा होली की शुभकामनाएं दी।डीपीआरओ ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात कही है।

नदी में डूबे युवक के शव का नही लगा सुराग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी,होली का त्यौहार उस समय मातम में बदल गया जब होली के दिन सोमवार को होली खेलने के बाद नहाने के लिये गोमती नदी में दोस्तो के साथ पहुंचे नहाते समय एक युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद भी शव नदी से बरामद नही हो सका रेस्क्यू टीम खोजबीन कर रही है।मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे भवानी मजरे मांझगांव का है जहा होली के दिन राम प्रकाश पुत्र पटेबाज उम्र चौबीस वर्ष अपने दोस्तों राजबहादुर, समर बहादुर, गोलू आदि के साथ होली खेलने के बाद मांझागांव के पास गोमती नदी में नहाने पहुंचा जहां नहाते समय राम प्रकाश नदी में डूबने लगा,साथ के दोस्तों ने बताया कि जब तक हम लोग बचाने का प्रयास करते देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया।दोस्तों के शोर मचाने के बाद आस पास के मौजूद लोग खोजबीन करने के साथ घर के लोगों को अवगत कराया। कुछ देर में ही नदी तट पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी।नदी में जाल डालकर नाव पर सवार होकर गोताखोर की मदद से सभी लोगो ने युवक की तलाश की परंतु खबर लिखे जाने तक काफी प्रयास के बाद भी युवक का पता नही चला।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया गांव में खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। उपजिलाधिकारीअभिनव कनौजिया,क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया। ग्राम प्रधान जय सिंह ने बताया कि गोताखोरों को बुलाया गया है शाम तक पहुंचकर तलाश करेंगे। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि होली खेलने के बाद एक युवक दोस्तों के साथ नहाने गया था जो नदी में डूब गया है ।

मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का करें प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने के दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है उन्हें अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होने 12 वैकल्पिक दस्तावेजो के सम्बन्ध में बताया है कि आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अर्न्तगत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान, सांसदो/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार है। उन्होने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची बी0एल0ओ0 के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 05 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गये है। मतदाता सूची पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये मतदाता पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

वरुण गांधी कांग्रेस या सपा किसके साथ जाएंगे

वरुण गांधी, रायबरेली, अमेठी या पीलीभीत ही कौन सी होगी सीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। रविवार रात बीजेपी ने 111 उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट जारी की। पांचवीं सूची में सबसे चौंकाने वाला फैसला फायरब्रांड नेता वरुण गांधी को पीलीभीत सीट से बाहर करना है। वरुण गांधी के टिकट को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब खत्म हो गया है। अब सबकी नजर इस पर है कि वरुण गांधी क्या फैसला लेंगे क्योंकि नामांकन के लिए सिर्फ एक दिन बचा है। पीलीभीत में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। बुधवार को नामांकन पत्र जमा करने का आखिरी दिन है। बताया जा रहा है कि आज सपा और बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।दरअसल पिछले चार चुनावों से पीलीभीत लोकसभा सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा है। इस सीट से फिलहाल वरुण गांधी सांसद हैं। वरुण गांधी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर मुखर रहे हैं। उनके बयानों से काफी चर्चा हो चुकी है।हालांकि कुछ समय पहले उनके बयानों में नरमी आई थी लेकिन तब तक उनके टिकट को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। बीजेपी की पहली सूची जारी होने के बाद कई दावेदारों के नामों पर चर्चा हुई। इनमें जितिन प्रसाद का नाम भी शामिल था। रविवार रात पार्टी ने सूची में जितिन प्रसाद के नाम पर मुहर लगा दी।इसके साथ ही जिले में चुनावी हलचल तेज हो गयी है। वरुण गांधी वरुण गांधी का टिकट कटने के बाद नई चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। क्या अब वरुण गांधी दूसरी पार्टी में जाएंगे। दरअसल नामांकन के पहले दिन वरुण गांधी के प्रतिनिधि ने भी नामांकन पत्र खरीदा था जो अब चर्चा में है। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वरुण गांधी कांग्रेस का हाथ थामेंगे या फिर साइकिल की सवारी करेंगे। सपा में जाने की संभावना इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि गुरुवार को पीलीभीत लोकसभा सीट से बसपा के घोषित प्रत्याशी पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार का चौंकाने वाला वीडियो सामने आया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए बीजेपी नेता वरुण गांधी काफी भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि वरुण गांधी बड़े नेता हैं। अगर सपा मुखिया पीलीभीत से चुनाव लड़ना चाहेंगे तो वह बिना कुछ कहे अपनी उम्मीदवारी छोड़ देंगे। हालांकि बयान वायरल होने के कुछ देर बाद भगवत सरन ने वीडियो में इस बात से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। नवाबगंज के अहमदाबाद गांव निवासी भगवत सरन गंगवार सपा के कद्दावर नेता हैं और प्रदेश मंत्री रह चुके हैं। पार्टी ने इस बार उन्हें पीलीभीत लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।बुधवार को टिकट की घोषणा के बाद भगवत सरन ने गुरुवार को मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि उनका स्वभाव राजनीतिक से ज्यादा आध्यात्मिक है। उनके गुरु ने कहा है कि परेशान लोगों की मदद करो। इसलिए उनका कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। इस बातचीत में उन्होंने वरुण गांधी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि न केवल वरुण बल्कि उनकी बहन प्रियंका गांधी या भाई राहुल गांधी भी सपा प्रमुख से पीलीभीत सीट छोड़ने का अनुरोध करेंगे सीट छोड़ने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। बाद में उन्होंने खुद को इस बयान से अलग कर लिया।उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण गांधी भी कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस उन्हें अमेठी या रायबरेली सीट से उम्मीदवार बना सकती है।

होली के दिन खेली गई खून की होली

पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, महिला समेत 3 घायल, बीती रात दो आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लंभुआ कोतवाली अंतर्गत भरखारी गांव में होली के त्योहार में ख़ून की होली खेली गई। पुराने विवाद में एक पक्ष से दूसरे पक्ष पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। जिसमें एक युवक की जान चली गई। अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज जारी है। एसपी सोमेन वर्मा मौके पर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार देर शाम की है। जहां लंभुआ कोतवाली अंतर्गत भरखारी गांव में सोहन लाल गिरी और राम प्रकाश गिरी के पक्ष में विवाद हो गया। इसमें लाठी डंडे व धारदार हथियार चल गए। घटना में सोहन लाल गिरी, कमला देवी गिरी पत्नी दयाशंकर, मोहन गिरी पुत्र दयाशंकर गिरी, दयाशंकर गिरी पुत्र राजाराम गिरी घायल हुए हैं। सभी घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लाया गया। जहां डॉक्टर ने सोहन लाल गिरी (30वर्ष) को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज जारी है। घटना की जानकारी होने पर सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम, एसपी सोमेन वर्मा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया। मृतक के भाई ने बताया कि पड़ोस के धर्मेंद्र, मदन, दिनेश, विजय, संदीप आदि ने हमारे परिवार पर हमला बोला। एक साल पहले भी इन लोगों ने मारपीट की थी बाद में सुलह हो गई थी। आज धोखे से हमला किया गया है। एसपी ने बताया कि परिवार से तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक की टक्कर लगने पर किया विरोध, दलित युवक को पीट कर किया अधमरा

सुल्तानपुर। शिवगढ़ थाना अंतर्गत बोखारेपुर गांव का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यहां दलित युवक को दबंगों ने पीटकर अधमरा कर दिया। बताया जा रहा कि रास्ते से जा रहे ट्रक की हल्की सी टक्कर लगने का सड़क किनारे खड़े युवक ने विरोध कर दिया था। इसपर कुछ लोगों ने युवक व उसके परिजनों की पिटाई कर दी। दरअसल यह पूरा मामला है शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बोखारेपुर गांव का। जहां की सुदामा देवी पत्नी सवरू कोरी ने शिवगढ़ थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 25 मार्च को सुदामा का लड़का संजय घर के सामने सड़क किनारे खड़ा था रास्ते से जा रहे एक ट्रक से हल्की सी टक्कर का विरोध किया था। आरोप है कि ट्रक वाले का विरोध होता देख संतराम वर्मा सुत राम अवतार वर्मा गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। इतने में संतराम वर्मा के घर के सभी लोग इकट्ठा होकर गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगे। तहरीर के अनुसार सुदामा देवी ने बताया कि बीच बचाव करने पहुंचे सपना, किरण, सवरू व प्रार्थिनी को दबंगों ने घर में घुसकर मारा पीटा और गली गलौज किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिवगढ़ कोतवाली के पुलिस मामले को संज्ञान में लेते हुए तहरीर के आधार पर पड़ताल शुरू करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से मारपीट व गाली गलौज करना पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर। चतुर्थ श्रेणी कर्मी से मारपीट व गाली गलौज के मामले कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हो गया है। चतुर्थ श्रेणी कर्मी पंडित रामबली मिश्र श्री शोभाराम राष्ट्रीय इंटर कालेज चंदीपुर में कार्यरत है।

जानकारी के अनुसार चतुर्थ श्रेणी कर्मी घनश्याम मिश्र डीआईओएएस आफिस में जमा करने के लिए आवश्यक कागजात लेकर गया था। जहां पर बजरंग दूबे सुत दयाशंकर दूबे निवासी पिपरी साईनाथपुर थाना कूरेभार व अन्य दो लोगो ने पहुंचकर उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारा पीटा। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि कौन से कागजात लेकर आये हो दिखाओ, वरना जान से मार दूंगा। आरोपी गोली मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया नामजद मुकदमा दर्जकर विवेचना की जा रही है।

स्वतंत्र जांच जरूरी

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव व आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला नया नहीं है। खासकर चुनावी वेला में तो यह स्थिति चरम पर होती है। लेकिन इस टकराव का प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के स्वाभाविक प्रभाव को बाधित करने वाला नहीं होनी चाहिए। युद्ध की तरह से राजनीति के भी अपने नियम होते हैं और मुकाबले के लिये बराबर का अवसर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही यह जरूरी है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध को दूर करने के लिये संवाद की प्रक्रिया भी निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि अनावश्यक गतिरोध को टाला जा सके। बीते गुरुवार को देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाए गए कि खाते फ्रीज करके पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश सत्ता पक्ष की ओर से की जा रही है। यूं तो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में लगातार सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों पर हमलावर रही है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों की गंभीरता पर भी विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और विश्वसनीय बनाने के लिये विपक्षी दलों को मुकाबले का बराबर अवसर तो मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व प्रामाणिकता को संबल मिलता है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य विपक्षी पार्टी को आयकर विभाग की कार्रवाई से वित्तीय संकट की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की मुद्दे को लेकर गंभीरता इस बात से भी उजागर होती है कि हाल-फिलहाल यह पहला अवसर है कि पार्टी के तीन शीर्ष नेता कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। विशेष तौर पर ऐसी स्थिति में जब देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है कांग्रेस के आक्षेप को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।निश्चित रूप से किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सत्ता पक्ष विपक्षी राजनीतिक दलों को बराबर का मौका उपलब्ध कराये, जिससे चुनावी मुकाबला न्यायसंगत बना रह सके। यदि मुख्य विपक्षी दल यह आरोप लगाए कि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी के खाते फ्रीज करके उसके चुनाव लड़ने और प्रचार करने में बाधा उत्पन्न हुई तो यह स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिये अच्छा नहीं है। निश्चित रूप से कांग्रेस के आरोपों की स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए। पार्टी का कहना है कि खाते फ्रीज होने से पार्टी के समक्ष उत्पन्न आर्थिक तंगी से पार्टी न विज्ञापन दे सकती है और न ही अपने नेताओं के लिये हवाई टिकट बुक करा पा रही है। उसका यह भी कहना है कि उसे रैली आयोजित करवाने में परेशानी हो रही है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों से इतर सरकार व आयकर विभाग के अधिकारियों की अपनी दलीलें हैं। उल्लेखनीय है कि गत 13 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने आईटीएटी के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें सौ करोड़ से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिये कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी थी। ऐसे में इस मुद्दे पर अंतिम राय बनाने से पहले सभी पक्षों के तर्कों पर विचार भी जरूरी है। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पार्टी की हताशा का परिणाम बताया है। यह भी कि कांग्रेस के आरोपों से भारतीय लोकतंत्र की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य निर्विवाद है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों को अनुचित ही कहा जाएगा। इससे चुनावों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है। विपक्षी दलों के इन आरोपों को भी बल नहीं मिलना चाहिए कि सरकार विपक्ष को दबाने के लिये सरकारी एजेंसियों व विभागों का इस्तेमाल कर रही है। निश्चित रूप से ऐसे आरोपों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को लेकर अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

रोहिंग्याओं पर कोई समझौता नहीं, इनके मानवीय अत्याचारों को नहीं किया जा सकता माफ

रोहिंग्या आतंकियों ने रखाईन प्रांत में रह रहे हिंदुओं पर आरोप लगाया कि वे म्यांमार की बौद्ध सरकार का समर्थन करते हैं और उनके अलगाववादी विचारधारा के खिलाफ सरकार की सहायता कर रहे हैं। 'एमनेस्टी' ने अपनी पड़ताल में पाया कि रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने वर्ष 2017 में म्यांमार में 99 हिन्दुओं का नरसंहार किया था। हिंदू बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को मारकर जमीन में दबा दिया था। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की रिपोर्ट कहती है, नकाबपोश रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने सुबह-सुबह गांव में घुसकर हिन्दू महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को घेरा, उनके घरों को लूटा । इसके बाद पुरुषों को अलग करके सबसे पहले उनका नरसंहार किया था। मारे गए इन हिन्दुओं की लाशें बाद में एक सामूहिक कब्र में पाई गईं। इस दौरान रोहिंग्या मुस्लिमों ने कुछ महिलाओं को तभी छोड़ा, जब उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करा दिया गया। बाकी सभी को मारकर दफना दिया गया था । वहीं, जिन आठ महिलाओं ने मुस्लिम बनने की शर्त कबूल कर अपनी जान बचाई, उनकी गवाही भी एक तथ्य के रूप में आज मौजूद है। जांच में यह भी सामने आया है कि रोहिंग्या आतंकियों ने इसके अतिरिक्त भी अन्य कई मौकों पर हिन्दुओं को निशाना बनाया था। म्यांमार में जब रोहिंग्याओं के अत्याचार बढ़ने लगे, तब यहां की सरकार ने अपने देशवासियों के लिए विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद समेत अन्य कई सख्त कानून लागू किए । जिसमें ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ पाए और यहां से पलायन करने लगे।

भारत में अवैध तरीके से घुसे रोहिंग्याओं पर देश में ही वकालत करने वाले खड़े हो गए हैं। ऐसे सभी लोग भारत में अवैध तरीके से की गई इनकी पूरी घुसपैठ को कभी सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) से जोड़कर देखते हैं, तो कभी तिब्बत और श्रीलंका के शरणार्थियों के समान ही भारत सरकार द्वारा रोहिंग्याओं के साथ व्यवहार किए जाने की बात करते हैं। किंतु इस सब के बीच रोहिंग्याओं का समर्थन करनेवाले यह विचार करना भूल जाते हैं कि क्या उन लोगों को भारत में नागरिकता प्रदान की जानी चाहिए, जिन्होंने अपने ही देश म्यांमार में बहुसंख्यक समाज के ऊपर अत्याचार किए। जिसका परिणाम हुआ कि शांति प्रिय बौद्ध हिंसा करने के लिए मजबूर हो उठे। इन घटनाओं को क्रमशः आप देखिए; 1962 से 2011 तक वर्मा में सैनिक शासन रहा, इस दौरान यहां के नागरिक रोहिंग्या मुसलमान चुप बैठे रहे। किंतु जैसे ही इस देश में लोकतंत्र की बहाली हुई, यह सड़कों पर प्रदर्शन करने, स्थानीय बहुसंख्यक बौद्ध समाज को प्रताड़ित करने, यहां तक कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने, पुलिस और सेना तक को अपना निशाना बनाने लगे। म्यांमार का हाल यह हो गया था कि शांति के उपासक बहुसंख्यक बौद्ध पहले इनसे घबराए हुए थे । फिर इन बौद्धों ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए शांति का मार्ग छोड़ दिया। वर्ष 2012 में एक बौद्ध धर्म की युवती का बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी जाती है, इस घटना से बौद्ध इतने आक्रोशित हुए कि उन्होंने भी सामने से रोहिंग्याओं से लड़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान इन रोहिंग्याओं की ''अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी'' (एआरएसए), अक्टूबर 2016 में बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर सैन्य चौकियों पर हमला करती है, जिसमें नौ सीमा अधिकारी और चार सैनिक मारे गए। यही आतंकी संगठन 25 अगस्त 2017 को 30 पुलिस चौकियों और एक सेना के बेस पर आक्रमण कर देता है, जिसमें 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत होती है। फिर जब म्यांमार की सेना रोहिंग्या बहुल क्षेत्र को अपने अधिकार में लेती है, तब वहां हिन्दुओं और बौद्धों की सामूहिक कब्रें मिलती हैं और पूरी दुनिया को पहली बार यह पता चलता है कि ये रोहिंग्या कितने क्रूर हैं। अब तक अनेक मीडिया रिपोर्ट आ चुकी हैं, 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' ने भी रोहिंग्याओं द्वारा प्रताड़ित किए गए लोगों से बात की थी। साक्ष्यों के आधार पर इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने पाया कि इन रोहिंग्याओं ने यहां अल्प जनसंख्या में रहनेवाले हिन्दुओं पर भी भयंकर अत्याचार किए । रोहिंग्या आतंकियों ने रखाईन प्रांत में रह रहे हिंदुओं पर आरोप लगाया कि वे म्यांमार की बौद्ध सरकार का समर्थन करते हैं और उनके अलगाववादी विचारधारा के खिलाफ सरकार की सहायता कर रहे हैं। 'एमनेस्टी' ने अपनी पड़ताल में पाया कि रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने वर्ष 2017 में म्यांमार में 99 हिन्दुओं का नरसंहार किया था। हिंदू बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को मारकर जमीन में दबा दिया था। 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की रिपोर्ट कहती है, नकाबपोश रोहिंग्या मुस्लिम आतंकियों ने सुबह-सुबह गांव में घुसकर हिन्दू महिलाओं, बच्चों और पुरुषों को घेरा, उनके घरों को लूटा । इसके बाद पुरुषों को अलग करके सबसे पहले उनका नरसंहार किया था। मारे गए इन हिन्दुओं की लाशें बाद में एक सामूहिक कब्र में पाई गईं। इस दौरान रोहिंग्या मुस्लिमों ने कुछ महिलाओं को तभी छोड़ा, जब उन्हें इस्लाम में परिवर्तित करा दिया गया। बाकी सभी को मारकर दफना दिया गया था । वहीं, जिन आठ महिलाओं ने मुस्लिम बनने की शर्त कबूल कर अपनी जान बचाई, उनकी गवाही भी एक तथ्य के रूप में आज मौजूद है। जांच में यह भी सामने आया है कि रोहिंग्या आतंकियों ने इसके अतिरिक्त भी अन्य कई मौकों पर हिन्दुओं को निशाना बनाया था। म्यांमार में जब रोहिंग्याओं के अत्याचार बढ़ने लगे, तब यहां की सरकार ने अपने देशवासियों के लिए विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद समेत अन्य कई सख्त कानून लागू किए । जिसमें ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ पाए और यहां से पलायन करने लगे। सबसे पहले इन्होंने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करना शुरू किया। कई बांग्लादेश पहुंचे । रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है। अतीत में, उत्तर-पूर्व के आतंकवादियों ने भारत में आतंकवादी हमलों से पहले और बाद में इस क्षेत्र में आश्रय लिया था। रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्करे-तोयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैशे - मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी । सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो । दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बनभूलपुरा इलाके में तकरीबन 5,000 रोहिंग्या मुसलमान और अन्य बाहरी लोग रहते हैं। बांग्लादेश के रास्ते भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं ने नेपाल के बाद भारत के मैदानी और पहाड़ दोनों ही स्थानों पर अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। देश की राजधानी दल्ली, इससे सटे हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड, त्रिपुरा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में भी हिंसा, बालात्कार, लूट, ड्रग सप्लाई जैसे कई अपराधिक गतिविधियों में अनेकों बार इनकी संलिप्तता सामने आती रही है। फिर भी भारत में ऐसे लोगों की कोई कमी नहीं जोकि मानवाधिकारों के नाम पर इन अपराधी रोहिंग्याओं की वकालत कर रहे हैं । इन्हें स्थायी रूप से भारत में बसाने के लिए उच्चतम न्यायालय तक में याचिका लगा रहे हैं और भारत की सरकार को ही कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। इस संबंध में पकड़े गए रोहिंग्याओं की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट गईं प्रियाली सूर की याचिका पर जो जवाब मोदी सरकार ने दिया है, वह निश्चित ही स्वागत योग्य कदम है। केंद्र सरकार ने आज साफ बता दिया है कि अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों से विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निपटा जाएगा। रोहिंग्याओं ने भारत में अवैध रूप से आकर बड़ी संख्या में फर्जी आधार, वोटर आईडी जैसे पहचान पत्र बनवा लिए हैं। इसकी विश्वसनीय जानकारी है कि वो यहां मानव तस्करी समेत देशभर में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं और आंतरिक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ये गंभीर खतरा हैं। सरकार ने फिर से स्पष्ट किया है कि एक विदेशी को केवल संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। उसे देश में रहने और बसने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही उपलब्ध है। इसके साथ ही यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत यूएनएचसीआर शरणार्थी कार्ड को मान्यता नहीं देता, जिसे कुछ रोहिंग्या मुसलमानों ने यह सोचकर हासिल कर लिया है कि इस आधार पर वो भारत में शरणार्थी का दर्जा पा लेंगे। इतना ही नहीं केंद्र ने यह भी साफ कर दिया है कि भारत पहले से ही बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों ने कुछ सीमावर्ती राज्यों (असम और पश्चिम बंगाल) की डेमोग्राफी ही बदल दी है। मोदी सरकार ने अपने हलफनामे में सुप्रीम कोर्ट के ही कई फैसलों का हवाला दिया है । साथ ही सरकार द्वारा न्यायालय को भी यह बता दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों की एक सीमा है और वह उस हद को पार करके संसद की शक्तियों को कमतर नहीं कर सकता है। न्यायपालिका को संसद और कार्यपालिका के विधायी और नीतिगत क्षेत्रों में प्रवेश करके अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों को शरणार्थी का दर्जा देने के लिए एक अलग कैटिगरी बनाने का कोई अधिकार नहीं है। कहना होगा कि केंद्र सरकार का यह स्पष्ट निर्णय अवैध प्रवासन से उत्पन्न चुनौतियों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आसुरी शक्ति के मिटने का वक्त आ गया?

प्रो. रविकांत

राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद 17 मार्च को मुंबई के शिवजी पार्क में कांग्रेस पार्टी की रैली हुई। रैली में शरद पवार, उद्धव ठाकरे, फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और तेजस्वी यादव जैसे तमाम विपक्ष के नेता एकजुट हुए। राहुल गांधी की यात्रा और देश की सियासत पर बारी-बारी से सबने बात रखी। ऐसे समय में जब विपक्षी नेताओं और लोगों पर सत्ता का बुलडोजर चल रहा है, देश राहुल गांधी की तरफ देख रहा है। जब लोकतंत्र और संविधान की सारी संस्थाएं एक-एक करके ढहाई जा रही हैं, ऐसे में सड़क का संघर्ष ही श्भारत के विचारश की रक्षा कर सकता है। जैसे आजादी के आंदोलन में गांधी, नेहरू, पटेल और अंबेडकर के साथ सड़क पर एकजुट होकर लोगों ने अंग्रेजी सत्ता का मुकाबला किया था, वैसे आज राहुल गांधी की दोनों यात्राओं में लोग निर्भय होकर साथ बढ़ चले। इन यात्राओं ने नफरत और डर से खामोश लबों को अन्याय और अत्याचार की आपबीती कहने-बोलने के लिए प्रेरित किया। राहुल गांधी की खासियत यह है कि वे गांधी परिवार से नेता बने, फिर नेता से लोगों की उम्मीद बने। राहुल गांधी सच की बेखौफ आवाज हैं।

शिवजी पार्क की रैली में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी की असलियत से पर्दा उठा दिया। उन्होंने कहा कि- मोदी सिर्फ एक मुखौटा हैं। महज एक एक्टर हैं। असली शक्ति कहीं और है जो मोदी को संचालित कर रही है। मोदी तो कठपुतली हैं। उस शक्ति के हाथ में मोदी की बागडोर है। यह शक्ति पूंजी की सत्ता है। यह सत्ता अंबानी और अडानी की है। मोदी की जान ईडी, सीबीआई और ईवीएम में है। लेकिन यह ईडी और सीबीआई किसके लिए काम कर रहे हैं? केवल मोदी और बीजेपी के लिए नहीं बल्कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसी का इस्तेमाल अडानी के लिए हो रहा है। सड़क, सुरक्षा, बिजली के संयंत्र से लेकर के कोयले की खदान, रेलवे, एयरपोर्ट और बंदरगाहय सब कुछ अडानी के कब्जे में जा रहे हैं। पूंजी का संकेंद्रण एक-दो हाथों में हो रहा है। ऐसे ही पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपया मोदी सरकार माफ कर देती है। लेकिन किसानों की कर्जमाफी और एमएसपी के लिए सरकार की दलील है कि उसके पास पैसा नहीं है। 5 ट्रिलियन इकॉनामी और विकसित भारत का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली में असमर्थ क्यों है? देश के नौजवानों के लिए फैलोशिप और नौकरियों के लिए सरकार के पास पैसा क्यों नहीं है? क्या मोदी नौजवानों को अंबानी-अडानी के लिए सस्ते मजदूर बनाना चाहते हैं? और तो और सेना में नौजवानों को अग्निवीर बनाकर चार-पांच साल बाद रिटायर करने की योजना है। क्या अग्निवीर जैसी योजना सरकारी खर्चे पर ट्रेनिंग देकर और रिटायर करके नौजवानों को पूंजीपतियों को सस्ते सुरक्षा गार्ड मुहैया कराना है? दुनिया के सबसे बड़े नौजवान देश के लिए नौजवानों को सामाजिक सुरक्षा हासिल नहीं है। ऐसे में देश किसी अनरेस्ट की तरफ बढ़ सकता है। लेकिन आगे का काम मोदी और आरएसएस की जिम्मेदारी पर है। नौजवान विद्रोह ना करें, इसलिए उनकी आंखों में श्सब कुछ चंगासीश वाली छवियां लगातार झोंकते रहना जरूरी है। इन छवियों को प्रसारित करने का काम मीडिया के जिम्मे है। मीडिया उसी पूंजीवादी सत्ता द्वारा संचालित है। नौजवानों को धर्म की अफीम चटाकर और छद्म राष्ट्रवाद का नश्तर देकर उनकी चेतना को सुन्न करने का काम लगातार मीडिया द्वारा किया जाता है ताकि नौजवान अपनी बदहाली और बेरोजगारी को अपनी नियति और देश के लिए कुर्बानी समझकर खामोश बैठे रहें। राहुल गांधी ने हिंदू धर्म का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें एक शक्ति होती है। हिन्दू धर्म के मिथकों में आसुरी शक्ति का वर्णन है, जो अन्याय और अत्याचार करती है। एक ऐसी ही शक्ति नरेंद्र मोदी को चला रही है। मेरी लड़ाई इसी शक्ति के खिलाफ है। पूंजीवादी और सामन्तवादी ताकतों के खिलाफ मैं लड़ रहा हूं। लेकिन नरेंद्र मोदी ने बड़ी होशियारी से राहुल गांधी के बयान का भ्रामक प्रचार करते हुए इसे स्त्री शक्ति से जोड़ दिया।

सेहत मंत्र

डाइट में शामिल करें चेरी मिलेगा बहुत फायदा

हर कोई गर्मी के मौसम में रसीले लाल चेरी का आनंद लेना चाहता है। यह लाल फल खट्टेपन के साथ-साथ मीठे स्वाद का भी होता है। चेरी को कच्चा भी खाया जा सकता है या इसे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे कि टार्ट, केक, पाई और चीज़केक में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। चेरी एक कटोरी दही या आपके नाश्ते के लिए एक बेहतरीन टॉपिंग होते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस स्वादिष्ट फल में कई ऐसे गुण हैं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। सुपरफूड्स में से यह फल उच्चतम औषधीय महत्व भी रखता है क्योंकि ये एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, एक अच्छे एंटी-इंफ्लेमेटरी होते हैं और गाउट की रोकथाम और उपचार में उपयोगी होते हैं। चेरी में मेलाटोनिन नामक एक हार्मोन होता है जो अच्छी और शांतिपूर्ण नींद प्रदान करता है। यह आपकी नींद और जागने के साइकल को नियंत्रित करने और शरीर की इंटरनल क्लॉक को नियंत्रित करने के लिए जाना जाता है। आहार विशेषज्ञों का कहना है यदि आप कुछ वज़न कम करने की योजना बना रहे हैं तो अपने आहार में चेरी शामिल करना न भूलें। चेरी में कैलोरी कम होती है, मतलब है कि चेरी के एक कप में 100 से भी कम कैलोरी पायी जाती है। वे विटामिन से समृद्ध होते हैं जो आपके मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया को मजबूत करते हैं, और इसके अंदर मौजूद पानी की मात्रा आपके शरीर से खराब पदार्थों को बाहर निकालती है। आहार विशेषज्ञों का कहना है चेरी में पोटेशियम की एक अच्छी मात्रा होती है जो शरीर से अतिरिक्त सोडियम की मात्रा को हटाने में मदद करता है और पोटेशियम और सोडियम दोनों की मात्रा को संतुलित करता है, जो स्वचालित रूप से आपके रक्तचाप के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।

धर्म मंत्र

जब काशी में एक हजार महिलाओं ने गाया 'शिव तांडव स्त्रोत'

वाराणसी को आध्यात्मिक नगरी होने के साथ ही बाबा भोलेनाथ की नगरी भी कहा जाता है। अगर आपको बनारस आने का सौभाग्य प्राप्त हो, तो आप देखेंगे कि यहां की प्रत्येक गली में आपको एक छोटा शिव मंदिर दिखाई दे जायेगा। आस्था की इस महानगरी का संबंध प्राचीन काल से है। वाराणसी या बनारस में कल-कल बहती मां गंगा की निर्मल धारा अनायास ही भक्तों को अपने पास बुलाती है। बनारस के घाट भारत के सुप्रसिद्ध घाटों में गिने जाते हैं। वहीं आप जब भी संध्या के समय बनारस के गंगा घाटों पर जाएंगे तो आपको भजन कीर्तन करते साधुओं की टोली नजर आ जाएगी। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं वाराणसी में गंगा किनारे हुए एक भव्य आयोजन की। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि नारी शक्ति को सम्मान देते हुए 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवजी को अत्यंत प्रिय 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ कराया गया। इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए भारत के 14 राज्यों से महिलाएं शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस आयोजन को मुंबई की एक संस्था के द्वारा आयोजित किया गया था और महिलाओं को इसमें शामिल कराने का पूरा जिम्मा इस संस्था ने ही उठाया था। इस आयोजन में शामिल हुई महिलाएं जब वाराणसी के गंगा घाट पर लाल और हरे रंग की साड़ी में पहुंची तो नजारा बेहद अद्भुत लग रहा था। वहीं, जब 1000 से भी ज्यादा की संख्या में नारी शक्ति ने एक साथ 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ शुरू किया तब गंगा घाट का नजारा शिवमय हो गया।

पर्यटन

मध्य प्रदेश की खास संस्कृति व धरोहरों को संजोए बुरहानपुर है बहुत ही खास, यहां सैर का बनाएं प्लान

विरासतों की भूमि रही है बुरहानपुर, जहां की यात्रा निश्चित ही आपके लिए अनोखा अनुभव रहेगा। मुगल बादशाह शाहजहां की प्रिय बेगम मुमताज महल का देहांत भी यहीं हुआ था। माना जाता है कि यहां के काले ताजमहल से प्रेरणा लेते हुए ही आगरा में ताजमहल का निर्माण कराया गया। यहां के इतिहास से रूबरू होने के लिए बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक आते हैं। बुरहानपुर जिले में करीब 158 धरोहरें गिनाई जाती हैं, हालांकि पुरातत्व व पर्यटन की सूची में अभी तक इनमें से कुछ ही सूचीबद्ध हो सकी हैं। नागझिरी घाट- भगवान श्रीराम ने अपने वनवास काल में ताप्ती तट के जितने क्षेत्र में भ्रमण किया, उसका स्कंद पुराण के ताप्ती महात्म्य में उल्लेख है। ताप्ती नदी तट के उतने प्रदेश को रामक्षेत्र कहा गया हैं। माना जाता है कि यहां पर श्रीराम ने अपने पिता महाराज दशरथ का पिंडदान भी किया और शिवलिंग की स्थापना भी की। यह स्थान वर्तमान में नागझिरी घाट कहलाता है। इस घाट पर 12 शिव मंदिर हैं, जिन्हें द्वादश ज्योतिर्लिंग का स्वरूप माना जाता है। यहां श्रीराम झरोखा मंदिर में श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी की प्रतिमा वनवासी रूप में विद्यमान है। यह स्थान पुरातन समय में संतों, महात्माओं को खूब आकर्षित करता रहा। उन्होंने इसी स्थान को अपनी साधनास्थली बनाया। अतीत की समृद्ध जैन नगरी- प्राचीन समय में यह शहर जैन नगरी के रूप में भी जाना जाता था, जहां काष्ठकला की अनुपम कारीगरी से सुसज्जित अनेक जैन मंदिर विद्यमान थे। इन्ही में एक भगवान प्रार्श्वनाथ का मंदिर अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध था। 1857 ई. में घटित भयानक अग्निकांड में यह मंदिर पूरी तरह जल गया था। इसके पश्चात यहां नए मंदिर का निर्माण किया गया। मंदिर के प्रवेश द्वारा पर संगमरमर पर बहुत ही कलात्मक नक्काशी उकेरी गई है। मंदिर के भीतर छह खंभे हैं। इन पर बेलबूटे उत्कीर्ण हैं। यहां चार तीर्थंकरों की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं। दूसरे हिस्से में देवी लक्ष्मी व सरस्वती की मूर्तियां हैं। अंदर जाने वाला मार्ग तीन प्रवेश द्वारों से युक्त है।

धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े रंग और गुलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी।स्थानीय नगर सहित पूरे क्षेत्र में रंग गुलाल और अबीर से एक दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्यौहार होली सोमवार को पूरे नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे बूढ़े और जवान सभी होली की मस्ती में थे। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण रही।

रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते होते लोग होली की मस्ती में डूब गए, बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी।सुबह 10 बजे के बाद से गांव-गांव ढोल नगाडों पर हुरियारियों की टोलियां झूमती हुई नजर आयी। होली आई रे कन्हाई होली आई रे, रंग बरसे की धुन पर लोगों का जो थिरकना शुरू किया वह दोपहर 4:00 बजे तक जारी रहा। इस त्योहार को शान्ति पूर्ण ढंग से निपटाने के लिये पुलिस प्रशासन भी काफी चाक चौबंद रहा। जिसमें भारी पुलिस बल तैनात रहा। यह चाचर शोभायात्रा में ऊँट पर सवार हुरियारियो की टोली ने कस्बे के मुंशीगंज बाजार से प्रारंभ होकर महावीर मार्ग, पचघरा, बाबा संगत, ब्लाक तिराहा, तहसील चौराहा, बेलहरा चौराहा, मुंशीगंज, मस्तान रोड, नालापार दक्षिणी आदि मोहल्लों में भ्रमण करता हुआ समाप्त हुआ। इसी कड़ी में कस्बा बेलहरा में भी होली का जुलूस काफी हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। इस मौके पर श्री होलीकोत्सव समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, धनीराम, अनुपम निगम, गिरधर गोपाल गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, गणेश शंकर मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया होली का पावन त्यौहार

सूरतगंज बाराबंकी। आपसी भाई चारे का प्रतीक रंगों का पावन त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व वर्षों की भांति रविवार को होलिका दहन के बाद सोमवार दूसरे दिन सुबह से ही लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गोझिया आदि मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आपको बता दें रंग खेलने में पुरुषों के अलावा सूरतगंज इलाके की ग्रामीण महिलाए भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां साझा करने में पीछे नहीं रहीं। लोगों ने एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर रंगों से सराबोर कर दिया।

होली उत्सव के अवसर पर रासलीला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फतेहपुर-बाराबंकी। होली त्यौहार के मौके पर ग्राम बिलौली में लखनऊ के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण राधा जी की रासलीला प्रस्तुत करते हुए होलिकोत्सव मनाया गया।

ज्ञात हो 15 वर्ष बाद पुनःशुरू हुए इस परम्परागत कार्यक्रम में जहां स्थानीय ग्रामीणों की उत्सुकता के चलते काफी भीड जुटी हुई दिखाई दी। वहीं लोगो ने रंग गुलाल उडाकर हर्षोल्लास के साथ होलिकोत्सव का जश्न मनाया। इस मौके पर जीतेन्द्र कुमार राजपूत, मोहित शुक्ला, विपिन शर्मा, कुलदीप विश्वकर्मा, ननकू रावत, राजपूत, रामू वर्मा आदि लोगो ने बढ चढकर कार्यक्रम में हिस्सेदारी ली।

शौच के निकली युवती का शव मिलने से मचा हड़कंप

रेप के बाद हत्या की आशंका, केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गांव में ही बने पंचायत भवन के बगल घर से शौच के लिए निकली 20 वर्षीय युवती का शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के ख़िलाफ़ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

मामला कोतवाली टिकैतनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसौगापुर का है। जहां बीते सोमवार की देररात गांव के ही निवासी शिवबालक की 20 वर्षीय पुत्री फूल कुमारी का शव गांव में ही बने पंचायत भवन के बगल पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। उधर से गुज़र रहे ग्रामीण ने शव पड़ा देख परिजनों को सूचना दी तो परिजनों में हाहाकार मच गया। घटना की सूचना पर टिकैतनगर पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।

मौक़े पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवती शौच के लिए खेत जाने की बात बोलकर घर से निकली थी। उन्होंने आशंका जतायी की इस दौरान गलत काम के बाद उसकी हत्या कर शव पंचायत भवन के पास फ़ेक दिया गया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता शिवबालक की तहरीर पर टिकैतनगर थाने में अज्ञात लोगो के ख़िलाफ़ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सीओए चुनाव को लेकर लामबंदी तेज

मुरादाबाद। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की प्रशासनिक समिति के दो सदस्य पदों के चुनाव के लिए ऑनलाइन ई-मेल से मतदान जारी है। 27 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे तक मतदान होने के बाद 28 मार्च को परिणाम आएगा।ईपीसीएच की प्रशासनिक समिति (सीओए) के दो सदस्यीय पद के चुनाव के लिए सेंट्रल रीजन से पांच उम्मीदवार मैदान में थे लेकिन लघु उद्योग भारती के चेयरमैन अंशुल अग्रवाल ने अपना नाम वापस ले लिया था।रिटर्निंग ऑफिसर मुकेश कुमार के अनुसार अब मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल व डॉ नीरज खन्ना, लघु उद्योग भारती (एलयूबी) से अब्दुल अजीम व हेमंत जुनेजा मैदान में हैं। अपने-अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए चारों प्रत्याशी काफी जोर आजमाइश कर रहे हैं।

वृंदावन बना बाराबंकी, हजारों लोगों ने एक साथ खेली होली

बाराबंकी की राधे-राधे होली उत्सव 2024

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विगत 10 वर्ष पूर्व सन् 2014 में गोवत्स श्रीराधाकृष्ण जी महाराज द्वारा श्री धनावत सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आरंभ प्रभात फ़ेरी, श्री बिहारी जी का राधे-राधे संकीर्तन करते हुए धनोकर हनुमान मंदिर से बाराबंकी शहर में निश्चित रूट पर प्रति दिन निकाली जाती है और प्रतिवर्ष इसमें होली का उत्सव विशेष रूप से मनाया जाता है।इस दिन विशेष में इसमें फूलों की वर्षा, गुलाल के रंगों की वर्षा द्वारा सभी हरिभक्तों द्वारा बाराबंकी नगर में धनोकर हनुमान मंदिर से आरंभ होकर कल्याणेश्वर मंदिर तक जाकर पुनः उसी रास्ते से वापिस आती है। इसमें पूरे मार्ग में सभी भक्त हरिसंकीर्तन के साथ भक्ति नृत्य और पुष्पवर्षा और गुलाल रंगो की वर्षा से बाराबंकी नगर को कृष्णमय वृन्दावन धाम जैसा बना देते है।

इसमें सभी हरिभक्त अपने सम्पूर्ण परिवार के साथ जिनमे महिलायें, बच्चे, बहने, बड़े, छोटे सभी सम्मिलित होते है और निश्चिन्त होकर राधे-राधे का संकीर्तन करते हुए श्री वृन्दावन बिहारीजी की भक्ति में लीन होकर फूतों और गुलाल के रंगों में रंग जाते है। श्री वृन्दावन कृष्ण जी की झांकी, शिव जी की झांकी, और हनुमान जी विशेष आकर्षण

अब इतने वर्षों से निरंतर यह बाराबंकी प्रभात फ़ेरी राधे-राधे होली चर्चा में होने के कारण अब सिर्फ बाराबंकी नगर ही नहीं पूरे प्रदेश से आस-पास के गावों से लीग और रिश्तेदार इस होली में सम्मिलित होने आते है और वृंदावन जैसा अनूठा आनंद की अनुभूति लेकर जाते है।

विगत 10 वर्षों से आरंभ हुई इस होली उत्सव के छोटे से स्वरूप ने अपनी भक्तिमय वातावरण के कारण आज इसमें हजारो की संख्या में हरिभक्तों का ताँता लगा रहता है और सभी रंगमय भक्तिरस में डूब कर होली का आनंद लूटते है।

इस आयोजन के मुख्य आयोजक श्री धनावत सेवा ट्रस्ट के संजय जैन धनावत, रोखर जैन, दीपक जैन, संतोष गुप्ता, मनोज गुप्ता,डॉ.शरद टंडन,अवधेश गुप्ता, चंद्रप्रकाश, अशोक पहलवान, सिब्बू भैया, मनोज रस्तोगी सुजीत गुप्ता, आनंद जैन, प्रेम वकील और शहर के अन्य हरिभक्तों द्वारा किया जाता है।

नहर में डूबे इलेक्ट्रीसियन व ऑटो चालक, खोजबीन जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बड्डूपुर व देवा कोतवाली क्षेत्र में होली के दिन दो युवक नहर में डूब गए। बड्डूपुर में एसडीआरएफ स्टीमर से खोजबीन में लगी है। जबकि दूसरे युवक को तलाश करने में पुलिस ने कोई दिलचस्पी दिखाई। गोताखोर तक ढूंढे नहीं मिले। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रीवा सींवा गांव निवासी हंसराज का पुत्र आशीष रावत (25) अविवाहित है और निजी तौर इलेक्ट्रीशियन का काम करता था।

पुलिस के अनुसार सोमवार को आशीष अपने दो तीन साथियों के साथ गांव के पास से ही गुजरी शारदा नहर में नहाने गया था। ग्रामीण बताते है कि वह नशे में था। नहाने के दौरान आशीष गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। तेज बहाव के कारण वह पानी में ही लापता हो गया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन के बाद एसडडीआरएफ बुलाई। घुंघटेर, कुर्सी थाने की पुलिस भी पहुंची।मोटरबोट से मंगलवार को भी तलाश होती रही।

वहीं ,नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मंझपुरवा गांव निवासी पिंटू (23) होली के दिन ससुराल जाने के लिए ममेरे भाई लाल जी व रिश्तेदार अशीत के साथ निकला था। इस दौरान देवा कोतवाली क्षेत्र में खेवली गांव के पास मित्तई नहर के पास बाइक रोकवाई। इसी दौरान पता नहीं कैसे पिंटू नहर की ओर गया। दोनों युवकों ने उसे नहर में डूबता देखा तो चिल्लाना शुरू किया।

कुछ देर में पीआरवी के पुलिसकर्मी आए।लेकिन कुछ कर नहीं सकी। गांव के लोगों के अनुसार मित्तई चौकी प्रभारी भी असहाय दिखे। पिंटू के पिता रमेश की मौत हो चुकी है। वह लखनऊ में ऑटो चलाता था। कुछ दिन पूर्व ही उसकी पत्नी ने एक बच्चे जन्म दिया है। उसे देखने ही वह ससुराल जा रहा था। मंगलवार तक उसका कोई पता नहर में नहीं चला है।

बेरंग हुई होली,विभिन्न हादसों में 8 की मौत,17 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। होली पर्व के दौरान पिछले दो दिनों के अंदर जिले के अलग-अलग हिस्सों में हुए हादसों में आठ लोगों की जान चली गई। जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। ऐसे में उनकी होली बदरंग हो गई। परिवारीजनों में पर्व की खुशियां एक पल में मातम में बदल गईं। सबसे अधिक मौतें रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में हुई हैं। वहीं जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस तक परिजनों में चीत्कार मची हुई है।वहीं इसी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग पर दयारामपुरवा गांव के पास आमने-सामने भिड़ंत में दो बाइकों के परखच्चे उड़ गए। दर्दनाक हादसे में चंदौली निवासी गोविंद विश्वकर्मा (30) की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य चार घायल थाना असन्द्रा के मरखापुर निवासी सोनू (32), चिकवनपुरवा निवासी धर्मेंद्र (18), रामसनेहीघाट के बेलहा चौराहा निवासी रंजीत (32) व चंदौली निवासी शिवमगन (28) को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान बेलहा चौराहा निवासी रंजीत व मरखापुर निवासी सोनू की भी मौत हो गई। धर्मेंद्र व शिवमगन की हालत नाजुक है। वहीं रविवार की शाम कस्बा हैदरगढ़ के मोहल्ला भटखेरा के नकछेद (65) साइकिल से सब्जी लेकर घर वापस लौट रहे थे। सुबेहा रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हो गए। सीएचसी हैदरगढ़ से लखनऊ के केजीएमयू ट्रामा सेंटर ले जाते समय एम्बुलेंस में ही कान से तेजी से खून निकला और मौत हो गई।

वहीं, रविवार रात साढ़े आठ बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बघौरा गांव के पास बरियारपुर गांव निवासी बाबूलाल (60) डीजल खरीदने पैदल निकले थे। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इसी तरह हाईवे पर ही तुलसीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से प्यारेपुर गांव निवासी शिवकला व इनके बहनोई उमरापुर रामसनेहीघाट निवासी राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर रविवार को ही मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कस्बा बेलहरा निवासी शकील (35) को कस्बे में ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में लखनऊ केजीएमयू भेजा गया।

जहां सोमवार को मौत हो गई। दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर गोमतीनगर से पटना जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान थाना रामसनेहीघाट के घटमापुर निवासी देवीप्रसाद मिश्रा के 23 वर्षीय पुत्र विकास मिश्र के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मृतक युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था। जिसकी ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस करीब आठ मिनट तक खड़ी रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला मिला युवक का शव

सूरतगंज बाराबंकी। सोमवार को होली के त्योहार पर जहां सब लोग एक दूसरे को रंग लगाके खुशीयां मना रहे थे। तो वहीं थाना मोहम्मदपुर खाला चौकी लालपुर करौता क्षेत्र के बतनेरा गांव के बासुपुर गांव के समीप जामुन के पेड़ से लटकता हुआ अज्ञात शव लोगों को दिखा। शव दिखते ही हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी लालपुर करौता हरिप्रसाद उपाध्याय पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस की करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के लालपुर करौता मुकेश उर्फ पैरु पुत्र सरोज कुमार तिवारी उम्र लगभग 28 के रूप में हुई। मृतक की दिमागी हालत खराब बताई जा रही है।फिलहाल प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में विस्फोटक की सूचना, जंघई स्टेशन पर खड़ी कर ली गई ट्रेन की तलाशी

जौनपुर। मीरगंज थाना अंतर्गत जंघई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब कंट्रोल रूम से स्टेशन मास्टर को स्टेशन से गुजर रही कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना दी गई। आनन-फानन में मिली सूचना पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स जीआरपी मौके पर पहुंच गई और ट्रेन रोककर तलाशी शुरू की गई। बलिया से चलकर कुर्ला तक जाने वाली 11071 कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बैग में विस्फोटक होने की सूचना पर ट्रेन को जंघई स्टेशन पर खडी करके ट्रेन की बोगियों में तलाशी ली गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्राधिकार मछली शहर सहित आसपास के थानों की फोर्स और जीआरपी भी पहुंच गई। वहीं इलाहाबाद से बम निरोध दस्ते और डॉग स्क्वॉड को बुलाकर पुरी ट्रेन की सघन चेकिंग कराई गई। हालांकि इस दौरान ट्रेन से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। लगभग 3:30 घंटे बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया है।

लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 29 अप्रैल को

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 06 मई एवं जांच 07 मई को होगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 09 मई निर्धारित है। मतदान 25 मई एवं मतगणना 04 जून को होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि 16 मार्च से ही आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहित के उल्लंघन की रिपोर्टिंग के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सीविजिल ऐप चालू किया गया है। जो नागरिकों को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी और फील्ड यूनिट फ्लाइंग स्क्वायड निगरानी दलों के साथ जोड़ता है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने पर त्वरित जांच करायी जाती है और घटना सही पाये जाने पर सूचना भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय पोर्टल पर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जाता है।एंड्रॉयड के लिए प्ले स्टोर तथा फोन के लिए ऐप स्टोर से सीविजिल ऐप को डाउनलोड करें। तत्पश्चात ऐप को ओपेन तथा मोबाइल नम्बर से ओटीपी प्राप्त कर लॉग इन करें। किसी भी स्थान पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सीविजिल ऐप के माध्यम से फोटो, वीडिया, ऑडियो को ऐप पर अपलोड कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। शिकायतकर्ता ऐप के माध्यम से शिकायत की स्थिति को देख भी सकता है।

इलाज के बाद मुख्तार अंसारी फिर बांदा जेल में शिफ्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बांदा। पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी को पेट में तकलीफ के करण सोमवार की रात रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। वेंटिलेटर में रखकर उनका इलाज शुरू किया गया। पेट की तकलीफ को देखते हुए एनिमा लगाया गया। जिससे उन्हें राहत मिली। 14 घंटे तक मेडिकल कॉलेज में भर्ती रहे अंसारी को शाम लगभग 6.15 बजे पुनः बांदा जेल में शिफ्ट कर दिया गया। उन्हें मेडिकल कॉलेज से सुरक्षा के घेरे में सपोर्ट लाइफ एंबुलेंस के माध्यम से रवाना किया गया।

बताया जा रहा है कि सोमवार की रात मुख्तार अंसारी अचानक गश खाकर गिर गए, जिसकी जानकारी जेल अधीक्षक को मिली और फिर उन्होंने फौरन डॉक्टर से चेकअप कराया। डॉक्टरों की सलाह पर ही उन्हें तड़के लगभग 3.55 बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। उन्हें कब्ज की शिकायत थी। पिछले चार-पांच दिनों से लैट्रिन पास नहीं हो पा रही थी। जिससे तकलीफ बढ़ती जा रही थी। मेडिकल कॉलेज में एनिमा लगाया गया, जिससे उन्हें कुछ राहत मिली, गैस भी पास होने लगी। हालत में सुधार देख को देखते हुए उन्हें मंगलवार की शाम को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिससे उन्हें सुरक्षा के घेरे में सपोर्ट लाइफ एंबुलेंस के माध्यम से जेल रवाना कर दिया गया।

इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर एस के कौशल ने बताया कि उन्हें पेट में तकलीफ के कारण मेडिकल कॉलेज लाया गया था। डॉक्टरों की टीम ने उनका इलाज किया। उनके पेट की तकलीफ दूर हो गई, राहत महसूस होने पर उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। अब मेडिकल कॉलेज की टीम जेल में ही उनका चेकअप करेगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्तार अंसारी के बीमार होने की सूचना पर मंगलवार को उनके भाई अफजाल अंसारी, बेटा उमर अंसारी, चचेरे भाई मंसूर अंसारी सहित परिवार के अन्य सदस्य मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इनमें से केवल अफजाल अंसारी को मुख्तार अंसारी से मिलने दिया गया। शेष मिलने वालों यह कहकर मना कर दिया गया कि जब तक जेल अधीक्षक की परमीशन नहीं होगी तब तक नहीं मिलने दिया जाएगा।

मुख्तार अभी पूरी तरह से ठीक नहीं, ठीक से बोल नहीं पा रहे : अफजाल अंसारी

बांदा। सांसद अफजाल अंसारी ने मंगलवार को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती अपने भाई मुख्तार अंसारी से मिलने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि अभी उनकी हालत में सुधार नहीं है। एनिमा लगने के बाद भी अभी पेट फूला हुआ है। होश में है, लोगों को पहचान रहे हैं लेकिन ठीक से बात नहीं कर पा रहे हैं। हमने मांग की है कि अगर यहां इलाज संभव न हो तो उनका इलाज लखनऊ में कराया जाए।

बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की अचानक तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर बांदा पहुंचे अफजाल अंसारी ने बताया कि मैंने मुख्तार अंसारी से मुलाकात की है। उन्होंने जो शिकायत पिछले दिनों कोर्ट में की है। उसकी जानकारी मुझे भी दी है। उन्होंने बताया है कि मुझे 19 मार्च को खाने में कुछ विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे मेरी तबीयत बिगड़ गई है। अफजाल ने यह भी बताया कि 40 दिन पहले भी कुछ इसी तरह का मामला सामने आया था। उन्होंने कहा कि हालत खराब होने पर जेल प्रशासन ने उन्हें समय से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। इसके लिए हम उनका धन्यवाद देना चाहते हैं। इलाज के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अब यहां के डॉक्टर को तय करना है कि उनका इलाज सही ढंग से हो पाएगा या नहीं।

भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत की फोटो लगाकर डाली गई आपत्ति जनक पोस्ट, कार्यकर्ता की तहरीर पर केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भाजपा नेता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक मैसेज पोस्ट किया गया है, भाजपा कार्यकर्ता ने मैसेज को राजनीतिक षड्यंत्र बताया है। तहरीर पर सतरिख थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है।

सतरिख थाने के सेठमऊ मजरे करोरा निवासी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रोहित ने बताया है कि भाजपा नेता तथा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत का फोटो लगाकर उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई है। जिसमें लिखा है कि वह घूस लेते पकड़ी गई हैं।

राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उनकी छवि धूमल करने के लिए पोस्ट की गई है। आरोप है कि इस पोस्ट को दूसरे के मोबाइल नंबर से एक पूर्व सांसद ने प्रसारित किया है। रोहित की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह रावत के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरिक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि मुकदमा दर्ज कर जांच कि जा रही है।

बताते चले कि इससे पहले सांसद उपेंद्र सिंह रावत का टिकट घोषित होने के दूसरे ही दिन उनका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद उन्होंने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इसके बाद सोमवार को भाजपा आलाकमान ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को प्रत्याशी घोषित किया है। ठीक दूसरे ही दिन यह ऐसी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली गई है। इसे लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है।

जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद

एजेंसी

हैदराबाद। मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा।

पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे। मुंबई को एक समय 36 दिन पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा। पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था। सलामी बल्लेबाज इशान किशन केवल चार गेंद का सामना कर पाए थे और अब टीम को उनसे अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी के लिए अपना दावा मजबूत करना होगा। मुंबई को इसके अलावा स्पिनर शम्स मुलानी और पीयूष चावला से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में हेनरिक क्लासेन की शानदार पारी से एक समय जीत की उम्मीद जगा दी थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को अन्य बल्लेबाजों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। मयंक अग्रवाल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। सनराइजर्स ने पिंच हिटर अब्दुल समद पर काफी भरोसा दिखाया है और उन्हें अब उम्मीद पर खरा उतरना होगा। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन बाद में आंद्रे रसेल ने उनकी जमकर धुनाई की थी। यह अनुभवी तेज गेंदबाज अच्छी वापसी करने के लिए बेताब होगा।

आरसीबी के खिलाफ हार के बाद पंजाब के कप्तान धवन ने कहा-कोहली का कैच छोड़ना भारी पड़ा

एजेंसी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चार विकेट से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि उनकी टीम 15 से 20 रन कम रह गई और विराट कोहली के छोड़े गए कैच ने उन्हें मैच में पीछे कर दिया। मैच के बाद, धवन ने पावरप्ले में अपने संघर्ष के बारे में बात की और कहा, ''यह एक अच्छा खेल था, हमने खेल को वापस लाया और फिर से हम इसे हार गए। हमने 10-15 रन कम बनाए, पहले छह ओवरों में मैंने थोड़ा धीमा खेला। उन 10-15 रनों की कीमत हमें चुकानी पड़ी और गिराए गए कैच ने भी हमें पीछे कर दिया। मैं अपने रनों से खुश हूं लेकिन मुझे लगा कि मैं पहले छह ओवरों में थोड़ा और तेज खेल सकता था, यही एकमात्र चीज थी जो मुझे महसूस हुई। हमने पावरप्ले में लगातार दो विकेट खो दिए और इससे हम पर दबाव आ गया। दूसरी पारी में, पहले ओवर की दूसरी गेंद पर, जॉनी बेयरस्टो ने विराट कोहली का कैच छोड़ दिया और इस दिग्गज बल्लेबाज ने सिर्फ 49 गेंदों में 77 रन बनाए, जिसमें ग्यारह चौके और दो छक्के शामिल थे। धवन ने कहा, ''विराट ने लगभग 70 रन बनाए और हमने अपने क्लास खिलाड़ी का कैच छोड़ा, हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी। अगर हमने वह कैच पकड़ लिया होता, तो मैच हमारी तरफ झुक जाता, लेकिन हमने वहां गति खो दी और फिर हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह की स्थापित तेज जोड़ी ने अपने 8 ओवरों में कुल 85 रन दिए और मुख्य स्पिनर राहुल चाहर ने एक ही ओवर में 16 रन दिए, हरप्रीत बरार पीबीकेएस के लिए गेम-चेंजर बनकर उभरे। अपने स्पेल के दौरान, उन्होंने रन रेट पर नियंत्रण रखा और चार ओवरों में सिर्फ 13 रन दिए और दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। धवन ने हरप्रीत की प्रशंसा करते हुए कहा, ''वह वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है, विशेष रूप से बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ, जिस तरह से उसने दबाव झेला और हमें सफलता दिलाई, वह जबरदस्त है। मैच की बात करें तो, 177 रनों का पीछा करते समय, विराट कोहली ने आदर्श शुरुआत प्रदान की और दिनेश कार्तिक ने महिपाल लोमरोर के साथ मिलकर आरसीबी को चार विकेट से जीत दिला दी।

संक्षिप्त समाचार

चीन के राष्ट्रीय फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष को रिश्वत लेने के आरोप में आजीवन कारावास

बीजिंग। चीन के राष्ट्रीय फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष चेन जुयुआन को रिश्वत लेने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा संचालित पीपुल्स डेली अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हुबेई प्रांत की एक अदालत ने चेन जुयुआन को ''रिश्वत लेने के लिए आजीवन कारावास'' की सजा सुनाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 और 2023 के बीच, चेन ने सीएफए और अन्य निकायों में अपने पदों का फायदा उठाते हुए ''अन्य लोगों से कुल 81.03 मिलियन युआन (क्ता1 मिलियन) की रकम अवैध रूप से स्वीकार की।'' उन्होंने मैचों की व्यवस्था करने, लीग प्रमोशन को संभालने और मैच अधिकारियों को अनुशासित करने में ''कई फुटबॉल क्लबों और स्थानीय फुटबॉल संघों के लिए अनुचित लाभ'' की भी मांग की। रिपोर्ट में कहा गया है कि चेन ने जो रिश्वत ली वह विशेष रूप से बहुत बड़ी थी और उसके कार्यों ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और व्यवस्था को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया। उन्होंने राष्ट्रीय फुटबॉल उद्योग के लिए गंभीर परिणाम उत्पन्न किए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जो खुद को फुटबॉल का कट्टर समर्थक मानते हैं, ने एक दशक पहले सत्ता में आने के बाद से आधिकारिक भ्रष्टाचार पर व्यापक कार्रवाई की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल से इस अभियान ने घरेलू फुटबॉल उद्योग को और अधिक प्रभावित किया है और मंगलवार को चार और बड़े मामलों के निष्कर्ष की घोषणा होने की उम्मीद है।

बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हयूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के जॉन पैट्रिक स्मिथ और नीदरलैंड के सेम वर्बीक से होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना और एब्डेन ने चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्व पर 84 प्रतिशत (37/44) अंक जीते। मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बोपन्ना और एब्डेन ने पहले सेट के 11वें गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 6-5 से बढ़त बना दी। अगले गेम में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाकर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने अपनी सर्विस बचाकर इसे टाइब्रेकर का खींच दिया। टाइब्रेकर में निस और ज़िलिंस्की ने डबल फाल्ट किया जिसका फायदा उठाकर बोपन्ना और एब्डेन ने यह सेट और मैच जीत लिया।

श्रीजा अकुला ने जीता डब्ल्यूटीटी फीडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब

बेरूत। भारतीय खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी फीडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए महिला एकल के फाइनल में लक्जमबर्ग की सारा डी नुट्टे को हराकर खिताब जीता। वहीं, मानुष शाह-मानव विकास की जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को अल कावथर सेकेंडरी स्कूल में खेले गये महिला एकल के फाइनल मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने लक्जमबर्ग की सारा डी नुट्टे को 3-1 (6-11,12-10,11-5, 11-9) से हराया। श्रीजा का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी एकल खिताब जीता। इससे पहले उन्होंने जनवरी में टेक्सास में फीडर कॉर्पस क्रिस्टी 2024 में अपना पहला खिताब जीता था। टूर्नामेंट में इससे पहले श्रीजा ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की सुह हयो वोन को 3-1 (11-7,11-6, 8-11, 13-11) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने चीनी ताइपे की लियू हिंग-यिन को 3-2 (11-4,3-11, 7-11,11-8,11-6) से हराया था। पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में मानुष शाह-मानव विकास ने हमवतन जोड़ी आकाश पाल-मुदित दानी को 3-1 (11-7,11-5,9-11,11-6) से हराया और खिताब अपने नाम किया। पहले गेम से ही मानुष और मानव ने आकाश-मुदित को कड़ी टक्कर दी और लगातार गेम जीतकर बढ़त बरकरार रखी और फाइनल में जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में लेबनान के अहमद हुसैन और हिलाल मुख्तार को 3-0 (11-3, 11-6,11-3) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इसके बाद सेमीफाइनल मैच में मानुष और मानव की जोड़ी ने कजाकिस्तान के एलन कुरमांगलियेव-एडोस केन्झिगुलोव की जोड़ी को 3-0 (11-3, 11-5, 11-9) से मात दी थी। मिश्रित युगल फाइनल में आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने भारी उलटफ़ेर करते हुए हमवतन मनिका बत्रा और साथियान गणानाशेखरन को हराकर अपना पहला खिताब जीता। युवा जोड़ी ने पूर्व विश्व नंबर 5, मनिका-साथियान को 3-1 (11-9, 7-11, 11-9, 11-0) से हराया। बेरूत आई फीडर मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली दीया चितले और मानुष शाह की जोड़ी सेमीफाइनल में साथियान और बत्रा से हार गई। पुरुष एकल में गेरासिमेंको ने साथियान को 3-0 (11-9, 13-11, 11-9) से हराया।

फ़ेडरल बैंक ने तनूर में नई शाखा का किया उद्घाटन, केरल में बैंक की 600वीं शाखा

मलप्पुरम (केरल)। निजी क्षेत्र के फ़ेडरल बैंक ने मलप्पुरम जिले के तनूर में राज्य की अपनी 600वीं शाखा खोली है। बैंक की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तनूर ब्लॉक पंचायत अध्यक्ष के. सलामथ ने हाल ही में नई शाखा का उद्घाटन किया। फ़ेडरल बैंक की कार्यकारी निदेशक शालिनी वारियर ने इस मौके पर कहा कि प्रबंधन को केरल में 600 शाखाओं की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की खुशी है। उन्होंने कहा, '' तनूर की शाखा फ़ेड-ई-स्टूडियो के जरिए प्रदान की जाने वाली हमारी प्रमुख डिजिटल क्षमताओं से लैस है।

ईसीओआर ने वित्त वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ टन माल ढुलाई की

भुवनेश्वर। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ज़ोन ने वित्त वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ टन माल ढुलाई की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2023 से इस साल 25 मार्च तक ईसीओआर ने 25 करोड़ टन माल ढुलाई की। अधिकारी ने कहा, '' यह उल्लेखनीय माल ढुलाई विभिन्न चुनौतियों के बावजूद उचित योजना तथा सरकारी क्षेत्रों व उद्योगों के साथ समन्वय के साथ हासिल की गई है। उन्होंने कहा कि ईसीओआर के खुर्दा रोड संभाग ने 15.617 करोड़ टन, वाल्टेयर संभाग ने 7.466 करोड़ टन और संबलपुर संभाग ने 1.920 करोड़ टन का योगदान दिया।

मेरा नाम इन दिनों केवल टी20 क्रिकेट को बढ़ावा देने से जुड़ा है, मैं अब भी इसके काबिल हूं: कोहली

एजेंसी

बेंगलुरु। अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए विराट कोहली की भारतीय टीम में जगह को लेकर चल रही चर्चा के बीच इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि वह अब भी इस प्रारूप में खेलने के काबिल हैं। कोहली अपने बेटे के जन्म के कारण दो महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे। उन्होंने सोमवार को आईपीएल मैच में 49 गेंद पर 77 रन बनाए जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को हराकर अपना खाता खोला। कोहली को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, 'मैं जानता हूं कि इन दिनों जब भी टी20 क्रिकेट की बात आती है तो दुनिया के कई हिस्सों में मेरा नाम खेल को बढ़ावा देने से जोड़ दिया जाता है। लेकिन मैं अब भी इसके काबिल हूं। पूर्व भारतीय कप्तान को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनका मानना है कि टी20 प्रारूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की जरूरत होती है। कोहली से जब तेज गेंदबाजों के खिलाफ ऑफ साइड में हवा में शॉट खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आपको अपने खेल में हमेशा कुछ नया जोड़ना होता है। लोग जानते हैं कि मैं कवर ड्राइव अच्छी तरह से खेलता हूं इसलिए वह मुझे खाली स्थान पर शॉट नहीं लगाने देंगे। ऐसे में आपको एक रणनीति के साथ उतरना होता है और अपने खेल में लगातार सुधार की कोशिश करनी होती है। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। इस बीच उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया। उन्होंने कहा, 'हम देश में नहीं थे। हम एक ऐसी जगह पर थे जहां लोग हमें पहचान नहीं रहे थे। मैंने दो महीने तक आम आदमी की तरह अपने परिवार के साथ समय बिताया। हमारे लिए एक परिवार के रूप में यह शानदार अनुभव था। मैं ईश्वर का आभारी हूं कि मुझे अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिला।' कोहली ने कहा, 'एक आम आदमी की तरह सड़क पर टहलना, किसी का आपको नहीं पहचान पाना और आम लोगों की तरह रोजमर्रा की जिंदगी जीना, अद्भुत अनुभव था।

इजराइल से स्थानांतरित की जाएगी 2025 यूरोपीय कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप

लुसाने। हमास के साथ इजराइल के युद्ध के कारण 2025 यूरोपीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन तेल अवीव में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नहीं किया जाएगा। इजराइल जिमनास्टिक्स फ़ेडरेशन ने भी पुष्टि करते हुए सोमवार को कहा कि यूरोपीय कलात्मक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 इजराइल से स्थानांतरित की जाएगी। यूरोपीय जिमनास्टिक्स (ईजी) ने एक बयान में कहा कि उसने इजराइल में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण अगले साल मई में तेल अवीव में होने वाली चैंपियनशिप की मेजबानी रद्द करने का फैसला किया है। ईजी ने कहा, हम पिछले आठ वर्षों में कई यूरोपीय चैंपियनशिप के उत्कृष्ट मेजबान, इजराइली जिमनास्टिक फ़ेडरेशन द्वारा किए गए प्रयासों को स्वीकार करते हैं। हमने बोली लगाने के लिए कार्यक्रम को फिर से खोल दिया है और बोलियां चार सप्ताह के भीतर भेजी जा सकती हैं।

बांग्लादेश की स्पिनिंग परिस्थितियों में धैर्य रखना महत्वपूर्ण: जॉर्जिया वेयरहैम

एजेंसी

ढाका। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम का मानना है कि स्पिन के अनुकूल बांग्लादेशी परिस्थितियों में जल्दबाजी करने के बजाय धैर्य रखने से उन्हें मौजूदा तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लाभ मिला है। ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान टीम के खिलाफ 2-0 की अजेय बढ़त लेकर श्रृंखला जीत ली, और श्रृंखला के निर्णायक दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की धीमी गेंदबाजों ने आपस में नौ विकेट बांटे। वेयरहैम ने 27 मार्च को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में होने वाले आखिरी मैच से पहले सोमवार को संवाददाताओं से कहा, ''जब आप किसी विकेट को इतना घूमता हुआ देखते हैं, तो मुझे लगता है कि आप चीजों को थोड़ा ज्यादा करने की कोशिश कर सकते हैं। हमारे लिए वास्तव में जो महत्वपूर्ण है वह वास्तव में धैर्य बनाए रखना है। जब हम एक इकाई के रूप में गेंदबाजी कर रहे होते हैं तो हम स्टंप्स को हिट करने का पूरा फायदा उठाते हैं। इसलिए, पूरी श्रृंखला में शायद यह हर किसी के लिए एक लक्ष्य होगा। और मुझे यकीन है कि वे इसकी समीक्षा करेंगे और इसके बारे में सोचेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम जानते थे कि स्पिनर एक बड़ी भूमिका निभाने वाले थे। जिस तरह से हमने उन्हें विश्व कप और इस तरह की प्रतियोगिताओं में खेलते देखा है, मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से उनकी ताकत है, विशेष रूप से घरेलू परिस्थितियों में। एकदिवसीय मैचों के बाद, बांग्लादेश तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, और वेयरहैम के अनुसार, छोटे प्रारूप में, संभावित रूप से महंगे होने के बावजूद लेग स्पिनरों की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि एक लेग स्पिनर के रूप में, सामान्य तौर पर, आप काफी आक्रामक होते हैं और विकेट लेने की कोशिश करते हैं। हमारी टीम में स्पिन के बहुत सारे विकल्प हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि आम तौर पर, लेग स्पिनर काफी आक्रामक होते हैं और चाहे आप कितने भी रन बना लें, विकेट लेने की कोशिश करते हैं।''

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जायेगा आईपीएल का फाइनल

एजेंसी

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 इस सत्र के जारी पूरे कार्यक्रम के अनुसार फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। यह 12 वर्षों में पहली बार होगा जब चेन्नई आईपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2011 और 2012 में चेन्नई ने आईपीएल फाइनल की मेजबानी की थी। 21 मई को पहला क्वालिफायर अहमदाबाद में तथा दूसरा क्वालिफायर चेन्नई में 24 मई को खेला जाएगा। 22 मई को होने वाले एलिमिनेटर की मेजबानी भी अहमदाबाद करेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 22 फरवरी को आईपीएल के पहले चरण का शेड्यूल जारी हुआ था, जिसमें 22 मार्च से लेकर सात अप्रैल तक के मैचों की जानकारी दी गई थी। दूसरा चरण आठ अप्रैल से शुरु होगा। इस दिन चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुकाबला खेला जाएगा। पहले चरण में 21 मैचों का शेड्यूल निर्धारित किया गया था जबकि दूसरे चरण में कुल 52 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल के शेड्यूल को देश में होने वाले आम चुनावों के कारण दो चरणों में जारी किया गया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में कुल 11 डबल हेडर खेले जाने हैं, जिनमें दो डबल हेडर टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में ही खेले जा चुके हैं। 2023 की तरह ही इस बार भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली सभी 10 टीमों को पांच-पांच के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की अन्य चार टीमों के खिलाफ लीग स्टेज के दौरान दो मैच खेलेगी जबकि अन्य ग्रुप की हर टीम के साथ एक मैच खेलेगी। चेन्नई के ग्रुप में गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइज़र्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स शामिल है। जबकि अन्य ग्रुप में मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.24 फीसदी की बढत के साथ 86.86 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.13 डॉलर यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 82.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया

एजेंसी

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 40 आधार अंक बढ़ाकर 6.80 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में अगामी वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.40 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। ग्लोबल रेटिंग्स स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ने मंगलवार को जारी एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। पिछले साल नवंबर में रेटिंग एजेंसी ने भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। हालांकि, यह चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.6 फीसदी वृद्धि दर के अनुमान से कम है। रेटिंग एजेंसी ने जारी 'इकोनॉमिक आउटलुक' में कहा कि एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। इनमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं। एजेंसी ने प्रतिबंधात्मक ब्याज दरों को आर्थिक विकास के लिए एक बाधा के रूप में चिह्नित किया है। एसएंडपी ने उम्मीद जताया कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले अगामी वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी। एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 5-5 फीसदी पर बरकरार रखा है।

चुनाव आयोग के अधिकारी पक्षपाती नजर आ रहे : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव आयोग से मंगलवार को शिकायत की कि लोकसभा चुनावों में भाजपा एवं अन्य दलों के नेताओं की बयानबाजी को लेकर आयोग के अधिकारियों के रुख में समानता नहीं है और तथा पक्षपाती नज़र आ रहे हैं।

भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के चुनाव प्रकोष्ठ के प्रमुख ओम पाठक और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने अपराह्न चुनाव आयोग में जाकर इस मामले में अपनी चिंता व्यक्त करते हुए आयोग से निष्पक्षता एवं समानता सुनिश्चित करने तथा आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। चुनाव आयोग में इस

आशय का ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भाजपा महासचिव तावड़े ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विपक्ष के नेताओं द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत लेकर आज चुनाव आयोग से मिला। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से देश की अखंडता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने आग्रह किया।

श्री तावड़े ने कहा कि भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के समक्ष विपक्ष के घमंडिया गठबंधन के उद्देश्य को उजागर किया। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के तीन लक्ष्य हैं, पहला - प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को गाली देना, दूसरा - नारी शक्ति का अपमान करना और तीसरा - देश की संस्कृति का अपमान करना। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के समक्ष विभिन्न प्रदेश के चुनाव अधिकारियों द्वारा एक ही प्रकार के विषय पर अलग-अलग प्रकार की कार्रवाई करने की भी शिकायत की। भाजपा महासचिव ने कहा कि इसका उदाहरण है कि केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के बयान पर चुनाव अधिकारियों ने कार्रवाई की, लेकिन तमिलनाडु के एक नेता द्वारा उसी तरह के बयान पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब और पश्चिम बंगाल के चुनाव अधिकारी किसी प्रकार के दबाव में आकर आचार संहिता के तहत कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय निर्वाचन आयोग से इन प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों के बर्ताव पर सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया। श्री तावड़े ने कहा कि तमिलनाडु में मंत्री अनीता आर. राधाकृष्णन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन, सांसद ए राजा और संजय राउत द्वारा सनातन धर्म, भारत देश की अखंडता और प्रधानमंत्री श्री मोदी के बारे में दिए गए आपत्तिजनक बयानों पर चुनाव आयोग को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। श्री तावड़े ने कहा कि भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आज चुनाव आयोग से आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले नेताओं पर कार्रवाई करने की अपील की।

कंगना रनौत के विरुद्ध टिप्पणी पर महिला आयोग ने की चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग

नयी दिल्ली। प्रसिद्ध अभिनेत्री और लोकसभा चुनाव 2024 में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की आपत्तिजनक टिप्पणी पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

महिला आयोग ने सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में कहा है कि महिला आयोग ने सुश्री श्रीनेत खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कांग्रेस प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला आयोग ने कहा, ह्न एनसीडब्ल्यू सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर के अपमानजनक आचरण से स्तब्ध है। ऐसा व्यवहार असहनीय है और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है। महिला आयोग प्रमुख रेखा शर्मा ने चुनाव आयोग को पत्र भेजकर उनके खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की है। आइए सभी महिलाओं के लिए सम्मान और गरिमा बनाए रखें।

कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंजाब में लुधियाना से कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए और उन्होंने पंजाब के किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, नौजवानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के मिशन से जोड़ने का संकल्प लिया।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पार्टी में चुनाव समिति के प्रमुख ओम पाठक और राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने श्री बिट्टू को सदस्यता पर्ची सौंपी तथा गुलदस्ते के साथ अंगवस्त्र पहना कर भाजपा में उनका स्वागत किया। ऐसा अनुमान है कि श्री बिट्टू लुधियाना से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। श्री तावड़े ने कहा कि श्री बिट्टू के दादाजी सरदार बेअंत सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। अब वह श्री मोदी की विकसित भारत की यात्रा को पंजाब में आगे ले जाने के लिए आए हैं। विश्वास है कि पंजाब में भाजपा को मज़बूत करने में वह अपना दायित्व मजबूती से निभाएंगे। श्री बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से 10 साल से उनके घनिष्ठ संबंध रहे हैं। श्री मोदी और श्री शाह पंजाब से बहुत प्यार करते हैं। वह पुल बन कर पंजाब के किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, नौजवानों को श्री मोदी के विकसित भारत के मिशन से जोड़ेंगे। बीते 10 साल में देश को आगे बढ़ाने के लिए जो काम हुआ है, उसमें पंजाब क्यों पीछे रहे। उन्होंने कहा कि हम पंजाब के हर वर्ग को भाजपा से जोड़ेंगे।

कांग्रेस ने पांच और उम्मीदवारों के नाम किये घोषित

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की मंगलवार को सातवीं सूची जारी कर दी जिसमें पांच प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों का चयन कर उनके नामों को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा (अजजा) सुश्री शशि सिंह, रायगढ़ (अजजा) से डॉ मेनका देवी सिंह, विलासपुर से देवेन्द्र सिंह तथा कांकेर (अजजा) बीरेश ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने कल की तरह आज भी तमिलनाडु से एक उम्मीदवार घोषित किया है और प्रदेश के मयिलडुथुरायी से वकील आर सुधा को टिकट दिया है।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में छह लोगों की मौत, कई घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार को एक आतंकवादी हमले में छह लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि यह घटना प्रांत के शांगला इलाके में हुई, जहां हमलावर ने विस्फोटक से भरे वाहन को वाहनों के काफिले से टकरा दिया, जिसकी सुरक्षा में सुरक्षा बलों के पांच वाहन साथ चल रहे थे। टक्कर से कुल 13 वाहनों के काफिले के एक वाहन में आग लग गई और वह खड्ड में गिर गया। सूत्रों ने बताया कि वाहन के खड्ड में गिरने से छह लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेन्डर डी क्रू ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की। श्री मोदी ने ब्रसेल्स में पहले परमाणु ऊर्ज़ा सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री डी क्रू को बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत और बेल्जियम के बीच संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने व्यापार, निवेश, स्वच्छ प्रौद्योगिकी , सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, हरित हाइड्रोजन, सूचना प्रौद्योगिकी , रक्षा, बंदरगाह और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। श्री मोदी और श्री डी क्रू ने यूरोपीय संघ परिषद में बेल्जियम की अध्यक्षता के मौजूदा दौर में भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ बनाने के प्रति वचनबद्धता प्रकट की। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। उन्होंने पश्चिम एशिया क्षेत्र और रूस तथा यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर वहां शांति तथा सुरक्षा की बहाली के लिए सहयोग बढाने पर भी सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने भविष्य में भी संपर्क बनाये रखने पर सहमति व्यक्त की।

भारी बहुमत के साथ मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को तैयार: किशन

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को घोषणा की कि श्री नरेंद्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल हासिल करने के लिए तैयार हैं। श्री रेड्डी ने अंबरपेट विधानसभा क्षेत्र के नल्लाकुंटा क्षेत्रों की अपनी यात्रा के दौरान जल्द ही सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र में चुनाव अभियान शुरू करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा, मैं अंबरपेट का एक गौरवान्वित प्रतिनिधि हूं। अंबरपेट के लोगों ने मुझे सिकंदराबाद के सांसद के रूप में पदभार संभालने से पहले तीन बार विधायक के रूप में अपना जनादेश सौंपा था। अंबरपेट निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में अपने दौरे के दौरान श्री रेड्डी को बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया, जिससे स्थानीय लोगों द्वारा उनके प्रति गर्मजोशी और पारिवारिक स्नेह का पता चला। श्री रेड्डी ने कहा, सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र के सभी वर्गों में लोगों की भावना हमारे नेतृत्व के पक्ष में है। केंद्रीय मंत्री ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और कई सुधारों के बाद 2019 में भाजपा की 302 सीटों से अनुमानित 370 सीटों तक उल्लेखनीय वृद्धि का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक (राजग) गठबंधन के बारे में आत्मविश्वास से 400 सीटों की जीत का दावा भी किया। उन्होंने प्रचलित जनभावना को दर्शाते हुए कहा,यह चुनाव प्रधानमंत्री को चुनने के बारे में नहीं है बल्कि लोगों ने तो पहले ही श्री नरेंद्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए चुन लिया है।

विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह, सांसद जसकौर मीणा का टिकट कटा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मणिपुर के सांसद एवं विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह और राजस्थान की वरिष्ठ आदिवासी सांसद जसकौर मीणा का टिकट काट कर उनकी जगह नये उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए राजस्थान एवं मणिपुर की तीन सीटों के लिए पुराने नामों को हटा कर ये उम्मीदवार आज घोषित किये। रविवार को देर रात हुई पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन नामों को स्वीकृति प्रदान की गयी। भाजपा ने राजस्थान की धौलपुर करौली (सु.) सीट के लिए नये चेहरे को मौका देते हुए श्रीमती इंदुदेवी जाटव को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर डॉ मनोज राजोरिया सांसद हैं जिन्हें इस बार मौका नहीं मिल पाया है। दौसा में भी वरिष्ठ सांसद श्रीमती जसकौर मीणा की जगह नये चेहरे कन्हैया लाल मीणा को टिकट दिया गया है। इसी प्रकार से भीतरी मणिपुर सीट से विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह का टिकट काट कर श्री थौनाओजम बंसत कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

सरकार बनने पर रोजगार के क्षेत्र में क्रांतिकारी अवसर पैदा किए जाएंगे : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में रोजगार के अवसर घट गये हैं और जहां खेतीहर मजदूर, मजदूर तथा श्रमिक काम करते रहे हैं उन क्षेत्रों में रोजगार खत्म हो गया है लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने पर रोजगार के अवसर जुटाए जाएंगे तथा निजी क्षेत्रों में भी सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस ने बहुत सोच विचार के बाद 'श्रमिक न्याय' की अवधारणा को विकसित किया है और इसके पीछे का संदर्भ बेहद महत्वपूर्ण है। मोदी सरकार का सबसे खराब प्रभाव उन क्षेत्रों में रहा है जहां हमारे खेतीहर मजदूर,मजदूर और श्रमिक काम करते रहे हैं। साल 1991 के बाद से सर्विस क्षेत्र में रोजगार बढ़ता चला गया, जीडीपी बढ़ती चली गई जो एक विकसित देश की निशानी होती है। उन्होंने कहा, वर्ष 2011-12 में 'वार्षिक सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज' में एक आंकड़ा आया था-जिसमें सिर्फ 28 प्रतिशत फैक्ट्रियां कॉन्ट्रैक्ट लेबर लिया करती थीं जबकि 72 प्रतिशत स्थायी रोजगार देती थीं। एक अन्य सर्वेक्षण में 2016-17 के बाद से 41 प्रतिशत लोग किसानी पर निर्भर थे। पीएलएफएस के अनुसार जहां वर्ष 2018-19 तक तीन करोड़ से ज्यादा लोग कृषि में गए थे, वहीं वर्ष 2014-15 के बाद करीब 6.5 करोड़ लोग दूसरी जगहों से रोजगार छोड़कर कृषि में चले गए हैं। ये हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार हुआ है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मेक इन इंडिया' का नारा दे रहे हैं, दूसरी तरफ लोग रोजगार छोड़कर कृषि में जा रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा, मोदी सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि देश में बेरोजगारी दर बहुत कम हुई है लेकिन वह एक आंकड़ा भूल गयी। सरकार के अनुसार आप घर पर कोई भी काम कर लें तो उसे रोजगार मान लिया जाता है। हिंदुस्तान ही केवल एक देश है जिसमें अनपेड फैमली वर्कर को एंप्लॉयड माना जाता है। आज इनका आंकड़ा 9.5 करोड़ पहुंच गया है। इन्हीं अनपेड फैमली लेबर के जरिए मोदी सरकार ने अपने बेरोजगारी के आंकड़ों को कम किया है। कांग्रेस नेता के अनुसार इस तरह की स्थितियों को देखते हुए ही पार्टी ने श्रमिकों को न्याय देने की अवधारणा विकसित की और 'श्रमिक न्याय' लेकर आई है जिससे लोगों को न्याय मिल सके। श्रमिक न्याय के तहत श्रमिकों को न्याय दिया जाएगा और इस न्याय के तहत उन्हें स्वास्थ्य का अधिकार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसके तहत कांग्रेस श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य अधिकार का कानून बनाने की गारंटी देती है। इसके साथ असंगठित क्षेत्र तथा विकलांगता के शिकार लोगों के लिए जरूरी जांच, मुफ्त इलाज, दवाओं का इंतजाम, सर्जरी सहित पुनर्वास और दर्द निवारक देखभाल सहित सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल की व्यवस्था की जाएगी। श्रम सम्मान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन करेगी जो मनरेगा श्रमिकों के लिए भी लागू होगी। शहरी रोजगार गारंटी के तहत कांग्रेस शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी कानून लाएगी। इसके तहत सार्वजनिक ढांचागत बनाने, शहरों को जलवायु के अनुसार ढालने और सामाजिक सेवा तंत्र को और मजबूत बनाया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा सामाजिक सुरक्षा के तहत असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा का प्रावधान होगा। सुरक्षित रोजगार के तहत मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक विरोधी कोड की कांग्रेस व्यापक समीक्षा करेगी। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए उचित संशोधन की भी हम गारंटी देते हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' का प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

'आप' ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विधायकों, नेताओं समेत 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री केजरीवाल से डर गए हैं। मोदी सरकार की कोई भी ताकत मुख्यमंत्री के समर्थन में शुरू हुई इस क्रांति को रोक नहीं पाएगी। प्रदर्शन के दौरान 'आप' विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी सोमनाथ भारती और विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला को भी पुलिस ने हिरासत में लिया गया। इसके अलावा ''आप'' विधायक और एससी/एसटी विंग के अध्यक्ष विशेष रवि, यूथ विंग के प्रेसिडेंट पंकज गुप्ता, महिला विंग की प्रेसिडेंट सारिका चौधरी, वरिष्ठ नेता आदिल खान और रीना गुप्ता समेत पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तानशाह सरकार ने श्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली के लोगों के दिलों में आक्रोश है। यहां तक की भाजपा का कार्यकर्ता भी आज दबी जुबान से एक ही बात कह रहा है कि यह गिरफ्तारी गलत हुई है। पार्टियों के अंदर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद और लड़ाईयां होती हैं, लेकिन चुने हुए मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करके तानाशाह सरकार ने संदेश दिया है कि हम किसी लोकतंत्र को नहीं मानते हैं। आम आदमी पार्टी का कार्यालय सील कर दिया गया। जो लोग भी लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण अपना आक्रोश व्यक्त करते जा रहे थे, उन महिलाओं और बुजुर्गों को घसीट-घसीटकर हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने की पूर्व नियोजित कार्यक्रम से पहले दिल्ली पुलिस ने 'आप' कार्यालय को सील कर दिया। हमारे बार-बार मना करने के बावजूद दिल्ली पुलिस ने पार्टी कार्यालय के बाहर बैरिकेड लगा दिया। भाजपा कार्यालय के बाहर तो ऐसे बैरिकेड नहीं लगाए गए। जब हमने दिल्ली पुलिस से कभी बैरिकेड की मांग नहीं की है तब भी बैरिकेड लगाकर पार्टी कार्यालय की ओर आने-जाने का रास्ता रोका जा रहा है। भाजपा ने पूरी दिल्ली को पुलिस स्टेट में तब्दील कर दिया है। आज दिल्ली के अंदर कोई भी लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन नहीं कर सकता है। हमारे कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया जा रहा है और बार-बार पार्टी कार्यालय को सील किया जा रहा है। आज तक ऐसा नहीं हुआ कि पार्टी कार्यालय को ही सील कर दिया गया हो। अब भाजपा को अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जनता के गुस्से का जवाब देना पड़ेगा। इंडिया समूह के लोकसभा उम्मीदवार श्री भारती ने कहा कि सोमवार को 'आप' ने प्रधानमंत्री आवास के घेराव का आह्वान किया था, जिसके लिए सभी लोग पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर इकट्ठा होकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन श्री मोदी जी के आदेश के अनुसार दिल्ली पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करते हुए लोगों को बसों में भरकर दूर-दूर के थानों में भेज दिया। मुझे भी कई वालेंटियर्स के साथ द्वारका सेक्टर 9 के पुलिस स्टेशन में लाया गया, जिसमें कई महिलाएं वालंटियर्स और 'आप' के समर्थक हैं। दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान ने कहा,ह्न आज हजारों करोड़ का घोटाला करने वाले भाजपा में जाकर समाजसेवी और साफ सुथरी छवि वाले हो जा रहे है और दिन-रात जनता के लिए काम वाले लोगों पर झूठे केस लगाए जा रहे हैं। चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा चोरी के मामले में श्री मोदी को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जिस तरह से एक तरफ चंदा लेकर सरथ चंद्र रेड्डी को गवाह बना दिया गया, आज सप्रीम कोर्ट के जरिए ये मामला पूरे देश के सामने हैं। ऐसे में श्री केजरीवाल के बजाय श्री मोदी से इस्तीफा देने की मांग होनी चाहिए। हिरासत में लिए जाने के बाद 'आप' प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना हमारा कानूनी अधिकार है लेकिन प्रधानमंत्री देश में आपातकाल लगाई हुई है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी से सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी: दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से राष्ट्रीय राजधानी में सार्वजनिक सेवाएं, सामाजिक कल्याण योजनाएं और सब्सिडी प्रभावित नहीं होंगी।
योजना विभाग की सचिव निहारिका राय ने एक प्रेस नोट में कहा, राष्ट्रीय राजधानी की जनता को इस संबंध में किसी भी भय फैलाने वाली और दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार से गुमराह होने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी सार्वजनिक सेवाएँ, सामाजिक कल्याण योजनाएँ और सब्सिडी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। दिल्ली की जनता को इस संबंध में किसी भी भय फैलाने वाली या दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार से गुमराह नहीं होना चाहिए। सुश्री राय ने दिल्लीवासियों से अफवाह फैलाने वालों से दूर रहने की अपील की।

सत्ता में आते ही रोजगार क्रांति लाएंगे: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्र में पार्टी की सरकार बनने पर युवा न्याय के तहत सबके लिए अवसर उपलब्ध कराके देश में रोजगार क्रांति लाई जाएगी। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''नरेंद्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी। यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है। गली-गली, गांव गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है - आखिर हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था।उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है। हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही -30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे। हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपए सालाना की नौकरी देंगे। कानून बना कर पेपर लीक से मुक्ति दिलाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह वक्त दो विचारधाराओं की नीतियों के फर्क को पहचानने का है। कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना। भ्रम का जाल तोड़ कर युवाओं को अपने ही हाथों अपनी तकदीर बदलनी होगी। देश में 'रोज़गार क्रांति' लानी होगी।

पेज एक का शेष

सख्त कानून...

संचालित हो गए तो तीन अन्य निर्माणाधीन हैं। सरकार की हर मंडल में राज्य विश्वविद्यालय खोलने की योजना है। प्रदेश में निवेश की राह आसान बनाई तो यूपी में चार लाख करोड़ से अधिक का निवेश आया। इसी तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से केंद्र सरकार की एक-एक योजनाओं की खुद मॉनीटरिंग किए जाने से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के करोड़ों लाभार्थियों को मिला। मिशन मोड में किए गए इन कार्यों से कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में यूपी पूरे देश में पहले स्थान पर है। इनमें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और डीबीटी परफॉर्मेंस रैंकिंग में यूपी को देश में दूसरा स्थान प्राप्त है।

मुख्यमंत्री आज मथुरा...

बिजनौर, मुरादाबाद और अमरोहा में कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां भी उन्हें प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद में हिस्सा लेना है। 29 मार्च को शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तो 30 मार्च को बागपत (मोदीनगर), बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर, जबकि 31 मार्च को बरेली, रामपुर और पीलीभीत में वह प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इन प्रबुद्ध सम्मेलनों के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। साथ ही डबल इंजन की सरकार में आम लोगों तक पहुंच रही योजनाओं के बारे में भी बात करेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने 2023 में निकाय चुनावों से पहले भी प्रबुद्ध सम्मेलन किए थे, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिला था और पार्टी ने सभी नगर निगमों में क्लीन स्वीप किया था। मुख्यमंत्री एक बार फिर प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से लोकसभा चुनावों में क्लीन स्वीप का मिशन लेकर मैदान में उतरने वाले हैं। मुख्यमंत्री के इन प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है, जहां शुरुआती चरणों में चुनाव होना है। पहले चरण यानी 19 अप्रैल 2024 को सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में चुनाव होना है तो वहीं दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में चुनाव होना है। इसी तरह तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं और बरेली जैसे जनपदों में चुनाव की घोषणा हुई है। इसी कार्यक्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध सम्मेलनों की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से की जा रही है, ताकि उनके संवाद का ज्यादा से ज्यादा असर आम लोगों तक हो सके।

वरुण, संघमित्रा...

गया है। गाजियाबाद सीट पर भी बदलाव करते हुए प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और गाजियाबाद सीट से विधायक अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया गया है। मेरठ से राजेंद्र अग्रवाल का टिकट कट गया है। उनकी जगह रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया गया है। अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम को फिर मैदान में उतारा गया है। बदायूं से स्वामी प्रसाद मौर्य की पुत्री संघमित्रा मौर्य की जगह ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा गया है। जबकि कानपुर सीट पर सत्यदेव पचौरी की जगह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश अवस्थी उम्मीदवार बनाए गए हैं। वहीं हाथरस (सु.) सीट से राजवीर दिलेर की जगह प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है।

भाजपा-रालोद के प्रत्याशी आज...

क्षेत्र से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन चौहान व नगीना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ओमकुमार के नामांकन पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल, कैराना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहकर सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर बुधवार को रामपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के नामांकन के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। वे वहां सभा को भी संबोधित करेंगे।

महाकुंभ 2025....

सुविधाओं के लिए संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत 7 विभागों के प्रोजेक्ट्स संचालित हैं। इसमें टूरिज्म डिपार्टमेंट के कुल 29 प्रोजेक्ट्स के लिए 70 करोड़ से ज्यादा की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और 23 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी भी की जा चुकी है। इसी तरह प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के 10 प्रोजेक्ट्स के लिए स्वीकृत 102 करोड़ रुपए में से 20 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। यूपी ब्रिज के अंतर्गत 12 प्रोजेक्ट्स के लिए 620 करोड़ रुपए जारी हो चुके हैं तो पीडब्ल्यूडी के 18 प्रोजेक्ट्स हेतु 8 करोड़ और प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के 22 प्रोजेक्ट्स के लिए 17 करोड़ रुपए की राशि रिलीज की गई है। इरीगेशन डिपार्टमेंट के 7 प्रोजेक्ट्स के लिए 58 करोड़ और गंगा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के 3 प्रोजेक्ट्स हेतु 496 करोड़ के फंड की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द राशि जारी किए जाने की संभावना है।

भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने भरा नामांकन, रोड शो कर दिखाई ताकत

भाजपा उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी का कांग्रेस उम्मीदवार गुनसोला से है मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। टिहरी गढ़वाल से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह ने मंगलवार को देहरादून में नामांकन दाखिल किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में मंगलवार को रोड शो निकाला। भगवामय रोड शो में भाजपा ने शक्ति का प्रदर्शन किया। इसमें नारीशक्ति की सशक्त झलक दिखी।

रोड शो में उमड़े जनसैलाब से भाजपा जीत के लिए आश्वस्त दिखी। रोड शो में फूलों से सजे वाहन पर सवार मुख्यमंत्री धामी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और टिहरी उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और एक बार फिर कमल खिलाने के लिए जनसमर्थन मांगा। इस लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला से है।भजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार रिकॉर्ड मतों से प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात जुटे हैं। नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा उम्मीदवार ने रोड शो कर अपनी ताकत दिखाई। पूरा रोड शो मोदी-धामी के नारों से गूंज रहा था। जय श्रीराम के जयघोष के साथ जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे... उज्जैन सजाए हैं, मथुरा को सजाना है... जैसे तमाम नारे गूंज रहे थे। सबसे बड़ी बात यह है कि रोड में सबसे आगे महिलाओं की टोली चल रही थी, जो नारीशक्ति की सशक्त झलक पेश कर रही थी। अन्य कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों के बीच भाजपा का झंडा लहराते चल रहे थे। रोड शो दर्शनलाल चौक से निकला, जो घंटाघर, पलटन बाजार, धामावाला चौक, राजा रोड चौक, गांधी रोड, द्रोण होटल से कचहरी पहुंचा। यहां कलेक्ट्रेट में भाजपा उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी शाह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

उत्तराखंड : हर रंग में रंगी युवाओं की टोली, जमकर खेली होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। होली पर्व पर देवभूमि भी अबीर-गुलाल के रंग में रंग गया। सोमवार को गली-मुहल्ले से लेकर चौराहों पर लाउडस्पीकर की धुन में नाच रहे लोग मस्ती में सराबोर रहे। होलियारों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। हर आने-जाने वालों पर रंगों की बौछार की गई। हर तरफ रंगों की मस्ती में लोग धमाल मचाते रहे। पारंपरिक तरीकों से त्योहार जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही नएपन के साथ इसे युवाओं ने मनाया। भोजपुरी गीतों से लेकर नए गानों पर बच्चे व युवा समेत सब झूमते नजर आए। होली पर्व पर जमकर रंगों की बरसात हुई। रंग और गुलाल से सड़कें लाल हो गईं। डीजे की धुन पर गीत- आज न छोड़ेंगे बस हमजोली, खेलेंगे हम होली.. के गानों पर युवकों की टोलियां थिरक रही थी और लोगों ने मदमस्त होकर पर्व का लुत्फ उठाया। प्रातः जब सूर्य निकला तो लोगों ने घर के बाहर होली का हुड़दंग ही देखा। ज्यों-ज्यों सूरज चढ़ने लगा युवकों का जत्था विभिन्न गलियों और सड़कों पर निकल पड़ा। छोटे-छोटे बच्चे भी

रंगो की खुमारी में डूब गए और बाल्टी में रंग भरकर हर आने-जाने वालों को अपने प्यार भरे रंगों से भिगाते रहे। हर ओर रंग और गुलाल की फुहार के साथ होली मनी। जगह-जगह लाउडस्पीकर की धुन पर मदमस्त युवकों की टोली थिरकती नजर आ रही थी। यह क्रम दोपहर बाद तक चलता रहा। जगह-जगह लोगों ने भांग मिली ठंडई भी पिलाई। सभी ने एक-दूसरे के घर जाकर अबीर और गुलाल लगाया तथा होली की शुभकामना दी। इस दौरान लोगों ने गुझिया, चिप्स, पापड़, नमकीन, मिठाई, दही बड़ा का जमकर आनंद लिया। मिलने-मिलाने का यह सिलसिला अनवरत जारी रहा। सुबह से ही रंगों का खुमार लोगों पर चढ़ा रहा। पानी के मूल्य को समझते हुए सूखे रंगों के साथ होली खेली गई। युवाओं ने रंग-गुलाल से गली-मोहल्लों का माहौल रंगीन बना दिया। सभी ने रंगों के पर्व का उत्साह के साथ अभिवादन किया। अनेक जगह युवाओं की टोली ने अपने साथियों को रंग-बिरंगा किया। अधिकांश युवाओं व बच्चों ने सूखे रंग से ही होली खेली। दिन भर लाउडस्पीकर की धुन पर युवा नृत्य करते रहे।

संक्षिप्त समाचार

राजभवन में मनाई गई होली, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य लोगों ने राज्यपाल से मिलकर दी बधाई

देहरादून। राजभवन में सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री, मंत्री, अधिकारी,जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने राज्यपाल से मिलकर होली की बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राजभवन पहुंच कर राज्यपाल को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राज्यपाल मुख्यमंत्री से गले मिलकर बधाई दी। राज्यपाल राजभवन आए सभी गणमान्य लोगों को टीका लगाकर होली की बधाई दी। मुख्यमंत्री के अलावा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और अधिकारियों ने भागीदारी कर राज्यपाल को होली की बधाई दी। राज्यपाल ने सभी लोगों से मिलकर होली मनाने की अपील की। उन्होंने देश और प्रदेशवासियों के साथ-साथ सरहदों पर तैनात सैनिकों को भी होली की बधाई दी और कहा की यह त्योहार सभी के जीवन में आनंद, उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे।

किन्नर समाज ने श्मशान घाट पर खेली मसाने की होली

हरिद्वार। हरिद्वार में होली पर्व पर किन्नरों का अलग ही रूप देखने को मिला। यहां किन्नर अखाड़े ने खड़खड़ी श्मशान घाट पर मसाने की होली खेली। किन्नरों ने श्मशान में चिताओं की राख और रंग से होली खेल कर रंग पर्व मनाया। किन्नरों को इस तरह से श्मशान में चिताओं के सामने चिता की राख के साथ ठोल नगाड़े के साथ होली खेलते हुए देखकर लोग अचंभित रह गए। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भवानी के नेतृत्व में किन्नरों ने खड़खड़ी श्मशान घाट पहुंच कर पूजा अर्चना की। श्मशान में जल रही चिताओं की राख एक-दूसरे को लगाकर होली मनाई। महामंडलेश्वर मोनिका किन्नर ने बताया कि काशी और प्रयागराज के घाट पर मसाने की होली का आयोजन किया जाता है, जहां पारम्परिक तरीके से मसाने की होली खेली जाती है। मसान की होली के पीछे भगवान शिव विवाह की कथा भी बताई जाती है। उन्होंने बताया कि किन्नर समाज के लोगों ने इस बार हरिद्वार में भी खूब धूम धाम से मसाने की होली मनाई। हम लोग हिन्दू हैं और सनातन धर्म के अनुयाई हैं, इसलिए अपने सभी पर्व बहुत अच्छे से मनाते हैं। काशी और प्रयागराज सहित कई शहरों में मसाने की होली मनायी जाती है, इस वर्ष से इसकी शुरूआत हरिद्वार में भी हो गयी है। हमने बड़ी धूम धाम से सारे किन्नर समाज के साथ यह होली मनाई है। उन्होंने किन्नर समुदाय की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

मानहानि का नोटिस देंगे अतोल सिंह

उत्तरकाशी। नगर पालिका बड़कोट के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता अतोल सिंह रावत ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लगाये गये आरोपों पर मानहानि का नोटिस देने की बात कही है। इससे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्होंने कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा पर तंज कसते हुए कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस की कभी इतनी दुर्दशा नहीं हुई, जितनी मौजूदा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई है। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बतौर कप्तान माहरा के गलत नीतियों के कारण गढ़वाल मंडल के दिग्गज नेता कांग्रेस पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसलिए माहरा को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से हटा देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन महरा ने बीते दिनों बयान देते हुए कहा था कि पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अतोल रावत ने भ्रष्टाचार के कारण भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। जबकि रावत ने इस बयान को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि माहरा ने उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। वे माहरा पर मानहानि का केस दर्ज कराएंगे।

हरिद्वार को अपना राजनैतिक ठिकाना बनाने वाले हरीश रावत परिवारवाद को दे रहे बढ़ावा : संजय गुप्ता

हरिद्वार। अल्मोड़ा से अपनी राजनीति की शुरूआत कर प्रदेश अध्यक्ष से सांसद और मुख्यमंत्री बनने तक का सफर तय करने के बाद अब हरीश रावत ने परिवार समेत अपनी कर्मभूमि हरिद्वार को बनाया है। चार बार सांसद का चुनाव हारने के बाद जनता से तिरस्कृत हुए हरीश रावत ने अब अपने बेटे को हरिद्वार से चुनाव मैदान में उतारकर परिवारवाद को बढ़ावा देने का कार्य किया है, लेकिन जनता समझदार है और इस बार भी माता-पिता की भांति बेटे को भी हार का स्वाद चखाएगी। लक्सर क्षेत्र से पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गुप्ता ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार की हरिद्वार सीट से बम्पर वोटों से जीत होगी और केन्द्र में 400 पार से भाजपा सरकार बनाएगी। पूर्व विधायक गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में कहाकि अखण्ड यूपी के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रहे हरीश रावत भले की चार बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा सांसद रहे हो, किन्तु लम्बे समय से अल्मोड़ा की जनता ने इन्हें तिरस्कृत कर दिया। जिस कारण से वर्ष 2009 में हरीश रावत ने हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ा। उसके बाद मुख्यमंत्री रहते हुए हरिद्वार से इन्होंने अपनी पत्नी रेणुका रावत को हरिद्वार से चुनाव लड़वाया, किन्तु भाजपा के डा. निशंक से उन्हें हार का स्वाद चखना पड़ा। वर्ष 2017 में पुनः हरीश रावत हरिद्वार से चुनाव मैदान में उतरे और विधानसभा की हरिद्वार ग्रामीण व अल्मोडा दो सीटों से चुनाव लड़ा, किन्तु सीएम रहते हुए दोनों की स्थानों से इन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इतना होने के बाद भी इन्होंने वर्ष 2022 में विस चुनावों में हरिद्वार ग्रामीण सीट से अपनी बेटी अनुपमा रावत को चुनाव मैदान में उतारा और उन्होंने विजय हासिल की। परिवारवादी पार्टी से जुड़े हरीश रावत इतना होने के बाद भी परिवारवाद को बढ़ावा देने में लगे रहे। अब चुनाव में स्वंय को टिकट न मिलने पर उन्होंने अपने बेटे वीरेन्द्र रावत को हरिद्वार सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हार का स्वाद चखने के बाद अब हरीश रावत आगामी निगम और पंचायत चुनावों में भी अपने परिवार को चुनाव लड़ाएंगे। इन्हें केवल अपने परिवार से मतलब है, जनता के सुख-दुःख से इन्हें कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री और सांसद रहते हुए भी इन्होंने हरिद्वार के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

भाजपा उम्मीदवार त्रिवेन्द्र ने किया नामांकन, बोले, जनता के आशीर्वाद से प्रचंड होगी भाजपा की जीत

हरिद्वार। हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व रावत ने सपत्नीक हरकी पैड़ी पहुंचकर मां गंगा का पूजन-अर्चन की और जीत का आशीर्वाद लिया। त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए 23 मार्च को ऑनलाइन नामांकन किया था। इसके बाद आज उन्होंने चार सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझ पर विश्वास जताते हुए हरिद्वार की मर्यादा और गरिमा को देखते हुए हरिद्वार के विकास के लिए चुनाव मैदान में उतारा है। मैं उनके इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज उन्होंने चार सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जीत के प्रति आश्वस्त त्रिवेंद्र सिंह ने कहा कि उनका किसी से कोई मुकाबला नहीं है।

लोकसभा चुनाव : उम्मीदवार के खर्च रजिस्टर की तीन बार जांच करेगा चुनाव आयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च के रजिस्टर की जांच तीन बार की जाएगी। टिहरी गढ़वाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के व्यय लेख पंजिका के मिलान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी सोनिका ने तिथि निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि आठ अप्रैल, 12 अप्रैल और 16 अप्रैल को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सुबह 10 से अपरान्ह पांच बजे तक किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन न करना पड़ेगा भारी, होगी कार्रवाई- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उम्मीदवारों को निर्वाचन व्यय लेख पंजिका, बाउचर्स और निर्वाचन बैंक खाता विवरण पत्र स्वप्रमाणित छायाप्रतियां भी नियत तिथि और समय

स्थान पर स्वयं या अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता 171 आईके प्राविधानों के अंतर्गत बिना किसी पूर्वाग्रह के दंडनीय कार्यवाही की जाएगी। इसका संपूर्ण दायित्व स्वयं उम्मीदवार पर होगा। निर्वाचन व्यय से संबंधित नियमों की दी जाएगी जानकारी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित विधिक प्राविधानों और उनका पालन करने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में दो अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से उम्मीदवारों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के साथ बैठक होगी। बैठक में निर्वाचन व्यय से संबंधित नियमों की जानकारी दी जाएगी।

पेड न्यूज पर निगरानी- लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और निर्विघ्न कराने के लिए कचहरी परिसर में सी-विजिल कंट्रोल रूम, डीसीसी 1950, सूचना हेल्पडेस्क, एमसीएमसी (मीडिया मॉनिटरिंग और निगरानी कक्ष) और कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनिटरिंग और निगरानी कक्ष के कार्मिकों को पेड न्यूज पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने पेड न्यूज संज्ञान में आते ही समिति के सम्मुख रखते हुए व्यय नोडल को प्रेषित करने को कहा है।

ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के बीच पहुंचे एसएसपी, मनायी होली

हल्द्वानी। जनपद में हर्षोल्लास के साथ होली मनायी गयी। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने होली पर्व पर घर-परिवार से दूर रह कर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के बीच पहुंचे और उन्हें लंच पैकेट, पकवान के साथ मिठाई से मुंह मीठा कराया। पुलिस मुखिया को अपनी ड्यूटी प्वॉइंट पर अचानक देखकर जवानों के चेहरे पर अलग सी रौनक देखने को मिली। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से बातचीत कर त्योहार के माहौल की जानकारी भी ली। एसएसपी मीणा ने जवानों को रंग लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले लगाकर सभी का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने भीमताल तिराहा, कोल्टेक्स, नरीमन तिराहा, खेड़ा, बनभूलपुरा, मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, मुखानी चौराहा, सेंटर हॉस्पिटल, ऊंचापुल, कठघरिया, लामाचौड़, आम्रपाली इत्यादि ड्यूटी प्वाइंट पर लगे सभी महिला और अन्य पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित भी किया गया। इस दौरान प्रकाश चंद्र, एसपी सिटी हल्द्वानी संगीता सीओ लालकुआं, नितिन लोहनी सीओ हल्द्वानी, प्रमोद पाठक पीआरओ समेत संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष भी साथ रहे।

उत्तराखंड प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन जून में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) जून 2024 में उत्तराखंड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के आयोजन करेगा। बड़े और बेहतर दूसरे संस्करण में विश्व स्तरीय अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने एसस्पार्क कंपनी के साथ हाथ मिलाया है, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और टी10 जैसी प्रमुख क्रिकेट लीगों के आयोजन में सिद्ध विशेषज्ञता वाली कंपनी है। उत्तराखंड प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए सीएयू और एसस्पार्क कंपनी के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह साझेदारी इंडियन प्रीमियर लीग के समान फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल की ओर बदलाव का प्रतीक है, जहां टीमें एक पूल से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हासिल करने के लिए बोली लगाएंगी। यूपीएल जून के पहले सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। लीग में उत्तराखंड राज्य के स्थानीय क्रिकेटरों और अन्य राज्यों के खिलाड़ियों का मिश्रण भी देखने को मिलेगा। खिलाड़ी और टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। जैसे-जैसे लीग शुरू होगी, यह न केवल अपने रोमांचक मैचों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी, बल्कि

उभरती प्रतिभाओं को निखारने और राज्य के भीतर क्रिकेट के समग्र मानक को ऊपर उठाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। खेल भावना और मनोरंजन के रणनीतिक मिश्रण के साथ, उत्तराखंड प्रीमियर लीग एक स्थायी विरासत बनाने के लिए तैयार है जो आने वाले वर्षों में खेल की वृद्धि और विकास में योगदान देगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा ने लीग के संभावित प्रभाव के बारे में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ह्लहम एक उल्लेखनीय क्रिकेट यात्रा के शिखर पर खड़े हैं क्योंकि हम गर्व से प्रतिष्ठित उत्तराखंड प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण की शुरुआत कर रहे हैं। मैं सभी फ्रेंचाइजी मालिकों को इस बिल्कुल नए सीज़न के लिए बोर्ड पर आने के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं बेहद उत्साहित हूं कि सीएयू यूपीएल के साथ आगे बढ़ गया है। यह लीग हमारी युवा प्रतिभाओं को चमकने और अपना कौशल दिखाने का एक उल्लेखनीय अवसर है, जो उत्तराखंड को भारत के लिए क्रिकेट कौशल का केंद्र बनने के लिए प्रेरित करेगा। एसस्पार्क मैनेजिंग सर्विसेज के निदेशक, राजीव खन्ना ने कहा, ह्लयूपीएल सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट से आगे है। यह उत्तराखंड की एथलेटिक शक्ति को उजागर करने, उसके प्रतिभा पूल को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हमारा उद्देश्य राज्य को स्काउट्स के लिए एक प्रमुख पोषक क्षेत्र के रूप में विकसित करना है, जिससे खेल की दुनिया में इसकी अपार संभावनाओं को रेखांकित किया जा सके। हमें उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से हम प्रशंसकों से पहले जैसा जुड़ सकेंगे।

समस्त नगरवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

अधिवक्ता अमित महाजन

(समाजसेवी व भाजपा नेता)

पलियाकलां-खीरी

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

हरप्रीत सिंह ''हैप्पी''

(प्रोपराइटर)

न्यू सतनाम हैंडलिंग लागीवेज प्रा0लि0

धालीवाल फिलिंग स्टेशन, सम्पूर्णनगर रोड़

पलियाकलां-खीरी

कैदियों की रिहाई को लेकर जेल मैनुअल का किया जाएगा पालन : मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव ने कहा कि जेल में बंद कैदियों की रिहाई को लेकर न्यायालय के निर्देश और जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की जायेगी। मंगलवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में न्याय विभाग और गृह विभाग के अधिकारियों की समिति में जेल से कैदियों की समय पूर्व रिहाई पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देश और उत्तराखंड जेल मैनुअल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। सर्वप्रथम, ट्रायल कोर्ट, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से आख्या प्राप्त करके पुनः समिति के समक्ष विचार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से अनुरोध किया जायेगा की सभी न्यायालयों को निर्देशित कर के प्राथमिकता पर आख्या भेजें।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063